रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

अश्विन कृष्ण पक्ष 8, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 25 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 233, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

सेंसेक्स 84,914.04 -14.57

डॉलर 83.616 +0.077

रांची सर्राफा

10 ग्राम ₹75,080 | 01 किलो ₹98,000



पेज-10 'मुझे टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलने...

## लातेहार में फर्जी होमगार्ड बहाली का हुआ खुलासा

**रांची।** झारखंड में होमगार्ड जवानों की फर्जी बहाली मामले में प्रतिदिन नया खुलासा हो रहा है। रांची के बाद यह सिंडिकेट अब लातेहार में भी सक्रिय मिला है। वहीं, फर्जी तरीके से एक अभ्यर्थी मनोज कुमार के होमगार्ड में बहाल होने का मामला सामने आया है। इस बात का खुलासा सीओ की जांच के बाद हुआ। अभ्यर्थी मनोज फर्जी तरीके से स्थानीय प्रमाण पत्र बनाकर बहाल हुआ था। इस बात का खुलासा वहां की मुखिया रमली देवी ने एसडीओ को पत्र लिख कर किया है। इसके बाद मामले की जांच हुई और पुलिस मुख्यालय को भी इस बात की जानकारी दी गई।

विस्तृत खबर पेज 03 पर

## हरिनी बनीं श्रीलंका की नई प्रधानमंत्री

**कोलंबो।** नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) की सांसद हरिनी अमरसूर्या ने मंगलवार को श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। वह चंद्रिका भंडारनायके कुमारतुंगा और सिरीमावो भंडारनायके के बाद प्रधानमंत्री का पद संभालने वाली तीसरी महिला बन गई हैं।

## पीएम अमेरिकी यात्रा समाप्त कर स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय अमेरिकी यात्रा समाप्त कर स्वदेश लौट आए हैं। भारत लौटने पर दिल्ली एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया। अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में क्वाड लीडर्स समिट और फ्यूचर समिट में भाग लिया।

### मुख्यमंत्री इटखोरी में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम में हुए शामिल, कहा

# केंद्र ने एक लाख 36 हजार करोड़ रोक रखा है



मां की आरती

चतरा के इटखोरी प्रखंड स्थित मां भद्रकाली मंदिर में मां की आरती करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।



कार्यक्रम का उद्घाटन

इटखोरी में 'आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का दीप जलाकर उद्घाटन करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

नवीन मेल संवाददाता

- चतरा एवं कोडरमा जिले को 1500 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी

**चतरा।** विधानसभा चुनाव में वोट खरीदने के लिए पूरे देश से बड़े-बड़े मंत्री और मुख्यमंत्री झारखंड में मंडरा रहे हैं। उनका मकसद झारखंड को लूटना है। केंद्र सरकार बकाया पैसा का सूद भी दे दे, तो वे मंईयां सम्मान योजना की राशि एक हजार से बढ़ाकर दो हजार कर देंगे। ये बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इटखोरी में कही। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिले के इटखोरी प्रखंड मुख्यालय के भद्रकाली मंदिर स्थित महोत्सव मैदान में मंगलवार को आयोजित 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने चतरा एवं कोडरमा जिलों को लगभग 1500 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया तथा लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का भी वितरण किया। इस कार्यक्रम में चतरा और कोडरमा से लाभुक पहुंचे थे। इस दौरान सुरक्षा के भी चौबंद व्यवस्था की गई थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड का 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये बकाया रखा हुआ है। अगर केंद्र सरकार इस पैसे का ब्याज भी दे देती है, तो वे मंईयां सम्मान योजना की राशि एक हजार रुपये से बढ़ाकर दो हजार रुपये कर देंगे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार गरीबों और कमजोरों को ताकत देने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने 200 यूनिट बिजली फ्री कर दी है और बकाया बिजली बिल को भी माफ कर दिया है। भाजपा के आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना वोट लेने के लिए नहीं, बल्कि गरीबों की मदद करने के लिए शुरू की गई है। जबकि, भाजपा ने कभी गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि 2019 में जब से उनकी सरकार बनी है, तब से ही वे पूरे राज्य में घूम रहे हैं और देख रहे हैं कि सरकारी योजनाएं और सेवाएं गांवों तक पहुंच रही हैं या नहीं। चतरा जिला ऐसा दूसरा स्थान है, जहां सबसे अधिक शिविर लगे हैं और लाखों लोगों के आवेदन आए हैं।

कार्यक्रम में मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक उमा शंकर अकेला, चतरा जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी, कोडरमा जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, चतरा 20 सूत्री उपाध्यक्ष प्रभुदयाल राम तथा चतरा एवं कोडरमा जिले के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### हमारी योजनाओं की नकल करने की कोशिश कर रहे विपक्षी दल के लोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2021 में शुरू हुआ 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम झारखंड का पहला ऐसा कार्यक्रम है, जिसके तहत राज्य के सभी बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों को पेंशन दी जा रही है। इस योजना के तहत सरकार हर महीने सभी बुजुर्गों को 1000 रुपये की पेंशन दे रही है। अब मंईयां सम्मान योजना भी शुरू हो गई है। इसके तहत सरकार महिलाओं को भी पेंशन दे रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार आने वाले पांच सालों में लोगों को इतना सशक्त बनाएगी कि उन्हें किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा और उन्हें सालाना एक लाख रुपये भी दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल हमारी योजनाओं की नकल करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यह केवल एक चुनावी जुमला है। मंईयां सम्मान योजना से विपक्षी दल खलबली मचा हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खनिज के भंडार होने के बावजूद यहां के लोगों की हालत खराब है और केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाला पैसा 3-4 साल तक नहीं दिया।

### सीएम ने कहा, झारखंड सरकार लोगों को अधिकार देने का काम कर रही है

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर झूठे आरोप लगाने का आरोप लगाया और कहा कि सरकार लोगों को अधिकार देने का काम कर रही है, जबकि विपक्षी उनके काम में बाधा डालने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सोने की चिड़िया पर कब्जा करने के लिए इन व्यापारियों का पूरा ताकत लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपया बकाया केंद्र सरकार से मांगा है, लेकिन वे केवल एक करोड़, दो करोड़ दे रहे हैं। अगर वे हमें उस पैसे का ब्याज भी दे दें, तो हम मंईयां सम्मान योजना की राशि एक हजार से बढ़ाकर दो हजार कर देंगे। हम गरीबों को ताकत देने का काम कर रहे हैं और यही बात विपक्ष को तकलीफ दे रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने लोगों को उनके घरों तक पहुंचाने का काम किया। झारखंड पूरे देश में पहला राज्य था, जिसने अपने प्रवासी मजदूरों को हवाई जहाज से वापस लाने का काम किया।

### राज्य में जल्द ही कई राइस मिल खुलेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब किसान खुशहाल होंगे, तो राज्य मजबूत होगा। इसी बात को ध्यान में रखकर किसानों के कल्याण के लिए सरकार लगाकर कार्य कर रही है। हमारी सरकार किसानों से धान खरीद ही रही है, अब राइस मिल खोलने का भी निर्णय ले चुके हैं। राज्य में जल्द ही कई राइस मिल खुलेंगे। इन राइस मिलों में जो चावल बनेगा, उसे हम गरीबों के बीच मुफ्त वितरित करेंगे।

## नवनियुक्त चीफ जस्टिस रामचंद्र राव रांची आए, आज लेंगे शपथ

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव मंगलवार को एयर इंडिया के विमान से रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्रार एस्टैब्लिशमेंट, प्रोटोकॉल के अधिकारी, लॉ सेक्रेटरी, रांची डीसी, राजपाल के प्रधान सचिव, रांची एसएसपी ने उनका स्वागत किया। वहां से नवनियुक्त चीफ जस्टिस होटल रेडिसन ब्लू पहुंचे, जहां वे रुकेंगे। बुधवार को दिन में 10:30 बजे राज्यपाल उन्हें राजभवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव को स्थानांतरित करते हुए झारखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाया है।

## राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 27 को

**रांची।** राज्य कैबिनेट की बैठक 27 सितंबर को रांची के धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट बिल्डिंग में शाम चार बजे से होगी। मंत्रिपरिषद की बैठक के बारे में मंगलवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से यह जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक 27 सितंबर को अपराह्न चार बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले होने वाली कैबिनेट की बैठक में कई अहम और लोकलुभावन फैसले होने की उम्मीद है।

### निर्वाचन आयोग ने की झारखंड विस चुनाव की तैयारियों की समीक्षा, कहा

## निष्पक्ष मतदान कराने को प्रतिबद्ध हैं : राजीव

बोले मुख्य चुनाव आयुक्त

- बिना किसी पक्षपात के आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जाएगा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा को लेकर केंद्रीय निर्वाचन आयोग की टीम का दो दिवसीय दौरा मंगलवार को संपन्न हो गया है। आयोग ने कहा है कि हम राज्य में निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी रूप से विधानसभा के चुनाव कराने को प्रतिबद्ध हैं। कानून व्यवस्था और चुनाव आयोग के निर्देशों का बिना किसी पक्षपात के सख्ती के साथ पालन कराया जाएगा। राज्य सरकार, प्रशासन और कानून का अनुपालन कराने वाली एजेंसियों को इसके लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ एसएस संधू के साथ रांची में झारखंड में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव तैयारियों की विस्तृत और व्यापक समीक्षा की। झारखंड में राज्य विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी, 2025 को समाप्त होने वाला है और राज्य में 81 एसी (44 सामान्य, 09 एससी, 28 एसटी) के लिए चुनाव निर्धारित हैं।

23-24 सितंबर को आयोग के दो दिवसीय समीक्षा दौरे के दौरान राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों जैसे आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, नेशनल पीपुल्स पार्टी, आजसू पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय जनता दल के प्रतिनिधि आयोग से मिलने आए। सभी राजनीतिक दलों ने लोकसभा चुनाव 2024 के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सराहना व्यक्त की। अधिसंख्य दलों ने सर्वसम्मति से चुनाव प्रक्रिया में अधिक भागीदारी के लिए चुनाव कार्यक्रम तय करने से पहले अक्टूबर और नवंबर के महीने में दिवाली, छठ, दुर्गा पूजा और राज्य स्थापना दिवस जैसे विभिन्न त्योहारों पर विचार करने का अनुरोध किया। बताया गया कि छठ पूजा के दौरान राज्य के कई मतदाता यात्रा करेंगे।

### स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने का किया अनुरोध

राजनीतिक दलों ने त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने तथा समान अवसर के लिए स्थानीय नागरिक एवं पुलिस प्रशासन द्वारा गैर-पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के साथ स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। संवेदनशील और ग्रामीण मतदान केंद्रों पर उचित तैनाती के लिए सीएपीएफ और राज्य पुलिस का उचित मिश्रण, जिसकी निगरानी एक आईजी स्तर के अधिकारी द्वारा की जाएगी।

### क्यू कांप्लेक्स मामले में अवमानना पर सुनवाई

## झारखंड हाई कोर्ट ने मुख्य सचिव को जारी किया नोटिस

बैद्यनाथ मंदिर का मामला

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर के निकट क्यू कांप्लेक्स के फेज-2 का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा दायर किए गए शोकॉज को रद्द कर दिया। राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) फंड से देवघर में क्यू कांप्लेक्स के फेज-2 का निर्माण नहीं कराया जा सकता है, जिस पर हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य के मुख्य सचिव, पर्यटन सचिव और देवघर डीसी को और अवमानना नोटिस जारी करते हुए पूछा है कि कोर्ट के आदेश का अनुपालन 10 माह बाद भी क्यों नहीं किया गया। उनके खिलाफ क्यों नहीं अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाए? हाई कोर्ट की खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर निर्धारित की है।

हाई कोर्ट की खंडपीठ ने दिसंबर 2023 में निशिकांत दुबे की ओर दायर जनहित याचिका को स्वीकृत करते हुए देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर के क्यू कांप्लेक्स का निर्माण जल्द करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि नवयुग कंपनी लिमिटेड द्वारा सीएसआर के तहत देवघर में क्यू कांप्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए 120 करोड़ रुपये देने का जो आग्रह किया था, उसे राज्य सरकार स्वीकार करे। इस राशि से देवघर में क्यू कांप्लेक्स के द्वितीय फेज का निर्माण कार्य शुरू किया जाए। कोर्ट ने सरकार को क्यू कांप्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण कार्य की मॉनीटरिंग करने का भी निर्देश दिया था, लेकिन हाई कोर्ट के आदेश का पालन नहीं होने पर निशिकांत दुबे की ओर से हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गई। नवयुग कंपनी लिमिटेड द्वारा सीएसआर के तहत देवघर में क्यू कांप्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए 120 करोड़ देने के आग्रह राज्य सरकार से किया गया है। सांसद निशिकांत दुबे द्वारा दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि बाबा बैद्यनाथ मंदिर, देवघर के लिए क्यू कांप्लेक्स के दूसरे फेज का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें केंद्र सरकार की ओर से अपने अंशदान के रूप में 25 करोड़ रुपये की राशि दे दी गई है, लेकिन राज्य सरकार की ओर से भी अपने हिस्से का फंड उपलब्ध नहीं कराया गया है। नवयुग कंपनी लिमिटेड ने सीएसआर स्कीम के तहत क्यू कांप्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए अपने स्तर से 120 करोड़ देने को लेकर सरकार को पत्र लिखा है। नवयुग कंपनी के इस पत्र पर राज्य सरकार ने निर्णय नहीं लिया है।




### हाई कोर्ट ने धार्मिक न्यास बोर्ड की पहाड़ी मंदिर कमेटी भंग की

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में पहाड़ी मंदिर विकास समिति की दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई में अदालत ने राज्य सरकार और धार्मिक न्यास बोर्ड की बनाई गई कमेटी को भंग कर दी है। अदालत ने निर्देश दिया है कि पूर्व की तरह रांची डीसी के नेतृत्व वाली कमेटी पहाड़ी मंदिर का कार्यभार देखेगी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि समिति को किसी प्रकार का धारा 29 का नोटिस (समिति भंग करने का कारण) नहीं दिया गया। ना ही जिला न्यायाधीश से मंदिर विकास के लिए कोई योजना दी गई और न ही जिला न्यायाधीश से किसी प्रकार की कोई सहमति ली गई।

इंडिया

## क्षुद्र राजनीति से ऊपर उठकर व्यापकता से ही आएगी समृद्धि



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



वैश्विक गांव में बदल चुकी दुनिया आज सबसे बड़े बाजार के रूप में ही नहीं एक उभरते शक्तिशाली भारत को देख रही है जो अपने बलबूते अपनी पहचान बना रहा है । कृत्रिम मेधा एआइ के आने से भाषा का बंधन भी लगभग समाप्ति पर है और आधुनिक उपकरणों का प्रयोग करने वाले लोग इसका भरपूर उपयोग तो कर ही रहे हैं मोबाइल तक ऐसे बाजार में आ गए हैं जो तत्क्षण भाषा को बदलने में सक्षम हैं । ऐसे में भारत भी तेज अर्थव्यवस्था की दौड़ में अपने आप शामिल हो गया है और विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से दूसरी या पहली अर्थव्यवस्था बनने कि तीव्र चाहत रखता है । औपनिवेशिक काल और स्वतंत्रता के बीच, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भारत की हिस्सेदारी एक-चौथाई से गिरकर लगभग पांच फीसदी रह गई थी जो आज वैश्विक जीडीपी में हमारी हिस्सेदारी (क्रय शक्ति समता के मामले में) लगभग सात-आठ फीसदी है। हमने अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक भारत को दुनिया के विकसित देशों में शामिल कराने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। पर इस बड़े लक्ष्य का पूरा होना राजनीतिक दांवपेंच से ऊपर उठकर निरंतर आर्थिक विकास से ही संभव है। अभी हमारी प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,100 डॉलर है। जबकि आज उच्च आय वाला देश उसे माना जाता है, जहां प्रति व्यक्ति आय 12 हजार डॉलर से अधिक हो। यानी अभी हम उच्च आय वाले देश के छठवें हिस्से के बराबर हैं। चूंकि, वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2047 में उच्च आय वाले देशों की आय सीमा स्वाभाविक ही बहुत अधिक होगी, इसलिए प्रति व्यक्ति आय का हमारा लक्ष्य 15 हजार डॉलर सालाना से अधिक होना चाहिए। भारत को विकसित देश बनाने के लिए आज से 2047 के बीच लगातार आठ फीसदी से अधिक की विकास दर पाना जरूरी है। बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय द्वारा समर्थित निजी निवेश से इस विकास को आगे बढ़ाना होगा। केंद्र सरकार निश्चित रूप से अपना काम कर रही है पर राजनीति से ऊपर उठकर सभी सरकारों को इस मुद्दे पर एकमत होना चाहिए। जीडीपी में 2014 और 2024 के बीच केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय का हिस्सा जीडीपी के 1.5-1.6 फीसदी से दोगुना होकर जीडीपी का 3.0-3.2 फीसदी हो गया है।बुनियादी ढांचे में यह निवेश लॉजिस्टिक की लागत को कम करेंगे और हमारी विनिर्माण प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देंगे। राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन जैसे कार्यक्रमों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में निवेश से इस क्षेत्र में निजी निवेश बढ़ेगा। उच्च विकास दर हासिल करने के लिए विनिर्माण और निर्यात का भी विस्तार होना चाहिए। बुनियादी ढांचे में निवेश और व्यापार सुगमता पर ध्यान देने से व्यापार करने की लागत में कमी आएगी। हालांकि बहुत कुछ हासिल किया जा चुका है, पर अब अगली छलांग पर ध्यान देना चाहिए। राज्य स्तर पर प्रक्रियाओं, मंजूरी, लाइसेंस, फॉर्म्स आदि व्यवस्थाओं को निश्चित रूप से तर्कसंगत और सुव्यवस्थित किया जाना चाहिए। अब यह राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे अपने राज्यों को निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा दें। तेजी से उभर रही नई प्रौद्योगिकी के साथ भारत को तकनीकी रूप से छलांग लगाने के लिए नवाचार-समर्थक नियामक दृष्टिकोण की जरूरत है।

भारतीय नियामकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे पर्याप्त क्षमता से सुसज्जित हों और नई प्रौद्योगिकियों को विकसित होने का मौका देने का लचीलापन भी दिखाएं। हमें निर्यात बाजारों को भी आक्रामक रूप से लक्षित करना चाहिए। बुनियादी ढांचे में निवेश के अलावा केंद्र एवं राज्य सरकारों को भूमि एवं श्रम सुधारों को लागू करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उद्योगों के लिए बिजली की लागत को भी अन्य समकक्ष राष्ट्रों के हिसाब से प्रतिस्पर्धी बनाना चाहिए। सरकार लागत संबंधी कमियों को दूर करने का प्रयास तो कर ही रही है, निजी क्षेत्रों को भी नवाचार, अनुसंधान व विकास और गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए। भारत में अनुसंधान व विकास पर ज्यादातर खर्च सार्वजनिक क्षेत्र से होता है। खासकर उद्योग 4.0 (एआई, मशीन लर्निंग इत्यादि) में निजी अनुसंधान एवं विकास हमारी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए आवश्यक है। डिजिटल कौशल और साक्षरता पर अधिक जोर दिया जाना चाहिए और कौशल विकास उद्योग आधारित होने चाहिए। टिकाऊपन या स्थिरता को हमारे सभी प्रयासों के केंद्र में रखना होगा। आने वाले वर्षों में विकसित राज्यों की तरह झारखंड को भी रणनीति बनानी चाहिए ताकि हमारे प्रतिभावान बच्चे यहां भविष्य ढूंढे और इसे समृद्ध करें । हमारी कंपनियों और सरकारों को इस बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए। इसी तरह वैश्विक पूंजी भी अपने निवेश फैसलों में तेजी से आर्थिक, सामाजिक एवं शासन संबंधी मानदंडों को ध्यान में रख रही है। झारखंड भी चुनाव के मुहाने पर खड़ा है जिसे राज्य के व्यापक हितों के बारे में सोचना चाहिए न कि भावनात्मक चुनावी नारों के बारे में जो हर चुनाव में उछले जाते हैं ।

# 'सभी मतदान केंद्रों पर 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग'

## केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने समीक्षा के बाद लिए कई निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग की टीम का दो दिवसीय दौरा मंगलवार को संपन्न हो गया। आयोग के दो दिवसीय समीक्षा दौरे के दौरान राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बात की। बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ एसएस संधू भी मौजूद थे। समीक्षा के बाद आयोग ने जो फैसले लिए उसके अनुसार, 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग के आयोग के अधिदेश के अतिरिक्त, जहां भी तकनीकी रूप से संभव होगा, सभी मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की जाएगी।

बैठक में मतदान केंद्रों के संबंध में, एक पक्ष ने सभी मतदान केंद्रों पर रैम्प और पर्याप्त रोशनी की उपलब्धता के साथ-साथ बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं को मतदान में प्राथमिकता देने का अनुरोध किया। मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केंद्र आवासीय क्षेत्रों के निकट स्थापित किए जाएंगे। आवासीय क्षेत्रों से दूर स्थापित मतदान केंद्रों के लिए पिक एंड ड्रॉप सुविधा प्रदान की जा सकती है। मतदान केंद्रों पर सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए एक्सेसिबिलिटी ऑब्जर्वर तैनात किए जा सकते हैं।

कुछ पार्टियों ने चिंता जताई कि कुछ मामलों में एक ही परिवार के एक साथ रहने वाले सदस्यों को अलग-अलग मतदान केंद्र आवंटित कर दिए गए तथा कुछ मतदान केंद्रों पर 1500 से अधिक मतदाता हैं। प्राधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार के अनुचित उत्पीड़न से बचने के लिए, कुछ दलों ने मतदान के दिन मतदान केन्द्रों के पास मतदान डेस्क स्थापित करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देशों और क्षेत्र के सीमांकन की आवश्यकता जताई। एक पार्टी ने मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद पिछले चुनावों में कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं के नाम हटाए जाने के बारे में भी चिंता जताई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी और राज्य पुलिस नोडल अधिकारी ने चुनाव की तैयारियों का विस्तृत विवरण दिया, जिसमें एक जुलाई को अर्हता तिथि के रूप में राज्य में मतदाता सूचियों का विशेष सारांश संशोधन शामिल है। अंतिम मतदाता सूची 27 अगस्त को प्रकाशित की गई थी, जिसकी एक प्रति सभी मान्यता प्राप्त दलों को निःशुल्क प्रदान की गई थी। विवरण अनुलग्नक ए में संक्षेपित हैं। आयोग ने चुनाव के सुचारू और शांतिपूर्ण संचालन के लिए सीईओ और एसपीएनओ के साथ कानून व्यवस्था और बलों की आवश्यकता की विस्तार से समीक्षा की।

झारखंड में राज्य विधानसभा चुनावों में पहली बार 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और 40 प्रतिशत बेंचमार्क विकलांगता वाले दिव्यांगों को अपने घर बैठे ही मतदान करने का विकल्प दिया जाएगा। घर से मतदान की सुविधा वैकल्पिक है। यदि कोई मतदाता मतदान करने के लिए मतदान केंद्र पर शारीरिक रूप से जाने को तैयार है, तो मतदान केंद्र पर आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। इस सुविधा का विकल्प चुनने वाले मतदाताओं से अधिसूचना के पांच दिनों के भीतर बीएलओ द्वारा आवेदन पत्र 12डी वितरित और एकत्र किया जाता है और इसे रिटर्निंग अधिकारी के पास जमा किया जाता है।



### डाक मतपत्रों की गिनती की वीडियोग्राफी

राजनीतिक पार्टियों की अन्य मांगों में उम्मीदवारों के साथ मतदाता सूचियों को समय पर साझा करना, विकास कार्यों के लिए कुछ गैर सरकारी संगठनों द्वारा प्राप्त धनराशि को चुनाव संबंधी प्रचार में लगाने पर रोक लगाना तथा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए नामांकन शुल्क में कमी करना शामिल है। आयोग ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उसने राजनीतिक दलों के सुझावों और चिंताओं का संज्ञान लिया है और केंद्रीय निर्वाचन आयोग राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष, सहभागी, समावेशी, शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### समीक्षा के बाद आयोग के फैसले

- सभी मतदान केंद्रों पर रैम्प, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, व्हीलचेयर तथा बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए स्वयंसेवकों सहित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।
- बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं के लिए मतदान में प्राथमिकता सुनिश्चित की जाएगी।
- मतदान केंद्र भूतल पर होंगे और मतदाताओं के निवास से 2 किलोमीटर के भीतर होंगे। दो किलोमीटर की सीमा से परे कुछ मतदान केंद्रों के लिए पिक एंड ड्रॉप सुविधा प्रदान की जाएगी।
- सभी संभागीय आयुक्तों को मतदान केंद्रों पर एएमएफ का आकलन करने और उसका अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।
- किसी भी मतदान केंद्र पर 1500 से अधिक मतदाता नहीं होंगे।
- मतदान केंद्र परिसर की परिधि से 200 मीटर की दूरी पर स्पष्ट सीमांकन सुनिश्चित किया जाएगा, जहां मतदान दल मतदान के दिन अपने डेस्क स्थापित कर सकें।
- डीआरआई, एनसीबी, राज्य और केंद्रीय जीएसटी, आरपीएफ, आरबीआई, राज्य पुलिस, आयकर, प्रवर्तन निदेशालय आदि जैसी लगभग 20 केंद्रीय और राज्य प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान आयोग ने प्रलोभन मुक्त चुनाव पर अपना ध्यान केंद्रित किया। बिना किसी लाग-लपेट के आयोग ने चुनावों में धनबल के इस्तेमाल के प्रति अपनी शून्य सहनशीलता व्यक्त की। हालांकि, सीईसी राजीव कुमार ने अधिकारियों को चुनावों के दौरान चेकिंग के नाम पर जनता को किसी भी तरह के अनुचित उत्पीड़न से बचने के लिए भी आगाह किया।

**मतदान केंद्र :** समीक्षा के दौरान मतदान केंद्रों का अवलोकन करते हुए सीईओ झारखंड ने बताया कि विधानसभा चुनाव में 20,276 स्थानों पर कुल 29,562 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इनमें से 24,520 ग्रामीण क्षेत्रों में तथा 5,042 शहरी क्षेत्रों में होंगे। प्रत्येक मतदान केंद्र पर औसतन 872 मतदाता होंगे। 1271 मतदान केन्द्रों का प्रबंधन पूरी तरह से महिलाओं द्वारा किया जाएगा तथा 139 मतदान केन्द्रों का प्रबंधन युवाओं (युवा कर्मचारियों) द्वारा किया जाएगा, ताकि महिलाओं और युवाओं के बीच मतदान को बढ़ावा दिया जा सके। 48 मतदान केन्द्रों का संचालन दिव्यांग व्यक्तियों द्वारा किया जाएगा।

**मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं :** सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि राज्य भर के मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए रैंप, पेयजल, शौचालय, बिजली, शेड, कुर्सियां आदि जैसी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जिला निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि वे मतदाताओं और राजनीतिक दलों सहित सभी हितधारकों की सुविधा के लिए आईटी अनुप्रयोगों के एक पारिस्थितिकी तंत्र का उपयोग करेंगे।

**सीवीआईजीआईएल :** यह ऐप नागरिकों को किसी भी चुनावी उल्लंघन और कदाचार की रिपोर्ट करने का अधिकार देता है। उपयोग में आसान, सहज ऐप के माध्यम से उठाई गई शिकायतों को संबोधित करने के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात किए गए हैं, जो शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रखता है और 100 मिनट के भीतर प्रतिक्रिया का आश्वासन देता है।

**सुविधा :** यह उम्मीदवारों के लिए मीटिंग हॉल, राजनीतिक रैलियों के लिए मैदान की बुकिंग आदि की अनुमति के लिए अनुरोध करने के लिए एकल विंडो एप है। यह प्रौद्योगिकी एक समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम है, क्योंकि अनुमति बिना किसी विवेकाधिकार के पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दी जाती है।

### प्रवर्तन एजेंसियों को दिए गए निर्देश

- राज्य में अवैध शराब, नकदी व नशीली दवाओं के प्रवाह को रोकने के लिए सभी प्रवर्तन एजेंसियों को समन्वित तरीके से काम करना होगा।
- एजेंसियों को जमीनी स्तर पर वास्तविक संवेदनशीलता के साथ प्रलोभनों के प्रवाह के अपने मार्ग मानचित्रों को समन्वयित व अद्यतन करना होगा।
- एसपीएनओ समन्वित और सहक्रियात्मक कार्रवाई के लिए पुलिस, परिवहन, राज्य जीएसटी, आबकारी और वन की संयुक्त टीमों का गठन सुनिश्चित करेगा।
- पुलिस और आबकारी विभाग शराब और नशीले पदार्थों के माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई पर ध्यान केंद्रित करेंगे तथा व्यापक रोकथाम के लिए संपर्क स्थापित करेंगे।
- अंतरराज्यीय सीमा और नाका व्यवस्था की समीक्षा करें, विशेष रूप से उन पर जो अवैध शराब और नशीली दवाओं के प्रवाह पर स्थित हैं। पश्चिम बंगाल, ओडिशा और बिहार के साथ सीमा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।
- अंतरराज्यीय सीमाओं पर महत्वपूर्ण जांच चौकियों पर 24x7 सीसीटीवी निगरानी, सूचनाओं का गंभीरतापूर्वक अनुगमन किया जाएगा।
- गांजा और अफीम की खेती और उसके विनाश पर कड़ी निगरानी के अलावा सिंथेटिक ड्रग्स की आवाजाही पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। पलामू, चतरा, हजारीबाग, लातेहार, गुमला और खूंटी जिलों में अफीम की अवैध खेती को नष्ट करने पर विशेष नजर रखी जाएगी।
- राष्ट्रीय राजमार्गों, विशेषकर झारखंड को ओडिशा और पश्चिम बंगाल से जोड़ने वाले राजमार्गों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।
- सड़क मार्गों के अलावा रेल और वन मार्गों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी।
- प्रवर्तन एजेंसियां आपसी खुफिया जानकारी साझा करेंगी व समन्वित तरीके से काम करेंगी।
- राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति यह सुनिश्चित करेगी कि नकदी हस्तांतरण केवल निर्दिष्ट समय के दौरान निर्दिष्ट वाहनों में ही हो।
- वॉलेट के माध्यम से अवैध ऑनलाइन नकदी हस्तांतरण पर कड़ी निगरानी।

## मंईयां सम्मान योजना हिट, विपक्षियों की पूरा पिक्चर फ्लॉप : कल्पना सोरेन



**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** राज्य की माता, बहनों को मंईयां सम्मान योजना पसंद आ रही है। लोगों के सहयोग से यह योजना झारखंड में हिट हो गई है। वहीं विपक्षियों का पूरा पिक्चर फ्लॉप साबित हुआ है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कराने के लिये भाजपा के लोग पीआईएल दर्ज करवा रहे हैं। ताकि इस पर रोक लग सके। मगर उनके इस इरादे को हम पूरा नहीं होने देंगे। किसी भी हाल में मंईयां सम्मान योजना बंद नहीं होगी। उक्त बातें मंगलवार को गांडेय विधायक सह मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन ने जिला मुख्यालय गढ़वा के एक्सीलेंस ऑफ स्कूल रामासाहू उवि के स्टेडियम में आयोजित मंईयां सम्मान यात्रा के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये कही। कल्पना ने कहा कि केद्र सरकार झारखंड एवं यहां की जनता के साथ भेदभाव करती रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा गरीबों, दलितों, अल्पसंख्यकों से नफरत करती है। मगर हमारी सरकार जात धर्म को देखकर योजनाएं नहीं लाती। यह हरेक झारखंडवासियों के लिये है। केंद्र ने झारखंड का 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए दबा कर रखा है। यदि यह राशि राज्य को मिल जाय तो विकास की नई दास्तां लिखी जा सकेगी। मनरेगा योजना की राशि भी केंद्र हमें नहीं दे रही है।

## भाजपा सांसद रवि किशन आज और कल परिवर्तन सभा को करेंगे संबोधित



**रांची।** भाजपा सांसद रवि किशन 25 सितंबर को पलामू और लातेहार जिले में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वे सुबह 9:30 बजे लेस्लीगंज में आयोजित रोड शो में भाग लेंगे। सुबह 11:00 बजे पांकी स्थिति सिंचाई विभाग मैदान में आयोजित परिवर्तन महासभा को संबोधित करेंगे। लातेहार जिले के हेरहंज में दोपहर एक बजे रोड शो में हिस्सा लेंगे। दोपहर 1:30 बजे लातेहार के बालूमाथ में आयोजित परिवर्तन महासभा में शामिल होंगे। चंदवा में 4:00 बजे से आयोजित रोड शो में हिस्सा लेंगे। सांसद 26 सितंबर को दोपहर 12 बजे से गुमला जिले के रायडीह के मांझा टोली में आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। रवि किशन दोपहर 2:30 बजे हजारीबाग जिले के बड़कागांव में आयोजित परिवर्तन महासभा को संबोधित करेंगे। वहीं भाजपा सांसद मनोज तिवारी 25 सितंबर को चतरा जिले के प्रतापपुर स्थित हाई स्कूल मैदान में दोपहर तीन बजे से परिवर्तन महासभा को संबोधित करेंगे। तिवारी बोकारो जिले के फुसरो स्थित कारगिल मैदान में शाम पांच बजे से परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे।

## आदिवासी समाज को सबसे ज्यादा हेमंत सरकार ने ठगा : अर्जुन मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/पोटका।** कोल्हान प्रमंडल के पोटका में हुए भाजपा की परिवर्तन यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने जनसभा को संबोधित किया. पोटका विधानसभा की जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी कहते हैं कि राज्य में आदिवासी की सरकार है, वो हमेशा आदिवासी समाज रटते रहते हैं लेकिन सच्चाई तो यह है कि सबसे ज्यादा आदिवासी समाज को ठगने का प्रयास हेमंत जी की सरकार ही कर रही है। मैं उनसे पूछना चाहता हूँ कि क्या चंपई दा आदिवासी नहीं थे? क्या वह आसमान से टपक के आये थे? आखिर, क्यों उनसे मुख्यमंत्री की कुर्सी छीनी गयी? यह पूरे आदिवासी समाज का अपमान है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने हेमंत सोरेन सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार युवाओं के लिए ₹हत्यारी₹ साबित हुई है। 5 लाख युवाओं को रोजगार देने का सपना दिखाकर सरकार ने केवल धोखा दिया। उन्होंने कहा, 600 युवाओं की भर्ती के नाम पर 5 लाख युवाओं को दौड़ाया गया, जिससे 17 युवाओं की मौत हो गई। अर्जुन मुंडा ने यह भी कहा कि हेमंत सरकार ने महिलाओं को 2000 रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने आंदोलनकारियों के लिए भी कुछ नहीं किया, जबकि भाजपा सरकार ने आंदोलनकारियों के लिए पेंशन योजना लागू की थी।

### राज्य में घुसपैठियों को हटाने की ताकत सिर्फ पीएम मोदी में है: चंपाई सोरेन

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में बड़ी संख्या में घुसपैठिए प्रवेश कर चुके हैं, और इन्हें हटाने की ताकत सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता अब परिवर्तन चाहती है, और आने वाले समय में भाजपा की सरकार बनेगी।

### रोजगार का वादा भूल गई झारखंड सरकार : सांसद विद्युत वरण महतो

सांसद विद्युत वरण महतो ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान सरकार ने अपने 5 साल के कार्यकाल में न तो कोई उद्योग स्थापित किया और न ही कोई खनन उद्योग शुरू किया। उन्होंने कहा, 5 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा करने वाली सरकार अब घूसखोरी और भ्रष्टाचार में लिप्त है। अब समय आ गया है कि इस सरकार को बदला जाए।

## भाजपा से टिकट के प्रमुख दावेदार में राजीव ओझा भी शामिल

**रांची।** टुंडी विधानसभा में भाजपा का जनाधारा लंबे समय से कुहासे में घिरा हुआ है। इस धूंध से उभरने के लिए संगठन ने विधानसभा सीट शेयरिंग मामले में अपना स्टैंड कड़ा रखते हुए टुंडी सीट पर किसी तरह का समझौता नहीं करने का मन बनाया है। लंबे समय से यह सीट भाजपा के लिए उर्वरक जलीय भूमि की तरह रही है। जिस पर समय-समय पर कमल खिलता रहा है। यहां से कई बार विधायक की चुनाव लड़ चुके सत्यनारायण दुधानी को यहां की जनता ने खूब प्यार दुलार लुटाया था।

## घुसपैठियों की बढ़ती संख्या से आदिवासियों को हो रहा नुकसान

### भाजपा सरकार उन्हें करेगी बाहर

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को तोरपा और बरही में परिवर्तन यात्रा के दौरान झारखंड की जनता से परिवर्तन की अपील की। उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी मिलकर सरकार चला रही है लेकिन पिछले पांच वर्षों में उन्हें जो काम करना चाहिए था, वह नहीं किया। इसके बजाय ये लोग केवल अपने लिए कमाई करने में लगे रहे। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये की रकम बरामद हुई है और एक मंत्री के सचिव के नौकर के घर से 35 करोड़ रुपये मिले हैं। यह पैसा झारखंड की जनता का लूटा हुआ धन है। पूरे पांच साल इस सरकार ने झारखंड के लोगों को लूटने का काम किया है। उन्होंने याद दिलाया कि एक समय झारखंड के लोग राशन और केरोसिन तेल पाने के लिए संघर्ष करते थे। लोग अंधेरे में जीवन यापन करते थे लेकिन जब भाजपा और नरेन्द्र मोदी की सरकार बनी तब देश के साथ-साथ झारखंड में भी बिजली पहुंचाई गई।



मरांडी ने कहा कि लाखों की संख्या में घुसपैठिए झारखंड में आ चुके हैं। पिछले पांच वर्षों में इनकी संख्या सबसे ज्यादा बढ़ी है, जिससे झारखंड के आदिवासियों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है लेकिन भाजपा की सरकार बनते ही हम घुसपैठियों को ढूंढकर बाहर करेंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने गरीबों को साल में 72 हजार रुपये देने का वादा किया था। बहनों के लिए चुल्हा खर्च में 2000 रुपये देने का झूठा वादा किया और सरकार बनाई। लड़कियों की शादी के लिए सोने के सिक्के देने का वादा किया लेकिन आज न सोना मिला और न ही चांदी का सिक्का।

मरांडी ने कहा कि झारखंड के नौजवानों का पांच साल बर्बाद हुआ है। इसका जवाब कौन देगा? हेमंत सोरेन ने कसम खाई थी कि पांच लाख युवाओं को नौकरी देंगे लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। जॉब के नाम पर पुलिस भर्ती में युवकों को दौड़ाया गया, जिससे उनकी मौत हो गई। युवाओं को जॉब नहीं मिली, बल्कि मौत मिली। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर जल, जंगल, जमीन और रोटी, बेटी और माटी सब सुरक्षित रहेंगे।

## झारखंड में माटी, बेटी व रोटी सुरक्षित नहीं, घुसपैठियों का कब्जा : शिवराज

### माटी, बेटी और रोटी की रक्षा भाजपा सरकार करेगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गोड्डा।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड में गठबंधन की बेईमान सरकार चल रही है। जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी ने पांच सालों में झारखंड को तबाह कर दिया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में न माटी, न बेटी, और न रोटी सुरक्षित हैं। बड़ी संख्या में घुसपैठियों के आने से झारखंड की जमीन पर कब्जा हो रहा है, क्या झारखंडी इसे सहन करेंगे? शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को गोड्डा के गांधी मैदान में परिवर्तन यात्रा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार वोटों के लालच में घुसपैठियों को आधार कार्ड और वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवा रही है, यही है हेमंत सरकार का असली सच। शिवराज ने कहा कि पहले झारखंड में 44 प्रतिशत आदिवासी थे, अब केवल 28 प्रतिशत बचे हैं। बांग्लादेशी घुसपैठिए छल-कपट से यहां की बेटियों से शादी कर सत्ता पर काबिज हो रहे हैं। रुबी पहाड़िन जैसी बेटियों को बर्बरता से मारा जा रहा है। क्या इससे झारखंडियों का खून नहीं खौलता? भाजपा का संकल्प है कि झारखंड की माटी, बेटी और रोटी की सुरक्षा की जाए। यदि इसी तरह चलता रहा तो 15-20 सालों में झारखंडी अपनी जमीन से बेदखल हो जाएंगे।

शिवराज ने सवाल उठाते हुए कहा कि हेमंत सोरेन ने पांच लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया था लेकिन क्या झारखंड के युवाओं को नौकरी मिली? सरकार ने युवाओं को वर्दी के बजाय कफन दिया। परीक्षा के नाम पर इंटरनेट बंद करके पेपर लीक नहीं होने देने का दावा किया जबकि लीक तो सरकार के दलाल कर रहे थे। भाजपा की सरकार बनते ही खाली पदों को भरने का आदेश दिया जाएगा। कैलेंडर बनाएंगे और पहले महीने की 21 तारीख को यहां के युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे।

शिवराज ने वादा किया कि भाजपा की सरकार बनने पर ओडिशा की तर्ज पर झारखंड में भी 3,000 क्विंटल की दर से धान खरीदा जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने हर बहन को लखपति बनाने का संकल्प लिया है और हमारी सरकार बहनों की आमदनी एक लाख रुपये से ज्यादा करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। उन्होंने जेएमएम का मतलब बताते हुए कहा कि 'ज' से जुर्म, 'म' से मर्डर, और 'म' से माफिया। यह सरकार लूट की सरकार है, जहां इनके नेताओं के घर से करोड़ों रुपये बरामद हो रहे हैं। यह पैसा जनता की मेहनत की कमाई का है। यदि इसे बचाना है तो हेमंत सरकार को हटाना होगा।



### चुनाव नजदीक आते ही हेमंत को 'मईया सम्मान योजना' याद आई : शिवराज

शिवराज ने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही हेमंत सोरेन को 'मईया सम्मान योजना' याद आई। उन्होंने 2,000 रुपये चूल्हा खर्च देने का वादा किया था लेकिन 4 साल 10 महीने बाद भी किसी को कुछ नहीं मिला। भाजपा की सरकार बनने पर बहनों के खाते में दोगुना पैसा जाएगा और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा, जैसा कि मध्य प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में 'लाडली योजना' के तहत किया जा रहा है।

## एनआईए नक्सली के आवाज के नमूने की जांच की अनुमति

**रांची।** एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने मंगलवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी(एनआईए)की ओर से दाखिल आवेदन पर सुनवाई के बाद आरोपित नक्सली सब्यसाची गोस्वामी के आवाज के नमूने प्राप्त कर जांच करने की अनुमति दे दी है। अदालत ने पुलिस रिमांड में रहते हुए स्टेट फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री (एसएफएसएल) निदेशक रांची को एनआईए शाखा कार्यालय में आरोपित व्यक्ति के आवाज के नमूना प्राप्त करने के लिए विशेषज्ञ को प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया है। अनुमति मिलने के बाद अब एनआईए सीपीआई माओवादी नक्सली सब्यसाची गोस्वामी उर्फ अजय उर्फ पंकज की आवाज की जांच एसएफएसएल से कराएगी।

## अन्नपूर्णा देवी ने पोषण माह 2024 की प्रगति की समीक्षा की, कहा

# कोई भी बच्चा या महिला कुपोषण से पीड़ित न रहे

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा/रांची।** महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, मंगलवार को कोडरमा पहुंचीं और पोषण माह 2024 की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने झारखंड में महिलाओं और बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार के लिए की जा रही पहलों का मूल्यांकन किया। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने कोडरमा में कुपोषण मुक्त झारखंड कार्यक्रम की अध्यक्षता भी की। कार्यक्रम के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने कुपोषण उन्मूलन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता रेखांकित किया और कहा, कि महिला और बाल विकास मंत्रालय भविष्य की पीढ़ियों के संपूर्ण स्वास्थ्य और पोषण को सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। हमारे कार्यक्रम, जैसे पोषण माह और मिशन सक्षम आंगनबाड़ी, कुपोषण के खिलाफ हमारी लड़ाई में महत्वपूर्ण हैं। झारखंड के लोगों की सक्रिय भागीदारी से मैं उत्साहित हूं, और हम साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी बच्चा या महिला कुपोषण से पीड़ित न रहे।

मंत्री ने पोषण माह 2024 की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर जोर दिया, जो छह मुख्य विषयों पर केंद्रित हैः एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, बेहतर शासन के लिए प्रौद्योगिकी, एक पेड़ मां के नाम एवं पोषण भी, पढ़ाई भी। उन्होंने झारखंड में पोषण माह उत्सव की सराहना की, जिसमें सभी 24 जिलों में 12.53 लाख से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गईं, जो समुदाय की पोषण में सुधार के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं।

अपनी यात्रा के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने आयुष मंत्रालय के साथ मिलकर पांच जिलों में, जिनमें पश्चिम सिंहभूम भी शामिल है, आयुर्वेदिक प्रयासों के माध्यम से एनीमिया को दूर करने के लिए एक पायलट परियोजना की समीक्षा की। इसके साथ ही, उन्होंने रांची में पोषण ट्रैकर पहल के तहत राशन की डिलीवरी को ट्रैक करने के लिए दो-फैक्टर प्रमाणीकरण प्रणाली का उद्घाटन किया, जिससे यह राशन वितरण की व्यवस्था और पारदर्शी एवं दक्ष बनेगी।





### एक पेड़ मां के नाम अभियान में लगे 50 लाख पौधे

इन पहलों के अलावा अन्नपूर्णा देवी ने पोषण माह 2024 के पर्यावरणीय पहलू पर प्रकाश डाला, जिसमें पूरे देश के 13.95 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों में पौधरोपण को बढ़ावा दिया गया, और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 50 लाख से अधिक पौधे लगाए गए हैं। मंत्री ने पोषण माह 2024 को बढ़ावा देने में विभिन्न मंत्रालयों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, ग्रामीण विकास, पंचायती राज और आयुष के सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना की।

## कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ता ही होते हैं सर्वोपरि : केशव महतो कमलेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में संवाद आपके साथ कार्यक्रम जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में नामकुम स्थित सामलौंग के सांई बैंक्वेट हॉल में मंगलवार को किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विशिष्ट अतिथि के रूप में एआईसीसी के रांची लोकसभा पर्यवेक्षक विकास उपाध्याय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू, प्रदेश कांग्रेस के जिला पर्यवेक्षक सुरेंद्र प्रसाद यादव और खिजरी विधायक राजेश कच्छप मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का अपना गौरवशाली इतिहास रहा है और आप सभी उसके रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में पार्टी नई पहल करते हुए प्रत्याशी को कार्यकर्ताओं के प्रति उत्तरदायी एवं विकास कार्यों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उनसे शपथ पत्र लेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी में सर्वोपरि होते हैं इसलिए उनके मान-सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

# दुर्गा पूजा : हटिया स्टेशन दुर्गा पूजा समिति बना रहा भव्य पंडाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची



राजधानी में मां दुर्गा की स्वागत के लिए आकर्षक और भव्य पूजा पंडालों का निर्माण किया जा रहा है। दुर्गा पूजा आने में शेष कुछ दिन ही बचे हैं। पूजा को लेकर पंडाल निर्माण कार्य जोरों पर है। राजधानी के अलग-अलग हिस्से में तरह-तरह के भव्य पंडालों का निर्माण पूजा समितियों द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में राजधानी के हटिया में हटिया दुर्गा पूजा समिति भव्य पंडाल का निर्माण करा रही है। पंडाल में विधि विधान के साथ पूजा होगी। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा।

## प्रतिमा और पंडाल की खासियत

हटिया दुर्गा पूजा समिति के सचिव इन्द्रजीत सिंह ने बताया की हटिया में दुर्गा मां के स्वागत के लिए पिछले 60 वर्षों से आकर्षक थीम पर भव्य पंडाल का निर्माण होते आया है। इस वर्ष भी मां दुर्गा के लिए भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। इस वर्ष पंडाल का थीम जंगल है, जहां पहाड़ों के बीच मां दुर्गा विराजमान दिखेंगी। भक्तों को माता रानी के भव्य रूप के दर्शन करने के लिए गुफा व भूत बंगला को पार करते हुए भीतर की ओर प्रवेश करना होगा। पंडाल का निर्माण कार्य लगभग 20 लाख की लागत से किया जा रहा है। पंडाल की ऊंचाई व चौड़ाई 60 फिट है। पंडाल निर्माण कार्य रांची के सरवन कुमार, गोविंद घोष और बंगाल के 20 कारीगरों द्वारा किया जा रहा है। मां दुर्गा की प्रतिमा भी काफी आकर्षक और मनमोहक बनाई जा रही। प्रतिमा की ऊंचाई 14 फीट की होगी। बंगाल के मूर्तिकार तरुण पाल और उनकी टीम मूर्ति का निर्माण काफी लगन और उत्साह के साथ कर रहे हैं।



नंदन यादव



इन्द्रजीत सिंह

## सुरक्षा व्यवस्था

सुरक्षा वयवस्था के के मद्देनजर समिति के 50 युवा सदस्य तैनात रहते है। महिला सुरक्षा के लिए भी समिति की 10 महिलाएं उपस्थित रहती है। साथ ही प्राइवेट गार्ड्स सुबह से रात तक तैनात किया जाता है। पूजा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष नंदन यादव, सचिव इन्द्रजीत सिंह और समिति के 120 सदस्यों का विशेष योगदान रहता है।

## प्रसिद्ध है महाअष्टमी का भोग

महाअष्टमी के दिन पुष्पांजलि देने के लिए दूर दराज से आए भक्तों की कतार लगी रहती है। महाअष्टमी के दिन ही मां दुर्गा को खिचड़ी, सब्जी व खीर का भोग लगाया जाता है। 10 हजार से अधिक भक्तजन पूजा पंडाल में माता रानी का प्रसाद ग्रहण करते हैं। प्रसाद का विशेष महत्त्व है।

# दुर्गा पूजा पर महासमिति करती है श्रद्धालुओं की सेवा : राधे



नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी में दुर्गा पूजा के भव्य पंडाल बनाये जाते हैं। रांची के शहरी इलाकों में आकर्षक और भव्य पंडालों के निर्माण की जाती है जिस कारण भरी भीड़ उमड़ती है। प्रशासनिक सुरक्षा तो मिलती ही है साथ ही युवा रांची महानगर दुर्गा पूजा महासमिति भी श्रद्धालुओं की देख रेख में अहम भूमिका निभाती है। महासमिति के सदस्य एक लम्बे समय से समाजहित के लिए कार्य करते आ रहे हैं। प्रतिवर्ष महासमिति दुर्गा पूजा के समय राजधानी के सभी शहरी इलाकों में स्टेज लगा कर आए भक्तों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाये रहता है। युवा रांची महानगर दुर्गा पूजा महासमिति संस्थापक सह जनसेवक राधे सिन्हा ने कहा- महासमिति पिछले 8 वर्षों से लगातार समाज के लिए सेवा कार्य करती आ रही है। समिति के सभी सदस्य से निःस्वार्थ भाव और लगन के साथ अपना कार्य करते हैं। इस वर्ष भी दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर तैयारी किया जा रहा है। दुर्गा पूजा महोत्सव में इस वर्ष महासमिति, एक हेल्पलाइन नम्बर जारी कर रही है। जिसके माध्यम से रांची की जनता किसी भी परेशानी में समिति से संपर्क कर सकती है।


होमगार्ड बहाली में शातिरों ने मुखिया के फर्जी हस्ताक्षर और मुहर का किया इस्तेमाल

# होमगार्ड बहाली में फर्जीवाड़े का सिंडिकेट राज्य भर में सक्रिय

▸ लातेहार में फर्जी होमगार्ड मनोज कुमार के नाम का हुआ खुलासा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड में फर्जी तरीके से कुछ लोग होमगार्ड में नौकरी कर रहे हैं। इसमें रोज नए खुलासे हो रहे हैं और नए-नए नाम आ रहे हैं। अभी तक जो भी फर्जीवाड़ा हुआ था वह रांची जिला में था। लेकिन अब धीरे-धीरे इस गिरोह का खुलासा हो रहा उससे पूरे राज्य में इस गिरोह के सक्रिय होने की सूचना है। इस गिरोह का नेटवर्क इतना लंबा है कि पूरे महकमे को चकमा देकर लोगों को होमगार्ड में बहाल करवा दे रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लातेहार जिला में जाली कागजात के आधार पर स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र बनवाकर होमगार्ड में बहाल होने का मामला सामने आया है। आठ जुलाई 2023 को लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी ने अंचल अधिकारी को होमगार्ड मनोज कुमार के स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की जांच के लिए पत्र लिखा था। दरअसल, अनुमंडल पदाधिकारी को मोंगर ग्राम पंचायत की मुखिया रमली देवी ने लिखित शिकायत की थी कि होमगार्ड में कार्यरत जवान मनोज कुमार पिता सुरेंद्र कुमार ने फर्जी खतियान और वंशावली देकर स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र बनवाकर नौकरी कर रहा है। साथ ही उसने हमारी जाली हस्ताक्षर और मोहर का इस्तेमाल किया है। इस मामले में अंचल अधिकारी ने जांच की। वहीं पाया कि लातेहार होमगार्ड में कार्यरत जवान मनोज कुमार ने गलत खतियान और गलत वंशावली के आधार पर स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र बनवाया है। इसकी सूचना होमगार्ड मुख्यालय को दी गयी। मुख्यालय ने तत्कालीन जिला समादेष्टा को इस संबंध में जांच करने के लिए पत्र लिखा। उस समय लातेहार जिला समादेष्टा कैलाश करमाली (वर्तमान रांची यातायात एसपी) थे। एक महीने तक जांच नहीं हुई थी। फिर मुखिया रमली देवी के आवेदन पर कारवाई हुई और फर्जीवाड़े का उजागर हुआ। ऐसा लग रहा है कि फर्जी खतियान, फर्जी वंशावली के साथ-साथ मुखिया, वार्ड कमिश्नर का जाली हस्ताक्षर और मोहर लगाकर स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। अगर झारखंड में इतनी आसानी से स्थानीय प्रमाण पत्र बन रहे हैं तो बांग्लादेशी घुसपैठिए या आतंकवादी भी स्थानीय निवासी का प्रमाण पत्र बना कर नौकरी ले सकते हैं। वहीं होमगार्ड को राज्य के मुख्य जगहों पर ड्यूटी दिया जाता है। ऐसे में यह एक सोचनीय विषय है।



अंचल अधिकारी का कार्यालय, लातेहार।

पत्रांक 525

प्रेषक, अंचल अधिकारी, लातेहार।

सेवा में, अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार।

लातेहार, दिनांक 19.7.23

विषयः— आवेदिका–रमली देवी के द्वारा उल्लेखित गृह रक्षक सं0 690 श्री मनोज कुमार पिता–सुरेन्द्र कुमार का फर्जी कागजात के जाँच प्रतिवेदन के संबंध में।

प्रसंगः— भवदीय पत्रांक–430/गो0, दिनांक–08.07.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक एवं प्रसंगाधीन पत्र के संदर्भ में कहना है कि आवेदिका–रमली देवी के द्वारा उल्लेखित गृह रक्षक सं0 690 श्री मनोज कुमार पिता–सुरेन्द्र कुमार का फर्जी कागजात के जाँच संबंधित राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक से कराया गया। जाँच प्रतिवेदन निम्नवत् है :–

i. मनोज कुमार पिता–सुरेन्द्र कुमार को अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय से पंजीकरण क्रमांक JHRC/2018/1072318 दिनांक–19.09.2018 प्रमाण पत्र सं0– JHRC/2018/1072318 जारी करने की तिथि 01.10.2018 निर्गत है। निर्गत प्रमाण पत्र के साथ संलग्न कागजात का अवलोकन किया गया और पाया कि ग्राम–मोंगर का R.S खतियान खाता सं0–208 रैयत–सुखलाल कुम्हार वगै0 के नाम से है जो इस पत्र के साथ संलग्न है। दोनो कागज (खतियान एवं वंशावली) के आधार पर आवेदक मनोज कुमार का स्थानीय प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है।

ii. रमली देवी मुखिया ग्राम पंचायत–मोंगर प्रखण्ड लातेहार के पत्रांक सं0–16 दिनांक–25.06.2023 के माध्यम से जानकारी दी गई है कि गृह रक्षक सं0–690 मनोज कुमार पिता–सुरेन्द्र कुमार ग्राम–मोंगर पंचायत–मोंगर, प्रखण्ड–लातेहार के द्वारा ग्राम प्रतिनिधि का फर्जी हस्ताक्षर तथा मोहर इस्तेमाल कर स्थानीय प्रमाण पत्र बनवाया गया है।

स्थानीय जाँच के क्रम में पाया कि ग्राम–मोंगर का R.S खाता सं0–208 रैयत–स्व0 सुखलाल कुम्हार, ग्राम–रिचुघुटा में निवास करते है। आवेदक के द्वारा दी गई वंशावली गलत पायी गई है, गलत खतियान संलग्न कर स्थानीय प्रमाण पत्र बनवाया गया है। मूल खतियानी रैयत से आवेदक का कोई संबंध नहीं है।

अतः जाँच प्रतिवेदन सादर सूचनार्थ समर्पित।

अनुलग्नकः–यथोक्त।

विश्वासभाजन

19/7/23

अंचल अधिकारी, लातेहार।





# आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान दें युवा : डॉ अजीत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के 55 वें स्थापना दिवस का शुभारंभ कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने राष्ट्रीय सेवा योजना का झंडोत्तोलन कर किया गया। मौके पर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवा बहुमूल्य योगदान दें और 2047 का भारत विकसित भारत के रूप में दिखाई पड़े। उन्होंने डॉ ब्रजेश कुमार को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमों के कुशल संचालन के लिए बधाई एवं धन्यवाद दिया एवं उन्होंने युवा शक्ति को सबसे मजबूत बताया और कहा कि आज के समय में धनी वही है जिसके पास युवा शक्ति है। उन्होंने कहा कि आरयू के 10200 राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक हैं जो हमेशा सक्रिय रहते हैं एवं उनकी सराहना जितनी की जाए वह कम है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक प्रधानमंत्री के दिए गए मिशन 2047 के लिए विशेष रूप से तैयार हो रहे हैं और विकसित भारत का सपना पूरा करेंगे ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। रांची विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के डॉ ब्रजेश कुमार ने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि और सभागार में मौजूद तमाम प्रोगाम ऑफिसर्स राष्ट्रीय सेवा आयोग योजना के कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। उन्होंने अपने भाषण में विशेष रूप से इस बात का उल्लेख किया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यकर्ता जिनको राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। यह हमारे कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के कार्यकाल में संभव हो पाया है। उन्होंने बिरसा मुंडा और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए उनके बलिदान के बारे में बताया।

# श्रमिक मित्र ने धर्मेंद्र तिवारी को सुनायी अपनी व्यथा

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी से मिलकर झारखंड राज्य के श्रमिक मित्र ने अपनी व्यथा सुनायी। वहीं कहा कि विभाग और सरकार दो वर्षों से हमारी कुछ भी नहीं सुन रही है। जबकि श्रमिक मित्र 8 वर्षों से कार्यरत है।श्रमिक मित्रों की नियुक्ति 2016 में हुई। वह भी साक्षात्कार लेकर एक चयन समिति बनी जिसमें श्रम परिवर्तन पदाधिकारी, सीडीपीओ, अंचल अधिकारी और लोगों ने मिलकर श्रमिक मित्रों का चयन किया। चयन 824 लोगों का हुआ, नियुक्ति पत्र भी मिला इनका कार्य भवन निर्माण से संबंधित श्रमिकों/ मजदूरों को निबंधित कर लाभ दिलाने की जिम्मेदारी दी गई। मजदूर को लाभ के प्रति जागरूक करना इसके एवरेज में प्रत्येक श्रमिक मित्र को एक मजदूर के निबंधन पर 15 रुपये का लाभ इनको मिलता था। 50 से अधिक रजिस्ट्रेशन होने पर 20 रुपये की राशि दी जाती थी। और लाभ का आवेदन यदि देते थे तो 10 रुपये की राशि दी जाती थी। श्रम अधीक्षक के देखरेख में इनका कार्य चलता था। बड़ा दुर्भाग्य है कि इनको यह राशि प्रोत्साहन के रूप में मिल रही थी। जबकि यही विभाग न्यूनतम मजदूरी फिक्स करता है। श्री तिवारी ने कहा अभिलंब सरकार को सोचना चाहिए और इन्हें मानदेय देना चाहिए। जहां सरकार अलग-अलग योजनाओं के तहत रोजगार देना चाहती है पर इनको ना योजनाओं का लाभ मिल रहा है और नहीं रोजगार। इनकी सुधि लेने वाले कोई नहीं। मुख्यमंत्री जी मैया योजना ?12000 प्रति वर्ष थोड़ा श्रमिक मित्रों के बारे में भी सोचिए यह भी इंसान हमारे राज्य के वासी हैं और यह भी झारखंडी है श्रमिक मित्र सभी आदिवासी और मूलवासी इनको ही सरकार छल रही है।

# दफादार-चौकीदार की अनुकंपा आधारित नियुक्तियां शीघ्र हो : कृष्ण दयाल

**रांची।** झारखण्ड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार छह सूत्री मांगों को लेकर राजभवन (जाकिर हुसैन पार्क) के समक्ष अनिश्चितकालीन आमरण अनशन सह धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। इसकी अध्यक्षता राज्य अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने की और इसका संचालन हजारीबाग जिलाध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव और गुमला जिला उपाध्यक्ष नारायन भोगता ने संयुक्त रूप से किया। श्री सिंह ने कहा कि सेवा विमुक्त चौकीदार, एवजी चौकीदार और अनुकंपा के आधार पर रिक्त बीटों पर झारखंड के सभी जिलों में विज्ञापन प्रकाशित कर नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। श्री सिंह ने मुख्यमंत्री से मांग की है की इस नियुक्ति प्रक्रिया को तत्काल रोक लगाएं। दफादार चौकीदार के अनुकंपा आधारित नियुक्तियों पर झारखंड सरकार शीघ्र बहाली ले। मौके पर राज्य अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह,बालेश्वर महतो, परमेश्वर पासवान, गिरिडीह जिला से प्रीतम कुमार पासवान देवेंदर पासवान आदि उपस्थित थे।

# विपरित परिस्थितियों में भी डटी रहती हैं कामकाजी महिलाएं

▸ महिलाओं के शोषण पर कहीं मच रहा शोर तो कहीं है खामोशी

काजल मेहता

## नहीं बताती हैं महिलाएं नकारात्मक बातों को



किसी भी क्षेत्र की महिला अपने कार्यक्षेत्र या विभाग की नकारात्मक बातों को कहने से हिचकिचाती है। लेकिन सच तो यही है कि कोई भी विभाग या क्षेत्र महिला शोषण से अछूता नहीं रहा। महिला ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की अनगिनत परेशानियों के बारे में चर्चा हुई जिस पर सरकार और पुलिस डिपार्टमेंट के आला कमान को ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही राजनीति में महिलाओं को बढ़ावा देने के लिए इस क्षेत्र में हो रही महिलाओं के साथ शोषण पर भी लगाम लगाने की जरूरत है।

**रांची।** महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार और दुष्कर्मों के बीच महिलाओं की सुरक्षा एक अहम सवाल है। इसी बीच चर्चा करेंगे चौराहों पर पब्लिक सेवा देने वाली महिला ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की और महिला राजनेताओं की। आये दिन महिला अपराध की घटनाएं बढ़ रही है। ऐसे में इस कैटेगरी में आने वाली महिलाएं अपने कार्यक्षेत्र में अपने आप को कितना सुरक्षित महसूस करती हैं। इसमें एक बड़ा सवाल यह है कि क्या राजनीति में महिला शोषण नहीं होता है या फिर पुलिस डिपार्टमेंट में महिला शोषण नहीं होता है। इस मुद्दे पर महिला नेताओं ने और ट्रैफिक पुलिस में तैनात महिला पुलिस कर्मियों ने अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। राजनीतिक जगत से महिला नेत्री अनीता यादव ने महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों पर कहा- ऐसा कोई विभाग या क्षेत्र नहीं है जहां महिलाओं के साथ शोषण नहीं होता है। राजनीति में महिला सुरक्षित है या अपने आप को कितना सुरक्षित महसूस करती है ये सवाल बड़ा हो सकता है हालांकि राजनीति में भी अक्सर ऐसे मामले सामने आते है, लेकिन व्यक्ति गत तौर पर। अनीता यादव ने बताया उनके साथ उनके राजनीतिक सफर में इस तरह की अप्रिय घटना नहीं घटी है। पार्टी में महिलाओं को इज्जत और सम्मान दी जाती है। अनीता यादव ने इस बात से भी इंकार नहीं किया की राजनीतिक में या किसी भी क्षेत्र में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। ये जरूर कहा जा सकता है कि कई महिलाएं ऐसे माहौल से बच निकलती है लेकिन सभी क्षेत्रों की भांति राजनीति भी महिला शोषण से अछूता नहीं है। इसी के साथ नेत्री ने कहा की जितने भी बलात्कार मामले सामने आते है इन पर राजनीति ना हो। सभी पार्टी के सदस्य किसी भी महिला की इज्जत राजनीति से ऊपर रखें। साथ ही उन्होंने कहा की अपराधियों की गिरफ्तारियां तो होती हैं मगर अपराधियों में डर नहीं आती है। इसके लिए अपराधियों को शिक्षा की जरुरत है। ऐसे अपराध को सजा से नहीं बल्कि शिक्षा से रोका जा सकता है। डर और शिक्षा दोनों ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। किसी भी अपराध से बचाने के लिए या अपराध को रोकने के लिए। उन्होंने कहा कि जिस हिसाब से महिलाओं को शिक्षा दी जाती है अपने आप में संयम बनाये रखने की उसी प्रकार पुरूषों को भी सेक्स एजुकेशन और समाज की महिलाओं से संबंधित शिक्षा और ज्ञान देने की जरूरत है। वहीं बात करते हैं महिला पुलिस कर्मियों की। चौराहों पर तैनात महिला ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने अपनी अभिव्यक्ति जाहिर की महिला पुलिस कर्मियों की सुरक्षा को लेकर। महिला पुलिस कर्मी ने बताया की वैसे तो कई मामले ऐसे होते हैं जिसमे महिलाएं अपने विभाग में शोषित होती हैं। मगर पुलिस कर्मी ने अपनी सुरक्षा पर स्पष्ट कहा कि वे अपने आप को काफी सुरक्षित महसूस करती हैं। लेकिन इशारों में उन्होंने कहा इसका मतलब यह भी नहीं की यह क्षेत्र महिला शोषण से अछूता है। उन्होंने कहा देर रात ड्यूटी पर रहना महिला पुलिस कर्मियों की बड़ी परेशानियों में शामिल है। गौरतलब है कि लगभग सभी ट्रैफिक बूथों पर महिला पुलिस कर्मी की तैनाती होती ही है मगर उनके लिए उचित व्यवस्था नही होती। इस प्रकार के सवाल पर भले ही महिला पुलिस कर्मी जवाब देने से झिझक रही हैं। मगर यह तो साफ तौर पर देखने वाली चीज है कि महिला पुलिस कर्मियों को चौक चौराहों पर कई परेशानियां आती हैं, जिसमें सबसे अहम परेशानी शौचालय की है। चिकित्सकों की माने तो खुले में या सार्वजनिक शौचालयों के इस्तेमाल से कई तरह की बीमारियों को न्योता मिल जाता है, बावजूद इसके महिलाओं को अपनी तैनाती देनी होती है।

# सीसीएल में भाषण व नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता। रांची

सतर्कता जागरूकता अभियान-2024 के अंतर्गत सोमवार को केंद्रीय विश्वविद्यालय में सीसीएल मुख्यालय एवं गांधीनगर अस्पताल द्वारा राष्ट्र की समृद्धि के लिए ईमानदारी की संस्कृति विषय पर भाषण एवं नारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सतर्कता विभाग, सीसीएल मुख्यालय एवं गांधीनगर अस्पताल के अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने विद्यार्थियों में ईमानदारी की संस्कृति विकसित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। ज्ञात हो की सतर्कता जागरुकता अभियान के तहत पूरे सीसीएल में तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित कर सत्य निष्ठा एवं पारदर्शी कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

सीसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक संपन्न

# राजभाषा हमारे कार्य का एक महत्वपूर्ण भाग है : हर्ष नाथ मिश्र

नवीन मेल संवाददाता। रांची



सीसीएल, दरभंगा हाउस में निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, महाप्रबंधक (का./राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षगण, महाप्रबंधकगण एवं राजभाषा नोडल अधिकारी सहित सीसीएल के क्षेत्रों से आए प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि यह राजभाषा की बैठक ही नहीं है, अपितु हमारे कार्य का ही एक महत्वपूर्ण भाग है। उन्होंने आगे कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी विभागों के राजभाषा कार्यान्वयन में प्रगतिशील दृष्टिकोण होनी चाहिए। उन्होंने राजभाषा विभाग से कहा कि जिन विभागों को हिंदी में काम करने में दिक्कत आ रही है उन्हें सहयोग करें। महाप्रबंधक (का./राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया, साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा किये गये संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने राजभाषा संबंधी गतिविधियों से सबको अवगत कराया। बैठक में मूल रूप से हिंदी में पत्राचार, टिप्पण आलेखन व अन्य कार्यालयीन कार्य इत्यादि पर विस्तार से चर्चा हुई। राजभाषा में विगत तिमाही में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए तकनीकी : सुरक्षा एवं बचाव विभाग, गैर तकनीकी : मानव संसाधन विभाग एवं क्षेत्र : कुजू क्षेत्र को चल शील्ड द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक (राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर ने की एवं धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबन्धक (खनन) एसआर तालंकार ने की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राजभाषा एवं अन्य विभागों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# न्यूज बॉक्स

## स्वतंत्रता सेनानी का डोरंडा सीजीएचएस में हुआ इलाज, चिकित्सकों ने किया स्वागत



**रांची।** गोड्डा निवासी 106 साल के स्वतंत्रता सेनानी एनके मांझी ने केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा योजना सीजीएचएस केंद्र डोरंडा से इलाज कराया। डॉ हर्ष सुंदरम ने उनका अपनी टीम के सदस्यों के साथ स्वागत भी किया।

## आरयू में ई-कंटेंट डेवलपमेंट कार्यशाला के दूसरे दिन शिक्षकों व छात्रों ने सिखा ई-कंटेंट डेवलपमेंट



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मास कम्यूनिकेशन में चल रहे 6 दिवसिय ई-कंटेंट डेवलपमेंट का मंगलवार को दूसरा दिन था। सभी प्रशिक्षणार्थियों नेअपने लैपटॉप पर शैक्षणिक सामग्री को तैयार कर उसके प्रजेटेंशन को सीखा। बीआर अंबेडकर विश्वयविद्यालय, दिल्ली से आये एक्सकपर्ट प्रो. दीपक बिश्ला के निर्देशन में बड़े स्क्रिन पर देख कर इसकी बारीकियों को जाना। इस प्रक्रिया में प्रशिक्षणार्थियों एक प्रभावी प्रेजेंटेशन वीडियो बनाने के सभी चरणों का अभ्यास किया। जिसके अंतर्गत स्टू डियो, ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर्स, बैकग्राउंड रंगों का उपयोग, परिधान, वीडियो की अवधि, एनिमेशन तथा कार्टून के उपयोग को जाना। रांची विश्वविद्यालय में इस प्रकार की कार्यशला का आयोजन पहली बार हुई। जिसका श्रेय मास कम्युनिकेशन विभाग ने विश्वविद्यालय के कुलपति को दिया। इस कार्यशाला में रांची विश्ववविद्यालय के रिसर्च स्कॉ लरों के अलावा कई वरिष्ठा प्राध्याशपक भी इ-कंटेंट डेवलपमेंट का प्रशिक्षण प्राप्तई कर रहे हैं।

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में सफाई कर्मियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन





**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अस्पताल में सफाईकर्मियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कर्मियों के वजन, बीपी शुगर, पल्स आदि की जांच की गई तथा उन्हें विश्वविद्यालय के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ यूएस वर्मा द्वारा आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर में विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों के लगभग 50 कर्मियों की जांच की गई। एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ बीके झा ने बताया कि राजभवन के निर्देश के आलोक में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत बीएयू के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्रावास परिसर, महाविद्यालय परिसर, निकटवर्ती बाजार आदि की सफाई करने के साथ-साथ स्वच्छता सेवा रैली, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, निबंध, वाद विवाद, क्विज एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन चल रहा है।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर





**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने मंगलवार को ओल्ड एज होम, डीएवी नंदराज स्कूल के प्रांगण में आई चेकअप कैंप लगाया गया। यह कैंप शार्प आई हॉस्पिटल के सौजन्य से 12 महीने 12 निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के अन्तर्गत छठवें शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बुजुर्गों का निःशुल्क आइस चेकअप कराया गया। इस शिविर में 30 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। साथ ही उनके बीच फल का भी वितरण किया गया। शिविर के आयोजन में स्वास्थ्य प्रभारी कोमल झुनझुनवाला, संयोजिका आशा सर्राफ ने बहुत अच्छे से तैयारी की थी। कार्यक्रम में आशा संथालिया,आशा सराफ, कोमल पोद्दार, हेमा पोदार, कविता जलान, पायल जैन, पूजा जैन, दीपिका मोतीका, कृष्णा अग्रवाल उपस्थित थे।

## बीआईटी मेसरा में कार्यशाला

**रांची।** बीआईटी मेसरा लालपुर में एकेडमिक फोरम के संयोजक अनुपमा सहाय के नेतृत्व में एक कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसका विषय था सॉफ्ट स्किल फिजिकल मोड़। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रोफेसर पीके डेविड थे। उन्होंने कहा कि शारीरिक और भौतिक रूप से जहां वस्तु और व्यक्ति भौतिक रूप से उपलब्ध होते हैं। इसके कई लाभ है जो इस विषय के महत्व को बतलाता है। व्यक्ति संपर्क में होता है और आपसी संवाद करता है। शारीरिक गतिविधि और स्वास्थ्य लाभ भौतिक अनुभव को एक दूसरे को बताता है।

## एक नजर

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल

**मांडर।** एन - एच 39 मुख्य पथ पर स्थित मांडर बाजारटांड के निकट मंगलवार शाम हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी नारो निवासी सोमा उरांव 63 वर्ष किसी कार्य से सड़क के एक ओर से दूसरी ओर जा रहा था, इसी दौरान एलआईसी बिल्डिंग के ठीक सामने एक अज्ञात स्कूटी सवार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना की जानकारी मिलते ही मांडर पुलिस ने उसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मांडर पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु उसे रिम्स कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार उसका एक हाथ व एक पैर टूट गया है।

### राधिका मैदान दुर्गोत्सव समिति की बैठक संपन्न

**सिल्ली।** सिल्ली राधिका मैदान स्थित सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति का एक बैठक सोमवार के दिन सुखेंदु सेन गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से रमण साहु को दुर्गोत्सव समिति का अध्यक्ष चुना गया। रमण साहु सिल्ली स्थित अरुणुमा पब्लिक स्कूल के संचालक भी हैं। ये क्षेत्र के समाजिक एवं धार्मिक कार्यों के लिए सदा तत्पर रहते हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि समिति के पुर्व अध्यक्ष स्व मनोहर साव के निधन के बाद अध्यक्ष का पद रिक्त था। आज सर्व सम्मति से अध्यक्ष का चयन किया गया। मौके पर सुमन साहु, राजेश साहु, भागवत सोनार, पुर्व मुखिया सुरेश मुंडा, ऋषिकेश सोनार, सुजीत सोनार, जगदीश गोराई, सुधीर साहु, प्रदीप विश्वकर्मा, कांचन सोनार, दीपक सोनार, कार्तिक गोराई, शिशिर दत्त, मनोज विश्वकर्मा, शंकर विश्वकर्मा चंडी विश्वकर्मा आदि सदस्य गण उपस्थित थे।

### 101 आरक्षी व हवलदारों का हुआ तबादला

**रांची।** एसीबी में पदस्थापित 45 पुलिसकर्मी समेत 101 आरक्षी और हवलदार का तबादला हुआ है. डीजीपी के निर्देश पर डीआईजी कार्मिक के द्वारा इससे संबंधित आदेश जारी किया गया है. जारी आदेश के मुताबिक, तबादला किए गए 101 पुलिसकर्मी में से 45 पुलिसकर्मी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो(एसीबी) में पदस्थापित थे. इसके अलावा धनबाद, बोकारो, सिमडेगा, गिरिडीह, हजारीबाग, पलामू, रेल धनबाद, रेल जमशेदपुर, सरायकेला, देवघर, चाईबासा, चतरा, गढ़वा, गुमला, लातेहार और लोहरदगा जिले में पदस्थापित आरक्षी और हवलदार का तबादला किया गया है.

### खूंटी की नई एसडीएम दीपेश कुमारी का हुआ स्वागत

**खूंटी।** खूंटी क्लब एवं महात्मा गांधी स्मारक धर्मशाला प्रबंध समिति के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार की देर शाम खूंटी क्लब सभागार में समारोह आयोजित कर खूंटी की नई एसडीएम दीपेश कुमारी का स्वागत तथा निवर्तमान एसडीएम अनिकेत सचान को उनके स्थानांतरण पर विदाई दी गयी।

करमचंद भगत महाविद्यालय का 55वां स्थापना दिवस मनाया गया

# स्थानीय समुदाय में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण बेहद जरूरी : डॉ नेहा




**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना का 55 वां स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह एवं सामुदायिक सेवा की भावना से मनाया। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत छात्र-छात्राओं ने शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में जागरूकता रैली निकाली और लोगो को जागरूक किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर प्रदीप कुमार अधिकारी के दिशा निर्देश पर रैली का नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ नेहा टोप्पो, एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी नितेश कुमार पासवान एवं पुनम कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। इस कार्यक्रम में भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मीना पूर्ति एवं कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक प्रो अरविंद राणा विलूंग ने भी उल्लेखनीय भूमिका निभाई। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में कॉलेज परिसर से जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली में शामिल छात्र-छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर करमचंद भगत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार अधिकारी ने रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है गंदगी जानलेवा है। उन्होंने कहा कि हमारे आसपास घरों, टोलों मुहल्लों, चौक चौराहों, सड़कों एवं सभी सार्वजनिक स्थलों में साफ सफाई स्वच्छता जरूरी है। राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ नेहा टोप्पो ने कहा कि स्थानीय समुदाय में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण बेहद ही जरूरी है। हमारे स्वभाव में भी स्वच्छता होनी चाहिए, हमारे संस्कार तथा आचरण में भी स्वच्छता भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के द्वारा 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

# 16 टोलों के ग्रामीणों ने सरकारी योजनाओं पर की चर्चा



*सभापति के रूप में तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा के समक्ष कई मुद्दों पर चर्चा हुई*

**नवीन मेल संवाददाता। अड़की**

प्रखंड के चूकलू ग्राम के 16 टोला का बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान किरण सोए ने किया। बैठक में सभापति के रूप में तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा के समक्ष कई मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमें मुख्य रुप से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से संबंधित, वृद्धा पेंशन, सर्वजन पेंशन योजना, जली हुई ट्रांसफार्मर का बदलाव व हाथी से हो रही परेशानियों को देखते हुए डीएफओ, खूंटी से संपर्क कर जल्द समस्या का निवारण करने को कहा गया। मौके पर अड़की विधायक प्रतिनिधी मनोज मण्डल, अड़की बीस सूत्री अध्यक्ष भोला लाल, प्रदीप सिंह मुंडा, पूर्व मुखिया जावरा पहान, उमेश महतो, नमन सोए, हरि सिंह मुंडा, करम सिंह मुंडा, अवराम सोए, जगदीश मुंडा, संतोष बडिंग, नथनियल सोए इत्यादि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## न्यूज | बॉक्स

### पूर्व सांसद ने किया सदर अंचल व प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण



**हजारीबाग।** अटल विचार मंच के संस्थापक भारत सरकार के पूर्व वित्त विदेश मंत्री सह हजारीबाग लोकसभा के पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सदर प्रखंड के अंचल एवं प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया। सदर अंचल के अंचलाधिकारी के अनुपस्थित रहने के कारण अंचल के सर्किल इंस्पेक्टर व प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह ने यशवंत सिन्हा का स्वागत करते हुए प्रखंड के बारे में विस्तार से बताया। सदर अंचल कार्यालय की दुर्दशा देखकर श्री सिन्हा काफी क्षुब्ध हुए। अंचल कार्यालय में आए हुए सैकड़ो की संख्या में उपस्थित जनता ने अपनी फरियाद यशवंत सिन्हा के समक्ष रखते हुए कहा कि हम लोग वर्षों से अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहे लगाते आ रहे हैं, पर हम लोगों की सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। अब आपके आने पर हम लोगों को भरोसा हो गया है कि हम लोगों की सुनवाई सुगमता पूर्वक हो जाए हो जाएगी। श्री सिन्हा ने अंचल के सर्किल इंस्पेक्टर को निर्देश दिया कि इन परेशान ग्रामीणों का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

### सिल्ली क्षेत्र में जितिया पूजा संपन्न माताओं ने रखा निर्जला व्रत



**सिल्ली/मुरी।** पुत्र के दीघार्यु व कल्याण की कामना को लेकर मनाया जाने वाला जितिया व्रत सिल्ली मुरी समेत प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। व्रती माताओं ने निर्जला उपवास रखकर भगवान जीमूत वाहन की विधिवत पूजा-अर्चना एवं जीवित पुत्रिका व्रत कथा का नियमानुसार श्रवण किया। इसके लिए कई घर के आंगन में तो कई जगहों पर सामूहिक पूजा का आयोजन किया गया।पूजा के पश्चात बच्चों के मांथे पर तिलक चंदन लगाकर हाथों में मोली धागा बांधा एवं प्रसाद वितरण किया। व्रती माताओं ने सोमवार को नहाय-खाय के साथ पूजा की विधि विधान प्रारंभ की थी। वहीं बुधवार को निकटतम जलाशयों में कलश एवं जितिया डाली का विसर्जन के पश्चात ही महिलाएं व्रत तोड़कर अन्न, जल ग्रहण कर व्रत पूर्ण करेंगे। पुजा का दो दिन तिथि के कारण कई जगहों पर आज बुधवार को भी पुजा का आयोजन किया जाएगा।

### झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन व मिलन समारोह का होगा आयोजन



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड के बिसरिया पंचायत में झामुमो कार्यकर्ताओं के बीच कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर एक बैठक झामुमो पंचायत अध्यक्ष अरूण यादव की अध्यक्षता में रखी गई। जिसमें आगामी 29 सितंबर को दिन के 12 बजे कुटाम गांव में बिसरिया पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन एवं मिलन समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि झामुमो के रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम एवं विशिष्ट अतिथि सिल्ली प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस सम्मेलन से झामुमो कार्यकर्ताओं ने जोश भरेगा और पार्टी मजबूत होगी। आगामी चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ताओं को एकजुट होने की बात कही गयी है, जिससे चुनाव में सभी कार्यकर्ता अपने कर्तव्यों को समझ सकें। बैठक में झामुमो सिल्ली के सक्रिय कार्यकर्ता फखरुद्दीन राय, इकरामुद्दीन अंसारी, मोहम्मद इम्तियाज अंसारी, फाल्गुनी यादव, तुलसी बेदिया, खेरूद्दीन अंसारी, कयामुद्दीन अंसारी, राजेन महतो आदि लोग उपस्थित थे।

## नीट बेस्ट सहायक प्राध्यापकों ने अपनी मांगों को रखा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नीड बेस्ड सहायक प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ त्रिभुवन शाही ने मईंया योजना का सराहना किया। वहीं कहा कि सरकार हमारी भी सुधि ले। वहीं नीड बेस्ड सहायक प्राध्यापक संघ ने कहा कि राज्य भर के महाविद्यालयों में शिविर लगाकर 18 से 20 वर्षों की बेटियों को मंईयां योजना का लाभ देना बहुत साराहनीय कदम है। नीड बेस सहायक प्राध्यापक इसका स्वागत करता है। लेकिन यह भी मांग करता है कि इन महाविद्यालयों में पढ़ाने वाले नीड बेस सहायक प्राध्यापकों की मांगों को भी ध्यान रखा जाए। मांग बस इतनी है कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की भांति सभी आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों को बेसिक सैलरी के साथ टीए,डीए और एचआरए देकर सैलरी को फिक्स 82442 किया जाए। इसके अलावे उन्होंने सेवा समायोजिक,सेवा 65 वर्ष, काट-छाट से मुक्ति जैसी मांगो रखा।

## महादेव उरांव के मिट्टी में शामिल हुए डॉ. परमेश्वर भगत



**चान्हो।** प्रखंड के लुपुंगा निवासी महादेव उरांव की आकस्मिक निधन की खबर सुनते ही पूर्व डीडीसी सह भावी विधायक प्रत्याशी डॉ. परमेश्वर भगत मृतक के मिट्टी में शामिल होने उनके गांव पहुंचे। डॉ. परमेश्वर भगत ने मृतक के परिजन को ढांढस बंधाया एवं हर सुख दुःख में साथ देने का भरोसा दिलाया।

एसकेएमयू के दीक्षांत समारोह में पीएचडी उपाधि समेत 139 यूजी-पीजी डिग्री धारक पदक से सम्मानित

# शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं : राज्यपाल



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष गंगवार ने शिरकत करते हुए विश्वविद्यालय के 139 यूजी व पीजी छात्रों को डिग्री एवं गोल्ड मेडल समेत पीचडी धारक को उपाधि से किया सम्मानित। कुलाधिपति ने दीक्षांत समारोह में प्रसन्नता जाहिर करते हुए इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी उपाधिधारक छात्र-छात्राओं और शोधार्थियों को बधाई दिया। शिक्षकों और अभिभावकों को भी उनके अमूल्य योगदान के लिए बधाई देते हुए कहा कि आज का यह दिन निश्चित रूप से आपके कठिन परिश्रम, समर्पण और निरंतर प्रयासों का फल है लेकिन यह केवल आपकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि आपके परिवार, समाज और इस विश्वविद्यालय के लिए भी गर्व का क्षण है। गंगवार ने कहा कि विद्यार्थियों, याद रखें, शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि नैतिकता, सहानुभूति और नेतृत्व क्षमता का विकास करना भी है। शिक्षा और ज्ञान से समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में सार्थक कार्य होंगे। विश्वविद्यालय, दुमका हमारे महान स्वतंत्रता सेनानी सिदो और कान्हू के नाम पर स्थापित है। मातृभूमि के लिए उनके संघर्ष और बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा। उनकी वीर गाथाएं न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश को प्रेरित करती हैं।

महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

# परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, पुलिस जांच में जुटी



*सोनू प्रजापति ने बताया कि वह तिसरी चौक में था तभी उसकी पत्नी फोन करके खाना खाने के लिए घर बुलाई*

**तिसरी (गिरिडीह)। तिसरी**

थाना क्षेत्र के कुम्हारडीह टोला में सोमवार की देर रात एक 24 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली.मृतका मुख्यालय स्थित कुम्हारडीह निवासी सोनू प्रजापति की पत्नी सबिता देवी थी. मृतका के पति का कहना है कि उसके खाना नहीं खाने से नाराज होकर पत्नी ने आत्महत्या की. इस बाबत सोनू प्रजापति ने बताया कि वह तिसरी चौक में था तभी उसकी पत्नी फोन करके खाना खाने के लिए घर बुलाई.वह घर गया तो उसकी पत्नी ने खाना खाने के लिए बोला लेकिन सोनू ने खाने से इंकार कर दिया.सोनू का कहना है कि उसकी तबियत ठीक नहीं थी जिसके कारण वह दो दिनों से खाना नहीं खा रहा था. सोनू के मुताबिक इसी बात को लेकर उसकी पत्नी रूम में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर लेती है.जिसके बाद वह चापाकल पर हाथ धोने के लिए चला गया थोड़ी देर बाद दरवाजा नहीं खुला तो उसने आसपास के लोगों को बुलाया और दरवाजा खोल कर देखा तो उसकी पत्नी फंदे से झूल रही थी. इधर महिला के पिता मित्तल प्रजापति ने कहा कि पति खाने के लिए समय पर नहीं देता था जिसके कारण उसने आत्महत्या कर ली. फिलहाल तिसरी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया साथ ही मामले की पड़ताल में जुट गई है. मृतका का एक डेढ़ वर्ष का पुत्र भी है,परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है।


# सेवानिवृत्ति उम्र सीमा को लेकर आयुर्वेद चिकित्सकों को मिली राहत




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट से सेवानिवृत्ति उम्र सीमा को लेकर आयुर्वेद चिकित्सकों को झारखंड हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने मंगलवार को राज्य सरकार के वर्ष 2011 के नोटिफिकेशन की तिथि से ही आयुर्वेदिक चिकित्सकों की भी सेवानिवृत्ति उम्र सीमा 60 से 65 वर्ष मानते हुए उन्हें देय लाभ भुगतान का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार की तर्ज पर वर्ष 2011 में एलोपैथी चिकित्सको की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 से 65 वर्ष कर दी थी लेकिन आयुर्वेदिक चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति उम्र सीमा में कोई बदलाव नहीं किया था, जिसे लेकर याचिकाकाओं ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए कहा था कि एलोपैथिक चिकित्सकों की तरह उनकी भी सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 से बढ़कर 65 वर्ष कर दी जाए। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने इसपर आदेश दिया और कहा कि एलोपैथिक चिकित्सकों के समतुल्य आयुर्वेदिक चिकित्सकों को मानते हुए राज्य सरकार के वर्ष 2011 की ओर तिथि से ही इनकी भी सेवानिवृत्ति 60 से 65 वर्ष करने का निर्देश दिया था।

# श्री श्याम मंदिर में श्री सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 120 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु सु दसरथ अजर बिहारी के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने महाबली बजरंगबली की ज्योति प्रज्ज्वलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग अर्पित कर श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेड़ा सेवा श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवं राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवन ढानढनिया अनिल नारनोली स्नेह पोद्दार सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

# विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता को उत्कृष्ट बनाने में संस्थाएं दें सहयोग : निदेशक



*बेहतर शिक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के साथ-साथ स्वयंसेवी सहयोगी संस्थाओं का भी अहम योगदान है*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में आउट ऑफ स्कूल बच्चों को विद्यालय से जोड़ने, शून्य ड्रॉपआउट सुनिश्चित करने और शत प्रतिशत नामांकन कराने में स्वयंसेवी सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहयोग देंगे। इसके अलावा वे स्कूल स्कोर कार्ड, प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन को भी सुनिश्चित करेंगे। राज्य शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा 24 स्वयंसेवी सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों और जिला प्रभाग प्रभारियों के लिए इस संबंध में विशेष संयुक्त प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गयी। इस कार्यशाला में राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के साथ-साथ स्वयंसेवी सहयोगी संस्थाओं का भी अहम योगदान है। विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता को उत्कृष्ट बनाने और बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने में संस्थाएं सहयोग दें। उन्होंने संस्थाओं द्वारा समर्थित विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन, ट्रांजिशन और शून्य ड्रॉपआउट के लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए प्रत्येक महीने कम से कम 10 विद्यालयों के लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधि जिस भी विद्यालय में जाएं वहां के स्कूल स्कोर कार्ड का अनुश्रवण भी करें। उन्होंने राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी एवं राज्य कार्यक्रम कर्मियों को अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में चयनित स्वयंसेवी सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को 3 दिन का विशेष प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी चयनित आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम 'सेतु गाइड' का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन को लेकर सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं जिला शिक्षा अधीक्षकों को विस्तृत दिशा निर्देश भेज दिया गया है। इसके अंतर्गत सेतु गाइड केंद्रों की स्थापना की जाएगी।

## प्रदेश के अमीनों को आउटसोर्सिंग कंपनी से मुक्त किया जाये : अध्यक्ष

**रांची।** झारखंड राज्य अमीन प्रदेश अमीन संघ ने राजभवन स्थिति जाकिर हुसैन पार्क के पास धरना दिया। अपने सौंपे गए मांग पत्र में संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार ठाकुर ने उल्लेख किया कि प्रदेश के अमीन को आउटसोर्सिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से मुक्त कराते हुए सरकार द्वारा उचित मानदेय देने, समान काम के बदले समान वेतन देने, प्रदेश के सभी अमिन को ननटेक्निकल से टेक्निकल श्रेणी में शामिल करने, स्वास्थ्य बीमा, सुरक्षा बीमा का लाभ देने, झारखंड राज्य अमीन नियुक्ति प्रक्रिया में 50 प्रतिशत का आरक्षण देने सहित सरकारी कर्मचारी की तरह सभी सुविधा उपलब्ध कराने की मांग शामिल है। मांग पत्र में उल्लेख किया गया है कि झारखंड राज्य अमीन संघ की ओर से मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के नाम प्रमंडलीय आयुक्त मेदिनीनगर को आवेदन समर्पित किया गया था। मांग पत्र के आलोक में आयुक्त कार्यालय द्वारा संयुक्त सचिव राजस्व, निबंध एवं भूमि सुधार विभाग झारखंड रांची को भेज कर संबंधित नियमानुकूल समुचित कार्रवाई करने की अनुसंशा भी की गई है।

## मादक पदार्थ खरीद बिक्री पर पुलिस की पैनी नजर, दो गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस की नशीली पदार्थों के खरीद बिक्री पर पैनी नजर है। आए दिन चौक चौराहों पर वाहन चैकिंग की जाती हैं। इसी क्रम में अशोक नगर से पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। बता दें वरीय पुलिस अधीक्षक को सुचना प्राप्त हुई थी, राजधानी के अशोकनगर रोड नंबर 5 में नशीली पदार्थों की खरीद बिक्री हो रही है। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस अधीक्षक नगर के नियंत्रण में व पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा अशोकनगर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दरमियान पुलिस बल को देखकर दो व्यक्ति भागने की कोशिश करने लगे हालांकि पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपी रांची के निवासी हैं। पकड़े गए आरोपियों के पास से 16 पुडिया ब्राउन शुगर बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी बालिग है या नाबालिग इस बात का खुलासा नहीं हुआ है।

## कवियत्री मीना सिन्हा 'उपेंद्र हिंदी रत्न सम्मान' से सम्मानित




**रांची।** जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन, बांका के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में रांची की कवियत्री को'मीनू' मीना सिन्हा को 'वृंदा- उपेंद्र हिंदी रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### ग्रामीणों ने भूअर्जन पदाधिकारी को आवेदन देकर भुगतान की लगाई गुहार

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा एनएच2 से लेकर तेतरौन पथ चौडीकरण व मजबूतीकरण के एवज में कम मुआवजा राशि दिए जाने के कारण आज प्रखंड मुख्यालय में रैयतों ने जमकर हंगामा किया रैयतों ने आरोप लगाया है कि प्रत्येक बार की तरह इस बार भी भूअर्जन विभाग ने गुपचुप तरीके से कैंप लगा कर रैयतों को दीगभ्रमित करने का काम किया जाता है।कृषि दर से मुआवजा का नोटिस किया जा रहा है जबकि हम सभी को कमर्शियल मुआवजा चाहिए। इस बाबत वहां उपस्थित रैयतों ने भूअर्जन विभाग से आए कर्मचारियों को एक आवेदन दिया।जिसमे लिखा है कि एनएच2 से बरकट्ठा तेतरौन पथ चौडीकरण व मजबूतीकरण में हम सभी रैयतों का भूमि अधिग्रहित किया गया है,जिसमें भूमि का दर कृषि दर पर भुगतान करने का नोटिस जारी है,जो कि गलत है। रैयत्तों ने अपनी महंगी जमीन को व्यावसायिक दर पर भुगतान की मांग पत्र जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी के नाम सौंप कर विरोध किया।

### श्रद्धालुओं का गुजरात के अक्षरधाम स्वामी नारायण मंदिर का होगा दर्शन

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के अंतर्गत रामगढ़ शहर मेन रोड़ सुभाष चौक स्थित दुर्गा पूजा पंडाल इस बार श्रद्धालुओं को गुजरात के अक्षरधाम स्वामी नारायण मंदिर के दर्शन होंगे। मेन रोड़ का पूजा पंडाल रामगढ़ में काफी लोकप्रिय है। मेन रोड़ पूजा समिति की पूजा पंडाल में भक्ति के साथ अक्षरधाम स्वामी नारायण मंदिर के प्रारूप वाला पूजा पंडाल श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र होगा। भव्य पंडाल का निर्माण युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य पंडाल, आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ-साथ अन्य कई तरह के आनंदमयी कार्यक्रम होगा। यहां माता दुर्गा के कथाओं पर आधारित स्वचालित कार्यक्रम प्रस्तुत की जाएगी, जो दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र होती है। यहां श्रद्धालुओं की अपार भीड़ होती है।

### ग्रामीणों के नुकसान की जल्द भरपाई करे कंपनी : पूर्व विधायक

**गोला।** भारत माला परियोजना के तहत बन रहे एक्सप्रेसवे सड़क से ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर गोला के डभातु स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में रविवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें पूर्व विधायक ममता देवी शामिल हुई। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने शिकायत किया कि भारत माला परियोजना की सड़क निर्माण से खेतों में लगी फसलें बर्बाद हो रही है। फैक्ट्रियों का जहरीला डस्ट खेतों और फसलों के उपर मोटी परत जम जा रही है। जिससे फसल पुरी तरह से बर्बाद हो रहा है। मिट्टी के बहाव से कई कुएं धंस गए हैं। पूर्व विधायक ने समस्या सुनने के बाद जिम्मेदार लोगों से बातचीत कर त्वरित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने उपायुक्त रामगढ़, अंचल अधिकारी गोला और भारत माला परियोजना के जीएम से दुरभाष पर बात करके पीड़ित किसानों को शीघ्र क्षतिपूर्ति मुआवजा देने को कहा।

## योगी के बाद शिवराज की भी सभा हुई रद्द

# भ्रष्टाचार और बेईमानी में लिप्त रही सरकार जनहित को किया नजरंदाज, : बाबूलाल



**बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष उमड़ा जनसैलाव, हेमंत सरकार पर बोला हमला**

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** प्रखंड मैदान में भाजपा की आयोजित परिवर्तन सभा में लोगो का जनसैलाव उमड़ पड़ा. जनसभा में बतौर मुख्यातिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, यात्रा में संयोजक सह प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित कई नेता शामिल हुए. कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर और पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने संयुक्त रूप से किया. मुख्य अतिथि के आगमन के पूर्व स्थानीय नेताओं ने वर्तमान विधायक और राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला. करीब सवा दो बजे पूर्व विधायक की अगुवाई में मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि मंचासीन हुए. जिन्हे अंगवस्त्र, बुके और विशाल माला पहनाकर स्वागत किया गया. जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने अध्यक्षीय भाषण दिया. प्रदेश मीडिया प्रभारी ने वर्तमान सरकार पर हमला बोलते हुए भ्रष्ट और बेईमान की सरकार बताया. उन्होंने कहा की झारखंड की स्थिरता और अस्मिता बचाने के लिए संकल्प लेने की परिवर्तन की जरूरत है. बरही के पूर्व विधायक ने श्री यादव ने स्थानीय विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि बरही विधानसभा अवैध कारोबार का अड्डा बना हुआ है. अवैध शराब, अफीम और गो तस्करी का धंधा इस विस क्षेत्र में खूब फूल फल रहा है. यात्रा संयोजक सह प्रदेश उपाध्यक्ष श्री प्रसाद ने कहा कि सिर्फ बरही ही नही राज्य में लूट, खसोट और बिचौलिए की सरकार चल रही है. वर्तमान सरकार ने पूरे शासनकाल में सिर्फ राज्य को लूटने का काम किया है. स्थानीय सांसद श्री जायसवाल ने वर्तमान सरकार के शासन काल में रामनवमी, सरस्वती पूजा, विश्वकर्मा पूजा, छठ आदि के अवसर पर पाबंदी लगाने और जुलूस के दौरान हमला करने वालो पर संरक्षण देने का आरोप लगाया.

### तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 का हुआ शुभारंभ

**रामगढ़।** जिला तम्बाकू नियंत्रण कोषांग रामगढ़ द्वारा मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ० महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ० तुलिका रानी की संयुक्त अध्यक्षता में अगले 60 दिनों तक चलने वाले तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 की शुरूआत कर सिविल सर्जन रामगढ़ कार्यालय के सभाकक्ष में की गई। कार्यक्रम की शुरूआत कर सम्बोधित करते हुऐ सिविल सर्जन ने कहा कि तम्बाकू से युवाओं को मुक्त कराने के लिए जमीनीस्तर पर जागरूकता कार्यकम आवश्यक हैं। सहिया अपने स्तर से हैण्डबिल के माध्यम से ग्रामीणस्तर पर लोगों को जागरूक करने में सहयोग करें। तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 के दौरान छापेमारी अभियान भी चलाया जाऐंगा। किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में तम्बाकू बेचने वाले दुकानदारो पर कार्रवाई की जाऐंगी। अभियान के तहत जिले के अलग-अलग क्षेत्रों स्थित में 160 शैक्षणिक संस्थानों, विद्यालयों को तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान, विद्यालय घोषित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है।

## न्यूज बॉक्स

### बुचई में हाथियों ने चारदीवारी को तोड़ा, फसलों को किया नुकसान



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बुचई में बीते रात हाथियों ने जमकर उत्पाद मचाया। ग्रामीणों के मुताबिक बीते रात चार हाथियों ने गांव में विकास यादव का चारदीवारी गिरा दिया ।वहीं प्रयाग गोप,बासदेव यादव, रामेश्वर यादव, सुरेन्द्र पासवान का मकई और धान की फसल को रौंद दिया। लोगों के मुताबिक पूरी रात ग्रामीण दहशत में रहे। वनरक्षी राजेन्द्र प्रसाद के मुताबिक सभी हाथी को मनैया जंगल से निकलकर बुचई गांव पहुंचे जहां कुछ लोगों की फसलों को क्षति पहुंचाई है। वहीं रात में ही हाथियों को जीटी रोड पार कराते हुए गोरहर जंगल की ओर खदेड़ा गया है। फिलहाल हाथियों ने अपना डेरा गोरहर जंगल में जमाया हुआ है।

### भाजपा कैंट मंडल प्रभारी ने बूथ अध्यक्षों के साथ की बैठक




**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल के प्रभारी सह महामंत्री ऋषिकेश सिंह ने मंगलवार को शक्ति केंद्र 3 पर बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक किया। बैठक में ऋषिकेश सिंह ने बताया की प्रदेश द्वारा निर्धारित परिवर्तन यात्रा रथ जो पूरे प्रदेश से चलकर रामगढ़ कैंट के हृदय स्थल फुटबॉल ग्राउंड पर एक विशाल जनसभा होना तय हुआ है। उसी की तैयारी को लेकर सभी बूथ अध्यक्ष अपने भाजपाई समर्थकों के साथ पूरे दल बल के साथ फुटबॉल ग्राउंड के मैदान पर हुंकार भरेंगे। उन्होंने कहा की राज्य सरकार लोगों से किए वादों को पूरा करने में विफल रही है इसलिए आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य की हेमंत सोरेन सरकार की पराजय निश्चित है। बैठक में सुनील पासवान, अमित ठाकुर, मनीष मिश्रा, नारायण बनर्जी, देवेंद्र महतो, संतोष शाह, बबलू, राजा गांगुली, सुरेश प्रसाद, मोहन पांडे, मनोज जायसवाल, महेंद्र पांडे आदि उपस्थित थे।

### परमिट रिनुअल करने के नाम पर घूस लेते कर्मचारी को एसीबी ने किया गिरफ्तार



**हजारीबाग।** एसीबी हजारीबाग की टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए हजारीबाग डीटीओ ऑफिस में लिपिक विकास कच्छप को छह हजार रूपय घूस लेते पकड़ा। विकास मूल रूप से रांची के हिनू का रहने वाला है। आवेदक राज कुमार उम्र- 45 वर्ष, पिता- स्व. पोखन नारायण कुशवाहा सा तिलैया, थाना दारू, जिला हजारीबाग के द्वारा इस आशय से आवेदन दिया गया कि इनका (आवेदक) विजय बस सं० जेएच-02एभी-8861 जो देवघर राँची मार्ग पर चलता है इसका परिमिट का रिनूअल करने के लिए प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार कार्यालय हजारीबाग में कार्यरत लिपिक विकास कच्छप के द्वारा परमिट रिनूअल करने के एवज में आवदेक से 6,000 रू रिश्वत की राशि की मांग की गयी। ये (आवेदक) रिश्वत देना नहीं चाहते थे। इसलिए आवश्यक कार्रवाई के लिए भ्रनि ब्यूरो, हजारीबाग के कार्यालय में आवेदन दिये। उक्त आवेदन के संबंध में सत्यापनकर्ता द्वारा विधिवत सत्यापन किया गया तथा सत्यापन के क्रम में प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार कार्यालय हजारीबाग में कार्यरत लिपिक विकास कच्छप के द्वारा परमिट रिनूअल करने के एवज में आवदेक से 6,000 रू रिश्वत मांगे जाने की बात की पुष्टि हुई है। आवेदक के आवेदन एवं सत्यापनकर्ता के सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर भ्रनि ब्यूरो, हजारीबाग थाना कांड सं- 11/24, 23.09.2024 पंजीकृत किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग के ट्रैप टीम के द्वारा मंगलवार को प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार कार्यालय हजारीबाग में कार्यरत लिपिक विकास कच्छप, पिता स्व. सुकरा उरांव, खुखमाटोली हाउस नं 64 ए हिनू, पो थाना डोरंडा, जिला रांची को आवेदक से 6,000 रु रिश्वत लेते रंगे हाथ विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के पश्चात विधिसम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## पांच सदस्यीय टीम ने रियाड़ा स्थित विभिन्न फैक्ट्रियों का किया निरीक्षण

# पांच फैक्ट्रियों की हुई जांच, दो दिनों के भीतर सौपेंगे रिपोर्ट : एसडीओ



*फैक्ट्री से होने वाले प्रदूषण से कोनरा वासी परेशान है. पीने की पानी की समस्या हो रही है. मजदूरों को कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं दिया गया है*

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** मंगलवार को कोनरा के रियाड़ा क्षेत्र में संचालित फैक्ट्रियों का जिला व राज्य के पांच सदस्यीय टीम ने स्थल निरीक्षण किया. स्थल निरीक्षण के दौरान एसडीओ जोहन टुड्डू भी मौजूद थे. इस दौरान फैक्ट्री में व्याप्त सुरक्षा, प्रदूषण, चिकित्सीय व्यवस्था, उद्यमिता और अग्निशमन व्यवस्था से संबंधित जायजा लिया गया. स्थल निरीक्षण के बा जांच कमिटी एसडीओ संग उनके कार्यालय में विभिन्न मुद्दे पर गोपनीय मंत्रणा किया. जिसमे एसडीपीओ सुरजीत कुमार भी शामिल रहे. एसडीओ श्री टुड्डू ने बताया कि टीम में प्रदूषण बोर्ड, अग्निसेवा, मेडिकल, श्रम विभाग और उद्यम के अधिकारी शामिल थे. जांच दल में शामिल सदस्यों ने फैक्ट्री में उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर निरीक्षण किया है. इस संबंध में जांच टीम दो दिन के अंदर अपन जांच रिपोर्ट सुपुर्द करेगें.

**पंचायत समिति सदस्यों ने सुरक्षा की लगाई गुहारः** स्थानीय पंचायत समिति सदस्य मो सगीर और मो युसुफ ने एसडीओ से फैक्ट्री की लापरवाही की शिकायत किया. आरोप लगाया की फैक्ट्री से होने वाले प्रदूषण से कोनरा वासी परेशान है. पीने की पानी की समस्या हो रही है. मजदूरों को कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं दिया गया है. जांच कमिटी के समक्ष उनलोगो ने कई बार शिकायत भी किया है. परिणाम कुछ भी नही मिले है सुधार के स्थान पर फैक्ट्री की क्षमता बढ़ाए गए है. दोनो पंसस ने एसडीओ व जांच कमिटी से उचित निरीक्षण कर प्रदूषण व अन्य समस्याओं से निजात दिलाने की मांग किया है.

### सांसद खेल महोत्सव-2024 के तहत बरकाकाना में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ भव्य आगाज



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव- 2024 के तहत संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट की धूम है। लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिला अंतर्गत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र स्थित पतरातु प्रखंड के बरकाकाना सीसीएल ग्राउंड में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज मंगलवार को हुआ। उदघाटन मैच चीकोर बनाम हेसला टीम के बीच खेला गया। जिसमें चीकोर टीम विजेता बनी। इस टूर्नामेंट में कुल 20 टीमों ने भाग लिया है और इसका समापन 29 सितंबर को होने वाला है। यहां नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के उदघाटन के मौके पर विशेष रूप रामगढ़ के युवा भाजपा नेता राजीव जायसवाल, भाजपा जिला महामंत्री विजय जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष दिनेश प्रसाद, जिला मंत्री अनमोल सिंह एवं दिलीप सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष कुश श्रीवास्तव, भीमसेन चौहान, ललन सिंह, संतोष कुमार शर्मा, नमो खेल श्रृंखला से जुड़े बंटी तिवारी, जयप्रकाश सहित अन्य गणमान्य लोगों ने मशाल जलाकर, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्तकर और फुटबॉल में की मारकर उद्घाटन किया।

### जिला अध्यक्ष ने प्रदेश कांग्रेस पर्यवेक्षक को सील बंद लिफाफे में सौंपी प्रत्याशियों के नाम




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** जिला कांग्रेस कार्यालय में हजारीबाग जिला कमेटी की बैठक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने की। बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी विधानसभा क्षेत्र में उम्मीदवारी के लिए रायशुमारी के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस से नियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित सभी प्रखंड प्रभारी ,नगर और प्रखंड अध्यक्ष के साथ बंद लिफाफे में अपने अपने प्रखंडों की सूची सौपी। नरेश वर्मा बैठक में मुख्य रूप से भाग लिए। कार्यक्रम का संचालन जावेद इकबाल,और धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्याय सह प्रवक्ता निसार खान ने की। बैठक में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने सर्वप्रथम नियुक्त पर्यवेक्षक का स्वागत करते हुए, आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सारी वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए सभी बिंदुओं पर बारीकी से बातों को रखा। तत्पश्चात जिला के पर्यवेक्षक नरेश वर्मा ने कहा कि मुझे प्रदेश कांग्रेस ने जिस मकसद से आपके पास भेजा है, उसे पूरी ईमानदारी तथा निष्ठा पूर्वक निष्पक्षता से बात को रखेंगे। आपकी बातों को सुनकर आपकी इच्छाओं तथा भावनाओं को अपने आलाकमान तथा प्रदेश अध्यक्ष तक पहुंचाऊंगा ।

### प्रदूषण के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन 30 सितंबर को : पंकज महतो

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के वरिष्ठ नेता एवं जिला उपाध्यक्ष कुशवाहा पंकज महतो ने मंगलवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा है की बिहार फाऊंडरी एंड कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड मरार, रामगढ़ द्वारा प्लांट का विस्तार किया जा रहा है। जिससे आसपास की बड़ी आबादी प्रभावित हो रही है और पर्यावरण को बड़ा नुकसान हो रहा है। कहा की क्षेत्र की जनता के बार-बार आग्रह करने पर भी बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैलाया जा रहा है। फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा अनसुना किया जा रहा है । फैक्ट्री के आसपास सरकारी जमीन पर लगे पेड़ पौधे को काटकर हटाया जा रहा है, और वहां पर फैक्ट्री के वाहन खड़े किए जा रहे हैं। साथ ही कारखाना में मजदूरों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है । शिकायत करने पर उनका शोषण तथा नौकरी से हटा दिया जाता है। मजदूरों के साथ समान काम करने वाले को समान वेतन नहीं दिया जाता।

### आजादी के 78 साल बाद भी मूल-भूत सुविधाओं से वंचित हैं चुरचू के ताला टोला के ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** चूरचू प्रखण्ड मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर दूर बाली पंचायत के ताला टोला आजादी के 78 साल बाद भी मूल भूत सुविधाओं से वंचित है। न तो सड़क न ही पेयजल और न ही बिजली की सुविधा। विकास के नाम पर जल मीनार लगाया गया है। परंतु चालू नही है। पीने के लिए महिलाएं एक किलोमीटर दूर चुवां से लाती हैं पानी। बीमार व्यक्ति या प्रसव पीड़ा से पीड़ित महिलाओ को भी खटोली पर टांगकर लाया जाता है। चूंकि ताला टोला पहुंचने के लिए 5 किलोमीटर पगडंडियों और कच्ची सड़क से जंगलों से होकर गुजरना पड़ता है। इस गांव की सुध लेने के लिए आज तक न तो प्रसाशन पहुंची है और न ही जन प्रतिनिधि। लोग वहां जाने से कतराते हैं। उस गांव के लोग कैसे जीवन यापन करते हैं इसकी चिंता किसी को नही है। जहाँ आदिवासी समुदाय के करीब 150 परिवार रहते हैं। गांव के दिनेश बेसरा, बिसराम बेसरा, अनील बेसरा, होपन बेसरा, सुरेस बेसरा, बाबुदास बेसरा, सुखदेव बेसरा, अनील टुडू, सुकर टुडू, गहन टुडू, बिरसा टुडू, रूपनी टुडू, पिटु हंसदा और पुसलाल टुडू ने गांव के लोगो की पीड़ा को बताया और कहा कि यदि सरकार एक माह के अंदर टाला टोला में मूल भूत सुविधा उपलब्ध नही करवाती है तो आने वाले विधान सभा चुनाव से हमलोग दूर रहेंगे, चुनाव में भाग नही लेंगे।

### कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने पंचायतों में चलाया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सदर विधानसभा के कांग्रेस नेता सह उप विजेता डॉ आरसी मेहता के नेतृत्व में कार्यकताओं के साथ झुमरा गोपालो अमृत नगर सिल्वर इत्यादि गांवों में चलाया जनसंपर्कअभियान। भ्रमण के दौरान सैकड़ों लोगों से मिले और सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए सैकड़ों लोगों से रूबरू हुए। ग्रामीणों से सवाल जवाब भी किया गया है सभी ने जवाब देते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की बात कहीं। कांग्रेस के नेता डॉ आरसी मेहता ने ग्रामीणों से सवाल जवाब किया। बेटियों और महिलाओ ने कहा- मंइयां सम्मान योजना से 1000 रुपय मिल रही है जिससे घर बार चलाने मे मदद मिल जाती है। कच्चे खपरेला मकान वालो ने कहा की सरकार की योजना अबुवा आवास मिला है जिससे छत का मकान बनाने का सपना पूरा होगा। सखी सहायता समूह से जुडी माताए बहनो ने भी कहा की लोन लेकर सिलाई से, ब्यूटी पार्लर खोलकर, राशन दुकान देकर घर की आर्थिक स्तिथि मजबूत कर रही हु.कई नौजवान ने बताया की नियुक्ति होने पर सरकारी नौकरी कर रहा हु। दर्जनों किसानों ने बताया की सरकार ने किसानों का 2 लाख तक लोन माफ करके बहुत बड़ा काम किये हैं. कई किसान आत्महत्या करने से बचे. ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की 200 यूनिट बिजली निःशुल्क करना काबिले तारीफ बताया, गंभीर बीमारी से जूझ रहे लोगों के लिए सरकार ने 10 लाख रुपए तक मदद करने की योजना को लोगों ने सराहा.

### ईवीएम प्रदर्शन वाहन सेवा के माध्यम से मतदाताओं को किया जायेगा जागरूक

**बरही ।** आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अनुमंडल प्रशासन की ओर से ईवीएम जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया. इस अभियान के तहत मंगलवार को बरही और बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के लिए दो चलंत ईवीएम प्रदर्शन वाहन सेवा प्रारंभ किया गया. यह वाहन दोनो विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव और पंचायत में भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान करने के तरीकों को बताने का काम करेगा. जिससे मतदाताओं का बहुमूल्य मत बरबाद नही हो और मतदाता अपने मतदान करते समय अच्छी तरह से अपने मत को देख लें. इस प्रदर्शन वाहन में ईवीएम मशीन के साथ वीवीपैट भी साथ में लगाए गए है. जिससे मतदाता मतदान की प्रक्रिया को भली भांति समझ सकेंगे. यह अभियान में कार्यपालक दंडाधिकारी दीपा खलखो के निर्देशन में चलाए जाएंगे. जिसमे अशोक ठाकुर जनसेवक बरकट्ठा, कैलाश कुशवाहा जनसेवक चौपारण, सन्नी कुमार लिपिक, संजीत कुमार शर्मा, अनुमंडल कार्यालय, प्रमोद कुमार ठाकुर कम्प्यूटर ऑपरेटर अनुमंडल कार्यालय और प्रियंका सिंह, अनुसेविका अनुमंडल कार्यालय महत्वपूर्ण जिम्मेवारी निभाएंगे.

### भाजपा नेता ने फलदार पौधों का ग्रामीणों के बीच किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के बरकट्ठा प्रखंड ग्राम कोनहारा एवं झुरझुरी में भाजपा नेता सह समाजसेवी अनूप भाई ने जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसमें ग्राम कोनहारा में सिकंदर मंडल के अगुवाई में सभा का आयोजन किया गया। सभा की अगुवाई तुलसी प्रसाद, राजेश प्रसाद, चैतलाल प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, छोटन, प्रसाद लेखराज प्रसाद, मनोज कुमार, अनिल प्रसाद, के द्वारा किया गया, वहीं दोनों जगह सभा को भाजपा नेता अनूप भाई ने संबोधित करते हुए कहा कि आज तक के सही मायने में बरकट्ठा का विकास नहीं हुआ है। बरकट्ठा विधानसभा में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी की है। रोजगार नहीं मिलने के कारण बरकट्ठा के लोग दूसरे राज्यों में जाकर मजदूरी करने को मजबूर हैं। कभी तो ऐसा भी घटना होता है कि बरकट्ठा के मजदूर की मौत दुबई एवं मुंबई में हो जाती है और उनकी लाश सप्ताह से महीना दिन तक उनके गांव नहीं पहुंच पाती और परिवार वाले रोते बिलाकते रहते हैं, वहीं ग्रामीणों के बीच भाजपा नेता ने फलदार एवं औषधि पौधे का वितरण किया और कहा कि शुद्ध ऑक्सीजन के लिए पर्याप्त मात्रा में पेड़ों का होना अति आवश्यक है।

# आदर्श श्रमिक एकता समाजिक संस्था ने मनाया तृतीय स्थापना दिवस समारोह

*हम सभी प्रवासी श्रमिक अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के खातिर पढ़ाई के लिए मजबूत कदम उठाएंगे*



**नवीन मेल संवाददाता। बिष्णुगढ़** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड के प्रवासी श्रमिक भारत देश के विभिन्न महानगरों में जीवकोपार्जन हेतु बसे हुए हैं , उन्ही महानगरों में से एक महाराष्ट्र के नवी मुंबई के बेलापुर में विष्णुगढ़ के श्रमिकों एवं अन्य प्रवासी श्रमिकों के द्वारा आदर्श श्रमिक एकता समाजिक संस्था का गठन किया गया। जिसका तृतीय स्थापना दिवस, मुख्य अतिथि कमलेश महतो, अध्यक्ष राजू प्रसाद एवं संस्थापक हेमंत कुमार महतो की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ।स्थापना दिवस समारोह में उपस्थित श्रमिकों में से एक विष्णुगढ़ (शारुकुदर) के कुमार धर्मेंद्र महतो ने बेटियों के नाम संदेश में कहा ना दहेज देना है और ना ही दहेज लेना है, इसी संकल्प में हमारी बेटिया सुरक्षित रहेगी । श्री महतो ने प्रवासी श्रमिकों के बच्चों की पढ़ाई के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी प्रवासी श्रमिक अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के खातिर पढ़ाई के लिए मजबूत कदम उठाएंगे , जिससे हमारे बच्चे भी यूपीएससी जैसे परीक्षा में उत्तीर्ण हो सके । वहीं संस्था के शंभू शरण महतो ने कहा कि झारखंड राज्य के विभिन्न प्रखंड से आए हुए भाई बहनों ने अपने कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया जो इस स्थापना दिवस समारोह को सफल बनाने का केंद्र बिंदु बना ।स्थापना दिवस समारोह में बिरसा मुंडा रत्न अवार्ड , प्रवासी मिलन समारोह , प्रवासी झारखंडी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा इत्यादि बिंदुओ पर चर्चा करते हुए समारोह का समापन किया गया।

परिवर्तन यात्रा में हेमंत सरकार पर गरजे बाबूलाल मरांडी

# भाजपा जो कहती है वह करती है राज्य में बह रही है परिवर्तन की लहर

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** झारखंड में भाजपा की परिवर्तन यात्रा के लेकर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मंगलवार को कोलेबिरा एस एस प्लस टू मैदान में पहुचे जहाँ वे झारखंड मुक्ति मोर्चा पर तीखा हमला करते हुए मरांडी ने झामुमो पर परिवारवाद और वादा खिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस परीक्षा के नाम पर इंटरनेट बंद किया गया, उसमें भी गड़बड़ियों की संभावना है।बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झामुमो सरकार ने अपने वादों को पूरा नहीं किया, जिनमें महिलाओं को चूल्हा खर्च, युवाओं को नौकरी, पेंशन और ग्रीन कार्ड के जरिए अनाज देने जैसे वादे शामिल थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण बेरोजगार युवाओं की समस्याएं और बढ़ गई हैं, जबकि भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं से उनकी जानें भी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 2019 के चुनावी घोषणापत्र में किए गए वादे अब तक अधूरे हैं, जिससे राज्य की जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है। इसलिए ये यात्रा झारखंड में सत्ता परिवर्तन के साथ रोटी, माटी और बेटी बचाने का संकल्प है. कहा कि पिछले लगभग पांच वर्षों से गठबंधन सरकार ने झारखंड की स्वाभिमान, अस्मिता और पहचान को चोट पहुंचाया है. झारखंड के लोगों की पहचान ईमानदारी, सच्चाई और परिश्रम से है, लेकिन हेमंत सरकार ने आज झारखंड को देश और दुनिया में बदनाम कर दिया है.झारखंड की पहचान लूट-खसोट, भ्रष्टाचार, नोटों के पहाड़ की हो गयी है. इन्होंने वादा किया था कि प्रतिवर्ष पांच लाख नौकरी देंगे, लेकिन युवा बताएं कि क्या उन्हें नौकरी मिली? सच तो यह है कि उन्होंने युवाओं को नौकरी देने की जगह भादो के महीने में दौड़ लगाते-लगाते युवाओं की मौत हो रही है। साथ ही उन्होंने कहा कोलेबिरा में उसी पार्टी के विधायक हैं जिस पार्टी के मुखिया विदेश में जाकर जानबूझकर देश और देशवासियों का अपमान करने कोई मौका नहीं चूकते साथ ही आरक्षण खत्म करने की बात करते है,इसी तरह राज्य की विधवा बहनों को इन्होंने हर महीने 2500 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन यह राशि किसी को नहीं मिली।राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को देश की सबसे भ्रष्ट सरकार बताते हुए कहा कि ये सरकार सेना की जमीन तक खा गए। ऐसी सरकार कभी झारखंड के लोगों और आदिवासियों का भला नहीं कर सकती।


## भाजपा की परिवर्तन यात्रा जन भावनाओं की प्रतीक : दीपक प्रकाश



भाजपा के राज्यसभा सांसद व परिवर्तन यात्रा के संयोजक दीपक प्रकाश ने कहा झामुमो गठबंधन के सरकार वादा खिलाफ की सरकार है वही भारतीय जनता पार्टी जो वादा करती है उसे अवश्य पूरा करती है राम मंदिर बनाने का वादा किया वही अटल बिहारी बाजपेई के नेर्तित्व में झारखंड बनाने का सपना पूरा कर किया ये परिवर्तन यात्रा सत्ता के साथ व्यवस्था परिवर्तन के लिए है. यह यात्रा जन भावनाओं की अभिव्यक्ति है. अब जनता ने भ्रष्ट कांग्रेस, झामुमो और राजद गठबंधन को सत्ता से बाहर करने का मन बना लिया है.मोके पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सांसद समीर उरांव , केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, छत्तीसगढ़ के मंत्री केदार कश्यप, पूर्व मंत्री विमला प्रधान जिला संगठन प्रभारी बब्बन गुप्ता कोलेबिरा विधानसभा प्रभारी मुनेश्वर कुमार साहू जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव कोलेबिरा मंडल प्रभारी अनूप केसरी मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार एस टी मोर्चा महामंत्री मुनेश्वर तिर्की मोतीलाल ओहदार युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सूजान मुंडा महेंद्र भगत पूर्व सांसद प्रतिनिधि चिंतामणि कुमार दुर्ग विजय सिंह देव संजय ठाकुर दीपक चिक बड़ाइक सुबास महतो भोला प्रसाद के अलावे कई भाजपा कार्यकर्ता इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे रहे।

## भाजपा की ओर से बानो में निकाली गई परिवर्तन यात्रा

**बानो।** विधानसभा चुनाव को लेकर बानो मे भाजपा ने परिवर्तन यात्रा निकाली। परिवर्तन यात्रा पाडो स्थित सोदे घाट से आरंभ किया गया। इसके बाद परिवर्तन यात्रा पाडो, बांकी, नौमील, उकौली होते हुए बानो बिरसा चौक पहुंची। जहां रांची सांसद सह केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ, सुदुशन भगत, समीर उरांव, तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर मल्यार्पण किया। परिवर्तन यात्रा के दौराण विभिन्न स्थानो मे कार्यकता व ग्रामीणो ने परिवर्तन यात्रा मे शामिल नेताओ का स्वागत किया। सोदे घाट से बानो तक बाइक रैली निकाली गयी। भारी बारिश के



बावजुद परिवर्तन रैली को सफल बनाने हेतु डटे रहे कार्यकर्ता । परिवर्तन रैली जराकेल होते हुए लचरागढ होते हुए कोलेबिरा पहुंची। लचरागढ मे भी कार्यकताओ मोटर साइकिल रैली निकाली विभिन्न स्थानो मे भाजपा कार्यकताओ ने स्वागत किया। इस अलसर पर, विधायक प्रतिनिधि शंकर सिंह, एसटी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अजित तोपनो, प्रखंड अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह, युवा अध्यक्ष अनुप साहु, बलराम सिंह, पुर्व प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, हुरदा मंडल अध्यक्ष अमीन सिंह, चंद्रभान सिंह, धीरज कुमार, अमित सोनी, विश्वनाथ बडाइक, चंद्रपाल सिंह, शिवराज बडाइक, संजय ठाकुर, तुलसी साहु, रीना देवी, रूपेश बडाइक, संदीप नाग, भुषण साहु, पन्नालाल ओहदार आदि लोग उपस्थित थे ।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा में शामिल हुए झामुमो नेता

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** प्रखण्ड के बानो पंचायत में मंगलवार" आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार "कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कन्डुलना ने कहा झारखंड सरकार, झारखंड के अमर वीर शहीद और महान क्रांतिकारी के सपने को साकार करने वाले राज्य को सतत विकास की ओर ले जाने काम कर रही है। यहाँ के मूल निवासियों के हक़- अधिकारों का सम्मान किया जा रहा है। झारखंड को विकसित राज्य के समकक्ष ले जाने के क्रम में यहाँ के गाँव, जल, जंगल, जमीन और संस्कृति पर भी ध्यान दिया जा रहा है। राज्य और राज्यवासियों के विकास के लिए अनेक लोक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं। शिविरों के माध्यम से लोगों को अबुआ आवास दिया जा रहा है ,बहूचर्चित झारखण्ड मुख्यमंत्री माइयाँ सम्मान योजना,गुरूजी क्रेडिट कार्ड, बिरसा हरित ग्राम, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, साबित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि, मुख्यमंत्री पशुधन, सर्वजन पेंशन एवं अबुआ वीर अबुआ दिशोम जैसी योजना के लाभ के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र दिए जा रहे हैं।झामुमोजिला सचिव मो सफीक खान ने कहा-इस बहूचर्चित कार्यक्रम और अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में मिलने वाले एक-एक आवेदन रजिस्टर्ड किए जाएंगे और संबंधित आवेदकों को उनके मोबाइल नंबर पर मैसेज देकर इसकी जानकारी दी जाएगी।सचिव राजेश टोप्पो, जीप सदस्य बानो बिरजो कंडुलना,प्रखंड और पंचायत के झामुमो पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहें और हज़ारों की संख्या में पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थें और योजनाओं का लाभ भी लिए।

## सदर अस्पताल के होमगार्ड जवान के साथ की हाथापाई

**कोडरमा ।** सदर हॉस्पिटल में डॉक्टर और मरीजों की सुरक्षा में तैनात होमगार्ड के जवान के साथ इलाज कराने पहुंचे कुछ लोगों ने हाथापाई कर दी। घटना सोमवार रात की बताया जा रही है। इसको लेकर मंगलवार को होमगार्ड के जवान कुलेश्वर मेहता ने कोडरमा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। जवान कुलेश्वर मेहता ने बताया कि सोमवार की रात वे सदर हॉस्पिटल के इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी पर थे। इसी दौरान घायल अवस्था में एक युवक पहुंचा। इस दौरान इमरजेंसी वार्ड में पहले से कुछ मरीज मौजूद थे। इस बीच उन्होंने इमरजेंसी वार्ड में अनावश्यक भीड़ लगाने वाले लोगों से बाहर जाने की अपील की। इसी पर घायल युवक के साथ पहुंचे लोग उत्तेजित हो गए और उनके साथ गाली- गलौज करते हुए हाथापाई शुरू कर दी।

## कुरडेग थाना में हुई शांति समिति की बैठक बोले बीडीओ



अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी पैनी नजर

नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** थाना परिषर में दुर्गा पुजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक में शांति समिति के सदस्य जन प्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए । बैठक की अध्यक्षता बी डी ओ ठाकुर गौरी शंकर शर्मा सीओ किरण डांग ने संयुक्त रूप से की । बैठक में शांति पूर्ण ढंग से आगामी त्योहार को मनाने की अपील की गई । दुर्गा पूजा समिति के सदस्यो ने विस्तार पूर्वक पूजा के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी ।मौके पर बीडीओ ने कहा कि पर्व अमन शांति और प्रेम का प्रतिक होता है कुरडेग में सभी धर्मो के लोग एक दूसरे का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में प्रेम सम्मान पूर्वक मनाते आ रहें हैं यही हमारी परंपरा है जिसको हम सभी लोग निभाते आ रहें हैं उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान ऐसा कोई भी काम नही करें जिससे किसी को तकलीफ हो । सी ओ किरण डांग ने कहा कि कुरडेग में सभी जाति धर्म के लोग हर धर्म के त्योहार को आपस में मिलजुल कर मनाते आ रहें हैं किसी भी त्योहार में आज तक कोई समस्या नही हुई है यह देश के लिए एक मिशाल है इसे कायम रखना है ।

## "चिंताराम की चिंता" पुस्तक का सिमडेगा जिले में लोकार्पण

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में राजकीय मध्य विद्यालय,बानो के शिक्षक, मूर्धन्य विद्वान साहित्यकार जेसीईआरटी के पाठ्यक्रम निर्माण समिति के सदस्य नवीन कुमार 'नवेंदु' की नवीन रचना "चिंताराम की चिंता" पुस्तक का सिमडेगा जिला में लोकार्पण किया गया । मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो के निदेशक डॉ प्रहलाद मिश्रा,बानो पुलिस निरीक्षक रामानुज कुमार वर्मा, अधिवक्ता प्रेमानंद शील तोपनो, मदर टेरेसा कॉलेज आफ नर्सिंग के कोर्डिनेटर रविकांत मिश्रा द्वारा किया गया। मौके पर लेखक अपनी नवीन रचना "चिंताराम की चिंता" पुस्तक के संदर्भ में कहा कि यह रचना वर्तमान समय के समाज का आईना है, जिसके माध्यम से समाज की उन चित्त वृत्त बिंदुओं को रेखांकित किया गया जो दैनिक जीवन में हम सभी देखते हैं। यह व्यंग्य विद्या की रचना है जो पाठकों को और भी रुचि प्रदान करेगा साथ ही उन्होंने कहा कि पाठकों को यह पुस्तक अपने साथ एक सूत्र में पिरोते हुए साहित्य के प्रति एक नई रुचि प्रदान करने में सहायक होगा।

## संपूर्णता अभियान कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता




**बांसजोर।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में आंगनवाड़ी सेविकाओं के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेविकाओं को मुख्य रूप से क्षेत्र के बच्चों को कुपोषण से बचाव एवं कुपोषित बच्चों के आंकड़ों में सुधार सहित पोषण ट्रैकर(टेक होम राशन) पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड के तीस आंगनवाड़ी सेविकाओं सहित हाल ही में नियुक्त महिला पर्यवेक्षिकाओं ने भी हिस्सा लिया। प्रशिक्षण में पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि सौमेंन साव एवं आकांक्षी ब्लॉक फेलो प्रशांत तिवारी बतौर प्रशिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनवाड़ी सेविकाओं को पोषण ट्रैकर के सही उपयोग और कुपोषित बच्चों की पहचान और देखभाल में सुधार के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना था।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत छात्राओं के बीच चित्रकला प्रतियोगिता

**झुमरी तिलैया।** केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत मंगलवार को अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय के द्वारा सीडी बालिका हाई स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 50 बालिकाओं ने हिस्सा लिया। बेहतर प्रदर्शन करनेवाली तीन छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसमें प्रथम स्थान सेवी माथुर, द्वितीय सियाश्री व तृतीय स्थान शबरीन परवीन को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता अग्रणी जिला प्रबंधक कोडरमा निवास कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

## किसी भी समाज के आर्थिक और सामाजिक बदलाव के लिए शिक्षा साधन : भूषण बाड़ा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** कुरडेग प्रखंड के खालीजोर पल्ली में एक दिवसीय धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में फादर अगस्टीन कुजूर उपस्थित थे। अपने संबोधन में विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि समाज के लोगों को हर दृष्टिकोण से जागरूक करने के लिए आहूत यह कार्यक्रम सराहनीय है। इस आयोजन से समाज के लोग संगठित तो होंगे ही। साथ ही सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक रूप से भी जागरूक होंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण के लिए मूलभूत साधन है। शिक्षा ही वह उपकरण है, जिससे समाज में महिला अपनी सशक्त, समान व उपयोगी भूमिका दर्ज करा सकती है। विधायक ने कहा कि दुनिया के जो भी देश आज समृद्ध और शक्तिशाली हैं, वे शिक्षा के बल पर ही आगे बढ़े हैं। इसलिए आज समाज के जो लोग विकास की मुख्य धारा से बाहर हैं, उन्हे शिक्षित बनाना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने समाज के लोगों को एकजुट होकर राजनीतिक के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम में शेत कुमार एक्का, पाकरटांड़ प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा,कार्यकारी अध्यक्ष टेलेसफोर टोप्पो, काथलिक सभा अध्यक्ष रॉबर्ट तिर्की, भिखारिएट अध्यक्ष पीटर खाखा,20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो,फादर विपिन सोरेंग,जॉन्सन बेक,बसंत बेक,जेवियर टोप्पो,किशोर किड़ो,बसंत,मनोज बारला, मिखाएल मिंज, एवं पल्ली के प्रत्येक यूनिट काथलिक सभा,युवा संघ,महिला संघ के समिति सदस्य शामिल थे।

## सभी विद्यार्थी अपने हक और अधिकार के प्रति जागरूक हों : विक्सल कोनगड़ी

नवीन मेल संवाददाता




**कोलेबिरा।** कोलेबिरा नगर भवन में कांग्रेस पार्टी के छात्र संगठन एनइसयूआई सिमडेगा के द्वारा छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसमे कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने अपने सम्बोधन में वर्षो पुराने एनएसयूआई जीवन को याद करते हुए मजबूती से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।विधायक ने बताया कि उनके राजनीतिक जीवन की शुरुवात उन्होंने एनएसयूआई से ही की।सर्वप्रथम वे इस विंग के अध्यक्ष पद पर आसीन हुए तत्पश्चात संघटन के विभिन्न पदों पर रहते हुए आक इस मुकाम तक पहुंच पाए हैं।विधायक ने छात्रों के लिए झारखंड सरकार द्वार चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।विधायक ने बताया कि अभी जिस उम्र के पड़ाव में आपलोग हैं।बहुत ही सावधानी से आगे बढ़ना है।इस समय का सदुपयोग करना है।अपने जीवन को अनुशासन से जीना होगा।अपनी भाषा, संस्कृति और परंपरा को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना है।सभी छात्र छात्राएं को अपने भाषा को जरूर से सीखना है। कांग्रेस अध्यक्ष डेविड तिर्की जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि एक्जुट होकर कांग्रेस के एन एस यू आई विंग को मज़बूत बनाकर अपना हक अधिकार की लड़ाई लड़ें।धन्यवाद ज्ञापन एनएस यूआई जिलाध्यक्ष सरताज खान ने किया। मंच संचालन वारिस रजा ने किया।मौके पर एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनय उराँव, सहित अन्य उपस्थित थे।

# न्यूज बॉक्स

## मदर टेरेसा कॉलेज आफ नर्सिंग बानो में नई ट्यूटर की हुई नियुक्ति

**सिमडेगा ।** मदर टेरेसा कॉलेज आफ नर्सिंग बानो में नई ट्यूटर कामना रेवराज की नियुक्ति हुई। ए एन एम एवं जी एन एम की सभी छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर अपने नये ट्यूटर का स्वागत किया। ट्यूटर कामना ने सभी छात्राओं को मेहनत ईमानदारी और अनुशासित होकर कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शोर्ट कट रास्ता नहीं होता । सफलता प्राप्त करने के लिए मेहनत करनी होती है। निदेशक डॉ प्रहलाद मिश्रा ने भी नयी ट्यूटर कामना रेवराज का स्वागत करते हुए छात्राओं को और भी ऊंची मुकाम तक पहुंचाएं और अपने नई तकनीक से बच्चों के सर्वांगीण विकास करें ऐसी अपनी शुभकामनाएं दी। आज के कार्यक्रम में जी एन एम प्राचार्या एरेन बैक ए एन एम प्राचार्य प्रभा सुरीन ट्यूटर अल्बीना टोपनो, वंदना ,तनु अमृता,माटिल्डा तिर्की लीला कुमारी प्रिया कुमारी एवं सभी नर्सिंग छात्राएं मौजूद थी।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में नदी में गिरकर दो लोगों की हुई मौत

**बानो।** बानो प्रखण्ड के बांकी नदी में गिरकर दो मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत गयी।मिली जानकारी के अनुसार राउरकेला निवासी सन्तोष साहू एवं गुरुचरण बड़ाईक तापकारा बरदा निवासी दोनो शाम को हाटिंगहोडे से बानो आ रहे थे ।तभी प्रखण्ड के बांकी मिशन स्कूल के समीप बांकी नदी संतुलन बिगड़ जाने के कारण दुर्घटना हो गई ।जिससे दोनों नदी में जा गिरे ।रात्रि होने के कारण घटना की जानकारी नही मिल पाया रात भर नदी के पानी मे रहने के कारण मौत हो गई।सुबह ग्रामीणों ने शव को देखा तो इसकी सूचना बानो थाना को दी जानकारी मिलने थाना प्रभारी विकास कुमार बाँकी नदी पहुँच कर शव कब्जे में लेते शव को पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया ।दोनों घरों का वाल पुट्ठी का काम करते थे। जानकारी मिलने पर बानो जिला परिषद बिरजो कंडुलना बानो थाना पहुँच कर घटना के बारे में जानकारी ली साथ ही मृतक के परिवार वालों से मुलाकात कर ढाढ़स बढ़ाया।

## ताराबोगा जिलगा गांव में बिंझिया में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता का हुआ समापन



**ठेठईटांगर।** प्रखंड के ताराबोगा जिलगा गांव में बिंझिया विकास समिति द्वारा आयोजित हॉकी प्रतियोगिता का समापन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में झापा नेता संदेश एक्का, जिलाध्यक्ष मतियस बागे, दामोदर बिंझिया, बलदेव सिंह आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता का फाईनल मैच ताराबोगा बनाम एलगा ओडिसा के बीच खेला गया। फाईनल मैच का शुभारंभ अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर अपने संबोधन में संदेश एक्का ने कहा कि सिमडेगा जिला खेल नगरी है। और हॉकी सिमडेगा की जान है। उन्होंने कहा कि हॉकी के कारण ही देश ही नहीं विदेशों में भी जिले की पहचान है। संदेश एक्का ने कहा कि जिले ने पुरुष हॉकी में माईकल किंडो, सिलबानुस डुंगडुंग, जस्टिन, बिमल लकड़ा जैसे स्टार दिए है। भविष्य में भी जिले से हॉकी स्टॉर निकले और इंडियन टीम में जगह बनाएं इसके लिए झापा प्रयास करेगी। संदेश ने कहा कि खेल नगरी में खिलाड़ियों को हर तरह की सुविधा और संसाधन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद फाईनल मैच में पेनालटी सूट आउट में ओडिसा की टीम ने जिलगा ताराबोगा को 5-3 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## सिमडेगा में सड़क हादसे अस्पताल लाने पर मिलेगा इनाम:उपाधीक्षक

**सिमडेगा।** सिमडेगा में अगर कहीं पर भी सड़क हादसे होते हैं और अगर गोल्डन आवर (1 घंटे) के अंदर घायल व्यक्ति को इलाज हेतु अस्पताल अगर आप लाते हैं तो उन्हें सरकार की ओर से इनाम दी जाएगी ।उक्त जानकारी देते हुए सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर राजेश कुमार ने कहा कि जिले में बढ़ती सड़क हादसे को ध्यान में रखते हुए सरकार की ओर से यह विशेष कदम उठाया गया है। जहां पर गुड सेमेरिटन के तहत पुरस्कृत किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि घायल व्यक्ति को बचाना मानवता का भी धर्म और सरकार ऐसे लोगों को उत्साह बढ़ाने के लिए यह प्रयास किया है ।उन्होंने कहा कि कहीं पर भी घायल होते हैं उन्हें 1 घंटे के अंदर अस्पताल पहुंचाएं और इसकी सूचना सदर अस्पताल ड्रेसर रूम में इसकी सूचना दें ताकि उन्हें समय रहते सरकार द्वारा मिलने वाली मुआवजा दिया जा सके।

## बच्चे स्वास्थ रहेंगे, तभी हमारा देश स्वास्थ रहेगा: अन्नपूर्णा

**कोडरमा।** कुपोषण मुक्त भारत के संकल्प के साथ पूरे देश में राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को कोडरमा के बलरोटांड मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र में जिला प्रशासन की ओर से राष्ट्रीय पोषण पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी समेत अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर किया। मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने हमारे बच्चे स्वास्थ्य रहेंगे, तभी हमारा देश स्वास्थ्य रहेगा। हमें अपने बच्चों को स्वास्थ्य रखना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत गर्भधारण से ही महिलाओं का ध्यान रखा जाता है और बच्चों के जन्म से लेकर छह साल की आयु तक उसके पोषण का विशेष ख्याल रखा जाता है। इसके तहत पूरे देश में विविध कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत पूरे देश में करीब आठ करोड़ और झारखंड राज्य में करीब 12.5 लाख गतिविधियां की गयी। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को कुपोषण मुक्त बनाना है। इससे पहले बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दो बच्चों के जन्म दिवस पर उनके साथ केक काटा और उन्हें शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मंत्री महिला एवं बाल विभाग भारत सरकार के एपीएस दयानेश्वर वीर, अपर सचिव महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के कुमार गौरव, सहायक निदेशक समाज कल्याण निदेशालय कंचन टोप्पो, एसी पूनम कुजूर, डीएसडब्लूओ नीतीश कुमार निशांत, डीपीआरओ रोहित कुमार, कंसल्टेंट पोषण अभियान राजन रावत, कंसल्टेंट पवन यादव आदि मौजूद थे।

## झारखंड प्रदेश कांग्रेस से मनोनीत पर्यवेक्षक को पांच उम्मीदवारों की सौंपी सूची

**झुमरी तिलैया।** विधानसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को जिला कार्यालय, झुमरीतिलैया में कांग्रेस की बैठक हुई। इसमें प्रखंड पर्यवेक्षकों के जरिए भेजे गए पांच संभावित उम्मीदवारों के नामों की सूची पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। प्रदेश कमेटी से मनोनीत पर्यवेक्षक सह हजारीबाग के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह को इन पांच उम्मीदवारों की सूची सौंप दी गयी। कोडरमा विधानसभा चुनाव को लेकर मौजूद बतौर मुख्य अतिथि पर्यवेक्षक अवधेश सिंह ने बताया कि इन संभावित पांच नामों की सूची झारखंड प्रदेश कार्यालय को सौंपा जाएगा। इस पर पार्टी आलाकमान जल्द फैसला लेगी। जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने बताया कि वर्ष 2000 के बाद कोडरमा विधानसभा में आज तक पार्टी का उम्मीदवार नहीं बना है। जबकि कोडरमा पूर्व से ही कांग्रेस का गढ़ रहा है। प्रदेश सचिव सह विशिष्ट अतिथि शशि मोहन सिंह कहा कि कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संगठन के लिए मजबूती के साथ बेहतर काम करना होगा। मौके पर जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता, प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू, लक्ष्मण यादव, प्रदीप सिंह, सईद नसीम, आशीष पांडेय, राजू सिंह, दशरथ पासवान, उपेंद्र सिंह, रामलखन पासवान, मो ग़ालिब मंसूरी, पवन सिंह, सदानंद पांडेय, विकास सिन्हा, बेबी सिन्हा, मो नसीम, राजू सिंह, दिलीप राम, अशरफ अली, चौधरी पासवान आदि मौजूद थे।

## उर्वशी पाण्डेय ने जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी गुमला के रूप में संभाला पदभार



**गुमला।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, गुमला में नए पदाधिकारी के रूप में उर्वशी पाण्डेय ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान पदाधिकारी ललन कुमार रजक ने उर्वशी पाण्डेय को पदभार सौंपा। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर, पदभार हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी की। उर्वशी पाण्डेय का मूल पदस्थापन रांची के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में है, लेकिन उन्हें गुमला में अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। पदभार ग्रहण के अवसर पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी एलिना दास, प्रधान लिपिक स्वाति तिर्की, तथा विभाग के अन्य कर्मचारी राम लखन कुमार, दिवाकर साहू, मोहम्मद फिरोज सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। पदभार संभालने के बाद, पाण्डेय ने गुमला जिले में जनसंपर्क और सूचना संबंधी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

## महिला ने लगाया युवक पर यौन शोषण का आरोप, भेजा गया जेल

**गावां गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के पिहरा पूर्वी पंचायत स्थित एक मुहल्ले की शादीशुदा महिला ने एक युवक पर शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण कर बाद में छोड़ देने का आरोप लगाई है। आवेदन में कहा गया था कि माल्डा निवासी रोहित ठठेरा पिता लक्ष्मी ठठेरा शादी करने का प्रलोभन दे बहला फुसलाकर ले गया लगभग एक माह तक मेरे साथ यौन शोषण किया और बाद में मुझे मारपीट कर भगा दिया। महिला तीन बच्चे की माँ भी है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि महिला के बयान पर गावां थाना में कांड संख्या 99/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## भाजपा नेता अशोक उरांव की पुत्री का चयन एयर होस्टेस में हुआ

**घाघरा।** घाघरा भाजपा बिशुनपुर विधान सभा के पूर्व प्रत्यासी अशोक उरांव की 21 वर्षीय पुत्री ज्योति उरांव का चयन एयर होस्टेस के लिए हुवा है। एक आदिवासी समाज की युवती का एयर होस्टेस के रूप में चयन गुमला जिले के लिए गौरव की बात है। ज्योति ने बताया कि वह इस जॉब में जाने से पूर्व लालपुर स्थित फ्रैंकफीन नामक ट्रेनिग संस्थान से 9 महीने का ट्रेनिंग के अलावे एक महीने का स्विमिंग ट्रेनिंग प्राप्त की। इसके बाद इंडिगो एयरवेज के लिए उसका चयन हुवा और उसे चेन्नई स्थित प्रशिक्षण संस्थान में तीन महीने के प्रशिक्षण के लिए भेजा गया। जहां प्रशिक्षण के दौरान उसे बतौर एयर होस्टेस ट्रिप पर जाने का अवसर दिया जाएगा ताकि वह दक्षता हासिल कर सके।

## लोहरदगा में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**लोहरदगा।** लोहरदगा-रांची रेल लाइन में सदर थाना क्षेत्र के भक्सो रेलवे गेट के निकट डीएमयू लोकल मेमू ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गुमला जिले के सिसई थाना क्षेत्र के छारदा गांव निवासी सुमित कुमार महली के 19 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार महली के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार आदित्य रांची के एक निजी कॉलेज में प्लस टू की पढ़ाई कर रहा था। वह अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए लोहरदगा आया हुआ था। लोहरदगा में वह अपने परिजन के पास भी गया था। जहां वह मानसिक तनाव में नजर आ रहा था। इसी बीच वह घर से निकल गया था।जिसके बाद भक्सो रेलवे गाटर के समीप लोहरदगा-रांची यात्री रेलगाड़ी की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर अब तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि आदित्य वहां तक कैसे पहुंचा। आरपीएफ और स्थानीय थाना पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं पर मामले की जांच कर रही है।

### डीलर की मनमानी के खिलाफ कार्डधारियों ने बीडीओ को आवेदन सौंपा

# अगस्त माह से नहीं मिला है राशन : ग्रामीण




**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय, गिरिडीह**

गांडेय प्रखंड के फुलझरिया गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को जनवितरण प्रणाली के डीलर उमेश तुरी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया । ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त डीलर द्वारा राशन वितरण में अनियमितता करते हैं । डीलर कार्डधारियो से पोस मशीन में अंगुठा लगा लेने के बाद भी राशन का वितरण नहीं करते हैं ।

फुलझरिया गांव के लगभग 60-70 महिला पुरुष लाभुक मंगलवार को प्रखंड परिसर पहुंचे और डीलर के खिलाफ नारेबाजी किया ।

ग्रामीणों ने डीलर उमेश तुरी के खिलाफ हस्ताक्षर युक्त एक आवेदन गांडेय बीडीओ सह एमओ निशात अंजुम को सौंपा । आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने कहा कि डीलर उमेश तुरी द्वारा अगस्त माह से राशन का वितरण नहीं किया गया है । डीलर से राशन की मांग करने पर डीलर का कहना है कि हमको राशन नहीं मिला है , हम राशन का वितरण कंहा से करें । आवेदन देकर ग्रामीणों ने बीडीओ से ससमय राशन वितरण करवाने का अनुरोध किया है ।

इधर प्रखंड परिसर पहुंचे ग्रामीणों में रसिदा खातुन, सकीना खातुन, आसमां खातुन, रुकसाना खातून, जमेला खातुन, जहीना खातुन, अबीला खातुन, असीरा खातुन , रहीना खातुन, नफीसा खातुन , फिरदोस आदि ने संयुक्त रूप से कहा कि डीलर उमेश तुरी कभी भी सही तरीके से राशन का वितरण नहीं करता है । एक साल में वह अधिक से अधिक 9 बार ही राशन का वितरण करता है । डीलर चावल, दाल , गेहूं धोती - साड़ी वितरण के नाम पर अंगुठे का निशान ले लेता है । तराजू में अनाज के जगह ईटा पत्थर रखकर वजन कर लेता है , मगर ग्रामीणों के बीच अनाज का वितरण नहीं किया जाता है । महिलाओं ने कहा हम सभी गरीब परिवार की महिलाएं हैं । इधर बीडीओ के द्धारा दिए आवेदन में मो अकबर , रियाजत अंसारी , मो मुख्तार , लाल मो , हुसैन मियां , राजु मियां , मो नईम , हसमत मिया , मो हफीज , सहित लगभग 60 ग्रामीणों के हस्ताक्षर अंकित है । इस विषय में गांडेय बीडीओ निशात अंजुम ने कहा कि ग्रामीणों के द्धारा आवेदन मिला है । संबंधित डीलर की जांच की जाएगी दोषी पाए जाने पर डीलर पर कारवाई की जाएगी ।

## चैनपुर में एस एस बी के जवानों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

सशस्त्र सीमा बल 32 वीं वाहिनी गुमला के कमांडेंट के निदेशानुसार असिस्टेंट कमांडेंट अपूर्व आनंद के दिशा-निर्देश पर चैनपुर के सी०सी०ओ०बी के उपनिरीक्षक रवि कुमार धानका के द्वारा चैनपुर मुख्यालय के विभिन्न चौक चौराहों में एस एस बी के जवानों तथा ग्रामीणों ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान चलाते हुए मुख्यालय के बस स्टैंड,बस पड़ाव सहित कई जगहों पर साफ सफाई करते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया वहीं सफाई अभियान को देखकर लोगों ने भी एस.एस.बी कंपनी का आभार प्रकट किया मौके पर उपनिरीक्षक रवि कुमार धानका ने कहा कि शहर एवं मुहल्ले को स्वच्छ रखना हंस सभी लोगों की जिम्मेदारी है।आप हमेशा अपने घर और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखें गंदगी का अंबार लगने से शहर का वातावरण प्रदूषित तो होता ही है साथ में गंदगी से कई प्रकार की बिमारियों के फैलने का भी खतरा बना रहता है इसलिए हम सभी आमजनों का फर्ज है कि अपने आस पास के क्षेत्रों को हमेशा स्वच्छ बनाए रखें अपने घर , दुकान का जमा कचड़ा हमेशा कूड़ादान में ही डालें और अपने पड़ोस के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें तभी हमारे देश में स्वच्छ भारत मिशन का अभियान सफल हो पाएगा।






## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 08/2024-25/RWD/EE/KODERMA    दिनांक :-23.09.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/KODERMA/ 27/2024-25 | पंचायत भोण्डों ग्राम पिपराही पी0डब्लयू0डी0 रोड से मदरसा भाया नवाडीह आर0ई0ओ0 रोड तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–1.700 कि0मी0) | 1,84,12,600/- | एक करोड़ चौरासी लाख बारह हजार छः सौ रू0 मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–27.09.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–07.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–09.10.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा झारखण्ड, पिन– 825410
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8709561933/06534-297102
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा

PR 336768 Rural Work Department (24-25)_D



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–33 / 2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :दिनांक 30.09.2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 01.10.2024 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :दिनांक 01.10.2024 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान :अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | Renovation of Main Building Old Office, Outer Kitchen, Garrage, Santri Post, Vehicle Shed, Campus Development and Miscellaneous Work of E Type Qtr. No.-311 at Sector-2, HEC, Dhurwa, Ranchi | 46,78,400.00 | 5000.00 | 94000.00 | 3 Months |
| 6 | Construction of Barrack with Staircase in First Floor, Development of Chamber, Paver Block infront of Main Building, Parking Tiles, Main Gate and Miscellaneous Work in the Campus of F Type Qtr. No.-25 at Sector-3, HEC, Dhurwa, Ranchi | 48,26,200.00 | 5000.00 | 97000.00 | 3 Months |

नोट : निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 336887 (Building)24-25*D


## जिप अध्यक्ष मुनिया देवी ने किया स्नानघाट भूमिपूजन

**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय, गिरिडीह**

जिप अध्यक्ष मुनिया देवी ने मंगलवार को 15 वें वित्त आयोग अनुदान मद से रसंजोरी पंचायत के संगरभंग गांव के तालाब में स्नान घाट निर्माण की आधारशिला रखी स्वीकृत योजना शिलान्यास के दौरान मौजूद बतौर मुख्य अतिथि अध्यक्षया मुनिया देवी ने कहा कि सगरभंगा गांव के लोगों के साथ साथ आसपास के जानवरों के लिए भी यह तालाब काफी उपयोगी है।

कहा कि लंबे समय से ग्रामीणों ने मांग कि थी उक्त तालाब में स्नान घाट बनने से लोगों को काफी सुविधा होगी। स्नान घाट निर्माण से लोगों को स्नान करने, कपड़ा साफ सफाई करने खास कर बच्चों को नहाने में काफी सहुलियत होगी। गांव के लोगों में स्नान घाट निर्माण को लेकर शिलान्यास से काफी खुशी कि लहर है। मौके जिप सदस्य गांडेय भाग - 46 शालेहा खातुन , रसनजोरी पंचायत मुखिया पति भागीरथ मंडल, सामाजिक कार्यकर्ता मुफ्ती सईद आलम,मृत्युंजय कुमार सिंह, अतुल सिंह, अरूण मंडल ,संवेदक महेंद्र यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।



## तेज बारिश एवं आंधी से पेड़ कार पर गिरी, कोई हताहत नहीं



**घाघरा (गुमला)।** घाघरा थाना क्षेत्र के गम्हरिया में अचानक बारिश एवं तेज आंधी के कारण विशालकाय पेड़ गिरने से साप्ताहिक हाट में रोड के किनारे खड़ी मारुति ओमनी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया जिससे गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई एवं साप्ताहिक हाट में लगे दुकान के सभी दुकानदार अपने दुकान छोड़कर भाग गए जिसके कारण बाल बल बचे ।वहीं एक बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार अभी दिन के 2.10 के करीब गम्हरिया हाट के समीप अचानक तेज बारिश और आँधी में कई सारे पेड़ गिर गये। वही वाहन मालिक छोटू गोसाई पिता मीनू गोसाई जो नवडीहा के रहने वाले हैं ने बताया कि मेरा पूरा परिवार बाजार पर ही आश्रित हैं यदि प्रशासन के द्वारा मदद नही मिलती हैं तो हमारे पास परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हो जाएगा उन्होंने प्रशासन से मदद की गुहार लगायी हैं।


## झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा।
### ''रोजगार मेला–2024''
### –: सूचना :–

एतद् द्वारा सभी शिक्षित बेरोजगार युवक / युवतियों को सूचित किया जाता है कि जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा कार्यालय के द्वारा दिनांक : 28 सितम्बर, 2024 को जे0 जे0 कॉलेज परिसर, झुमरी तिलेया, कोडरमा में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक एक दिवसीय ''दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला–2024'' का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निम्नलिखित प्रतिष्ठानों ने अपनी उपस्थिति की सहमति जताई है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

| S.N | Name of the Establishment & Address | Name of the Post | No of Post | Qualification | Age | Pay & Allow. | Experience |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Kaundinya Public School, J. Telaiya, Koderma | Science (PRT) | 02 | B.Sc, B.Ed, CTET | 20-40 Yrs. | 15,000 PM | 1 Year |
| | | Hindi (PRT) | 02 | B.A, B.Ed, CTET | 20-40 Yrs. | 10,000-18,000 PM | 2 Year |
| | | Computer (BCA) | 01 | BCA/B.Tech | 20-40 Yrs. | 10,000-15,000 PM | 1 Year |
| | | NTT | 01 | B.A, B.Ed | 20-30 Yrs. | 8000-12000 PM | 1 Year |
| | | Social Science | 01 | B.A, B.Ed, CTET | 20-35 Yrs. | 10,000-18,000 PM | 1 Year |
| 02 | Aadhya HR Solutions Pvt. Ltd, Bengaluru, Hiring For the Tbea India Pvt. Ltd, | Junior Technicians | 100 | Inter/ITI/ Diploma | 18-36 Yrs. | 16,000 PM | Fresher's |
| | Modutech Ready Panels Pvt. Ltd, | Senior Technicians | 25 | ITI/ Diploma | 18-38 Yrs. | 17000-20000PM | 1-2 Yrs. |
| | Shivam Auto Tech Ltd, | Junior Technicians | 100 | Inter/ITI/ Diploma, BE, B.Tech | 18-38 Yrs. | 20,500 PM (12 Hours Duty) | Fresher's |
| | Chaitra Irrigations Pvt. Ltd, | Helpers | 25 | Non Matric | 18-45 Yrs. | 18,000 PM (12 Hours Duty) | Fresher's |
| 03 | Grizzly Vidyalaya, Telaiya Dam, Koderma | TGT Hindi | 01 | MA/B.Ed | Up to 35 Yrs. | Negotiable | 2 Year |
| | | PRT Hindi | 01 | BA/B.Ed | 25-35 Yrs. | Negotiable | 2 Year |
| | | PGT P.H.E | 01 | M.P.ED | Up to 40 Yrs. | Negotiable | 4 Year |
| | | PGT B.ST | 01 | MBA | Up to 40 Yrs. | Negotiable | 4 Year |
| | | TGT Science | 01 | M.Sc/ B.Ed | Up to 35 Yrs. | Negotiable | 2 Year |
| | | Clerk | 01 | B.A, B.Sc, B.Com | Up to 25 Yrs. | Negotiable | 2Year |
| | | Sweeper | 01 | Non Matric | Up to 30 Yrs. | Negotiable | 2 Year |
| 04 | Satin Credit Care Network ltd, Ranchi | TCSO | 10 | Inter Pass | 18-30 Yrs. | 20,400 (CTC) | Fresher |
| | | CSO/S.R CSO | 10 | Inter Pass | 18-32 Yrs. | 22,000 to 23,000 (CTC) | 6 Month to 2 Yrs. |
| | | Collection Officer | 10 | Inter Pass | 18-32 Yrs. | 20,500 to 25,000 (CTC) | |
| 05 | Credit Access Grameen Ltd, Ranchi | Trainee Kendra Manager | 30 | ITI/12th Pass | 19-29 Yrs. | 12,250 CTC | Fresher |
| 06 | Gramin Siksha Avam Prashichhan Foundation, Ahemdabad, Gujarat Hiring For the Motherson Automotive Pechnologies & Engineering Pvt. Ltd | CNC Machine Operator | 100 | 10th/12th/ ITI/ Graduate/Diploma | 18-35 Yrs. | 15,720-30,000 PM | --- |
| | | Quality In charge | 100 | 10th/12th/ ITI/ Graduate/Diploma | 18-35 Yrs. | 15,720-30,000 PM | --- |
| 07 | Modern Public School, J. Telaiya, Koderma | PGT, Math | 01 | MA/M.Sc, CTET | 30-35 Yrs. | 28,000-40,000 PM | 5 Yrs. |
| | | TGT, Sanskrit | 01 | MA/BA/CTET | 30-35 Yrs. | 30,000-35,000 PM | 3-5 Yrs. |
| | | PRT, All Subject | 03 | BA/B.Sc/B.Ed, CTET | 25-35 Yrs. | 15,000-25,000 PM | 3-5 Yrs. |
| | | PGT, Computer | 01 | B.Sc/MCA,BCA | 25-35 Yrs. | 20,000-30,000 PM | 2-5 Yrs. |
| 08 | Holy Family Hospital, Koderma | Dispension Asst. | 02 | 10+2 with Secretarial Course | 18-25 Yrs. | 11,000 PM | ---- |
| | | Lab Technician | 01 | DMLT | 18-25 Yrs. | 13000 PM | 2-3 Yrs. |
| 09 | Jharkhand Public School, Salaidih, Inderwa, Koderma | PRT Hindi | 01 | BA, B.Ed | 20-40Yrs. | 10000-12000 PM | 1 Yrs. |
| | | PRT Maths | 01 | BA, Dled | 20-40Yrs. | 10000-12000 PM | 1 Yrs. |
| | | TGT English | 01 | BA, B.Ed | 20-40Yrs. | 12000-15000 PM | 1 Yrs. |
| | | PRT English | 01 | BA, Dled | 20-40Yrs. | 10000-12000 PM | 1 Yrs. |
| | | Receptionist | 01 | B.A | 20-40 Yrs. | 10000-12000 PM | 1 Yrs. |
| | | PGT Physics | 01 | M.Sc, B.Ed | 25-40 Yrs. | 18000-25000 PM | 3 Yrs. |
| | | PGT Chemistry | 01 | M.Sc, B.Ed | 25-40 Yrs. | 18000-25000 PM | 3 Yrs. |
| | | PGT Biology | 01 | M.Sc, B.Ed | 25-40 Yrs. | 15000-18000 PM | 3 Yrs. |
| | | TGT Hindi | 01 | B.A,B.Ed | 25-40 Yrs. | 18000-25000 PM | 2 Yrs. |
| | | PGT Computer | 01 | MCA/B.Ed | 25-40 Yrs. | 18000-25000 PM | 2 Yrs. |
| 10 | JKI Infrastructure Pvt. Ltd, J.Telaiya, Koderma | JR. Fitter | 01 | Matric Pass | 21.35 Yrs. | 11,000 PM | 3 Month |
| | | J.R Electrician | 01 | Matric Pass | 21.35 Yrs. | 11,000 PM | 3 Month |
| | | Helper | 02 | Non Matric | 21.35 Yrs. | 10,000 PM | ---- |
| 11 | Kalyan Gurukul, Koderma Hiring For the IM Gear, Chennai | Asst. Tech. | 40 | Matric Pass | 18-28 Yrs. | 14500-16000 PM | ---- |
| | CIE Metal Mahendra, Bangalore | Asst. Tech. | 40 | Matric Pass | 18-28 Yrs. | 15000-16000 PM | ---- |
| | Modine Thermal Ltd, Chennai | Asst. Tech. | 40 | Matric Pass | 18-28 Yrs. | 15000-16000 PM | ---- |
| | TI Metals, Chennai | Asst. Tech. | 40 | Matric Pass | 18-28 Yrs. | 15000-16000 PM | ---- |
| 12 | Sai Electrocasting Pvt. Ltd, J. Telaiya, Koderma | Electrician | 01 | Diploma | 30-50 Yrs. | 16000 PM | 2 Yrs. |
| | | Chemist | 01 | Graduation | 30-50 Yrs. | 16000 PM | 2 Yrs. |
| | | Store Asst. | 02 | Graduation | 30-50 Yrs. | 15000 PM | 2 Yrs. |
| | | Helper Mill | 01 | Matric Pass | 30-50 Yrs. | 12000 PM | ---- |
| | | Sales Man | 02 | Graduation | 30-50 Yrs. | 16000 PM | 2 Yrs. |
| 13 | Excel Data Services, Koderma | Mobilizer | 02 | 12th Pass | 18-35 Yrs. | 12000-15000 PM | 1 Yrs. |
| | | Security Guard | 01 | Literate Gun Man | 25-40 Yrs. | 12000-15000 PM | 1 Yrs. |
| | | Free lancer Job | 05 | Literate | 18-40 Yrs. | 10000-20000 PM | Fresher |
| 14 | Mahendra Skills Training and Development Pvt. Ltd, J. Telaiya, Koderma | Female Warden | 01 | Graduation | Up to-22 Yrs | 15000 PM | Fresher |
| | | CCTV Trainer | 02 | Diploma+ITI | Up to-22 Yrs | 20000 PM | Fresher |
| | | RTA Trainer | 01 | MBA | Up to-22 Yrs | 20000 PM | Fresher |
| | | Mobilizer | 04 | Graduation | Up to-22 Yrs | 15000 PM | Fresher |
| | | Soft Skill Trainer | 01 | Graduation | Up to-22 Yrs | 20000 PM | Fresher |
| 15 | Quess Corp Limited, Ranchi Hiring For the TML Sanad, Gujrat | Production Trainee | 200 | Inter/ITI | 18-23 Yrs. | 14500 PM | Fresher |
| | Masu Brakers, Haryana | Production Trainee | 150 | Inter/ITI | 18-30 Yrs. | 14000 PM | Fresher |
| | Bharat Sheets, Haryana | Production Trainee | 150 | ITI Pass | 18-30 Yrs. | 14000 PM | Fresher |
| 16 | Mohit Ventures Pvt. Ltd, J. Telaiya, Koderma | Fitter | 01 | ITI Pass | 19-30 Yrs. | 6000 PM | ---- |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से किसी भी नियोजनालय में निबंधित नहीं है, वे जिला नियोजनालय, कोडरमा में अथवा **www.jharniyojan.jharkhand.gov.in** पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त ''रोजगार मेला– 2024'' में नियोजक / नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में 75% स्थानीय नियोजन नीति का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक को स्थानीय आवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। वैसे उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा।

अतः सभी शिक्षित बेरोजगार युवक / युवतियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में ''रोजगार मेला– 2024'' में शामिल होकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठावें।

ह/0
जिला नियोजन पदाधिकारी, कोडरमा।

PR 336837 Labour Employment and Traning(24-25)D

संपादकीय

# चुनावों को भी प्रभावित करेगा डीपफेक?

जिस तरह के मामले भारत के अलावा विश्व में देखने को आ रहे हैं उससे इस बात का डर हो उत्पन्न हो गया डीपफेक चुनावी वर्ष 2024 में बड़ी समस्या बनने वाला है। डीपफेक तैयार करने के लिए जिस तकनीक की जरूरत पड़ती है, वह आज न सिर्फ पहले की तुलना में आसानी से उपलब्ध है, बल्कि कम लागत या कीमत में भी उपलब्ध है। इसके लिए जेनरेटिव एआई या कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल किया जाता है। जेनरेटिव एआई की सहायता से किसी भी शैली और किसी भी भाषा में ई-मेल लिखे जा सकते हैं। ऐसे में, इसकी कोई गारंटी नहीं कि सीएफओ की तरफ से आए ई-मेल वाकई उन्होंने ही लिखे हैं। ऐसे में, आश्चर्य नहीं कि सिलिकॉन वैली के अनेक लोग बगैर विराम चिह्नों के पोस्ट लिख रहे हैं- अभी तक यही एक तरीका दिख रहा है, जिससे पता चल सकता है कि इसमें एआई की मदद नहीं ली गई है।लिखित सामग्री को जांचने का खतरा तो है ही, लेकिन 2024 में असली खतरा आवाज और वीडियो से होगा। इलेवनलैब्स जैसी वॉयस क्लोनिंग सर्विसेज इतनी पेशेवर हैं कि वे हू-ब-हू आवाजों की क्लोनिंग कर लेती हैं। आवाज को जांचने की तकनीक जल्दी ही बेकाम की हो जाएगी। वॉयस मेल विश्वसनीय नहीं है। अगर किसी आवाज की क्लोनिंग करा ली गई है, तो जो भी पाठ मैं चुना जाएगा, वह उसी ही आवाज में बोलेगा। इसका एक बड़ा खतरा है-गलत हाथों में चले जाने पर वह आवाज किसी बड़े नेता के स्वर में न जाने क्या-क्या बोल डाले।इस लिहाज से ऑडियो पर तो ध्यान रखना ही होगा, लेकिन डीपफेक वीडियो ज्यादा महत्वपूर्ण साबित होने जा रहे हैं। वीडियो में दिख रहे व्यक्ति को उसकी ही आवाज में सुने जाने पर भ्रम पैदा होगा। जो उसने नहीं कहा, वीडियो में उसे भी कहते देखा जाएगा। जो उसने नहीं किया, वीडियो में वह करते भी उसे देखा जाएगा। ऐसे में, जाहिर है, गलतफहमी, असमंजस और भ्रम की स्थिति से नफरत पैदा होगी।भावनाओं पर आधारित भारतीय राजनीति के दांव पेंच में इसका बहुत ही बड़ा जोखिम है। इससे कॉरपोरेट जासूसी और भयादोहन को बल मिलेगा। वर्ष 2024 में दुनिया की आधी से अधिक आबादी चुनावों में हिस्सा लेगी। अमेरिका के अलावा भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, रूस और ब्रिटेन सहित कई देशों में चुनाव होने वाले हैं। हर चुनाव में डीपफेक वीडियो बड़ी भूमिका निभाएंगे। मतदाताओं में व्याप्त भ्रम का असर चुनावी नतीजों पर भी पड़ सकता है। यूक्रेन और गाजा के मोर्चों पर डीपफेक वीडियोज पहले ही पहुंच चुके हैं, जिससे फैसले उन घटनाओं के आधार पर लिए जा रहे हैं, जो कभी घटी ही नहीं। चुनावी धोखाधड़ी, कॉरपोरेट ब्लैकमेलिंग, बाजारों को अपने हितों के अनुरूप चालित करने और डीपफेक के कारण साइबर सुरक्षा से जुड़े खतरे के मामले वर्ष 2024 में बढ़ेंगे। ऐसे में, यह चर्चा, चिंता और लड़ाई सतत बनी रहेगी कि कोई लिखित सामग्री, कोई तस्वीर, कोई ऑडियो क्लिप या कोई वीडियो असली है या फर्जी। इससे एक बड़ा खतरा यह भी है सच को भी लोग कहीं

> जेनरेटिव एआई की सहायता से किसी भी शैली और किसी भी भाषा में ई-मेल लिखे जा सकते हैं। ऐसे में, इसकी कोई गारंटी नहीं कि सीएफओ की तरफ से आए ई-मेल वाकई उन्होंने ही लिखे हैं।

# भारतीय राजनीति के पुरोधा पं. दीनदयाल उपाध्याय


अशोक प्रवृद्ध

हमारी राष्ट्रीयता का आधार भारतमाता हैए केवल भारत ही नहीं। माता शब्द हटा दीजिए, तो भारत केवल जमीन का टुकड़ा मात्र बनकर रह जाएगा। यह उक्ति घर-गृहस्थी की तुलना में देशसेवा को अधिक श्रेष्ठ मानकर देशसेवा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय, 25 सितम्बर 1916. 11 फरवरी 1968 की है। उनके अनुसार राजनैतिक जीवन दर्शन का पहला सूत्र है। भारत में रहने वाला और इसके प्रति ममत्व की भावना रखने वाला मानव समूह एक जन हैं। उनकी जीवन प्रणाली, कला, साहित्य, दर्शन सब भारतीय संस्कृति है। इसलिए भारतीय राष्ट्रवाद का आधार यह संस्कृति है। इस संस्कृति में निष्ठा रहे, तभी भारत एकात्म रहेगा। वसुधैव कुटुम्बकम् भारतीय सभ्यता से प्रचलित है। इसी के अनुसार भारत में सभी धर्मों को समान अधिकार प्राप्त हैं। संस्कृति से किसी व्यक्ति, वर्ग, राष्ट्र आदि की वे बातें, जो उसके मन, रुचि, आचारए विचारए कला-कौशल और सभ्यता की सूचक होती हैं, पर विचार होता है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह जीवन जीने की शैली है। भारतीय राजनीति के पुरोधा पंडित दीनदयाल मजहब और संप्रदाय के आधार पर भारतीय संस्कृति का विभाजन करने वालों को देश के विभाजन का ज़िम्मेदार मानते थे। उनकी मान्यता थी कि हिन्दू कोई धर्म या संप्रदाय नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय संस्कृति हैं।

भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक इस प्रकार की नवीन विचारधारा देने वाले ऐसे हिन्दू राष्ट्रवादी राजनेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर 1916 को उत्तरप्रदेश के मथुरा ज़िले के छोटे से गांव नगला चंद्रभान निवासी राजस्थान के जयपुर अजमेर रेलवे लाइन के पास धनकिया नामक स्थान में रेलवे में नौकरी कर रहे पिता भगवती प्रसाद उपाध्याय तथा माता रामप्यारी के घर में हुआ था। दो वर्ष बाद उनका एक छोटा भाई शिवदयाल हुआ। देख .रेख के लिए पर्याप्त अवसर नहीं मिलने के कारण रेलवे की नौकरी में व्यस्त पिता ने दोनों भाइयों को पालन-पोषण के लिए उनके ननिहाल आगरा जिले में फतेहपुर सीकरी के समीप अवस्थित गुड़ की मंढ़ई भेज दिया। लेकिन दीनदयाल के तीन वर्ष की उम्र होते तक पिता भगवती प्रसाद का देहांत हो गया। बाद में 8 अगस्त 1924 को उनकी माता रामप्यारीए 1926 में नाना चुन्नीलाल, 1931 में पालन-पोषण करने वाली मामी, 18 नवम्बर 1934 को अनुज शिवदयाल तथा 1935 में स्नेहमयी नानी की मृत्यु हो जाने के बाद विपरीत परिस्थिति में जीवन जीते हुए उन्होंने मैट्रिक और फिर इंटरमीडिएट (1937) दोनों ही परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी प्राप्त की। कानपुर विश्वविद्यालय से 1939 में बीए उत्तीर्ण की। वे प्रशासनिक परीक्षा में भी ऊत्तीर्ण हुए, किन्तु ब्रिटिश सरकार की नौकरी नहीं की। 1941 में प्रयाग से बीटी की परीक्षा उत्तीर्ण की। बीए और बीटी करने के बाद भी उन्होंने नौकरी नहीं की। 1937 में ही वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए थे, लेकिन 1942 से पूरी तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए कार्य करना शुरू किया, जहां वे एक मजबूत और सशक्त भारत की इच्छा रखने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गंभीर चिंतक और संगठनकर्ता सिद्ध हुए। वे आजीवन संघ के जीवनव्रती प्रचारक रहे। 21 सितम्बर 1951 को उत्तरप्रदेश में भारतीय जनसंघ की स्थापना होने के बाद से ही वे आजीवन उससे जुड़े रहे। वे आज भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजनीतिक संगठन भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष तथा उसके उत्तरवर्ती संस्करण भाजपा के वैचारिक मार्गदर्शक और नैतिक प्रेरणा स्रोत के रूप में स्मरणीय हैं। दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ के राष्ट्रजीवन दर्शन के निर्माता माने जाते हैं। उनका उद्देश्य स्वतंत्रता की पुनर्रचना के प्रयासों के लिए विशुद्ध भारतीय तत्व दृष्टि प्रदान करना था। उन्हें जनसंघ की आर्थिक नीति का रचनाकार भी माना जाता है। उनका विचार था कि आर्थिक विकास का मुख्य उद्देश्य सामान्य मानव का सुख है। पंडित दीनदयाल एक गंभीर दार्शनिक एवं गहन चिंतक होने के साथ ही एक ऐसे समर्पित संगठनकर्ता और नेता थे, जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत शुचिता एवं गरिमा के उच्चतम आयाम स्थापित किए। एक प्रखर विचारक, उत्कृष्ट संगठनकर्ता दीनदयाल उपाध्याय ने जीवनपर्यन्त अपनी व्यक्तिगत ईमानदारी व सत्यनिष्ठा को महत्त्व दिया। उनका राजनीतिक दर्शन मानव मात्र की आवश्यकताओं के अनुरूप और प्राकृतिक आवास के अनुकूल राजनीतिक कार्यप्रणाली एवं शासकीय कौशल का मार्ग प्रशस्त करने वाला एक चहुंमुखी वैकल्पिक जीवन दर्शन है। अनेकता में एकता और विभिन्न रूपों में एकता की अभिव्यक्ति भारतीय संस्कृति की सोच रही है।


25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर विशेष



राजनीति के अतिरिक्त साहित्य में भी गहरी अभिरुचि रखने वाले दीनदयाल उपाध्याय पत्रकार होने के साथ-साथ चिन्तक और लेखक भी थे। उनके द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी भाषाओं में लिखे गये अनेक लेख विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। अपने जीवन के एक-एक क्षण को पूरी रचनात्मकता और विश्लेषणात्मक गहराई से जीने वाले दीनदयाल उपाध्याय के द्वारा पत्रकारिता जीवन के दौरान लिखे गए शब्द आज भी उपयोगी हैं। प्रारंभ में वे समसामयिक विषयों पर पॉलिटिकल डायरी नामक स्तम्भ लिखा करते थे। पंडित दीनदयाल ने राजनीतिक लेखन को भी दीर्घकालिक विषयों से जोड़कर रचना कार्य को सदा के लिए उपयोगी बनाया है। उन्होंने लखनऊ में राष्ट्र धर्म प्रकाशन नामक संस्थान की स्थापना कर वहाँ से राष्ट्र धर्म नामक मासिक पत्रिका का प्रकाशन आरम्भ किया। राष्ट्रधर्मए पाञ्चजन्य और स्वदेश जैसी पत्र-पत्रिकाएँ प्रारम्भ की। वे हिन्दुत्व की धारा में भारतीय राजनीति को ले जाने की इच्छा रखते थे। उनकी लिखी प्रमुख पुस्तकों से भी इसके संकेत मिलते हैं। उनकी कुछ प्रमुख कृत्तियों में दो योजनाएँ, राजनीतिक डायरीए दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिए गए भाषणों का संग्रह। राष्ट्र चिन्तन, भारतीय अर्थ नीति - विकास की एक दिशाए भारतीय अर्थनीति का अवमूल्यन, सम्राट चन्द्रगुप्त, जगद्गुरु शंकराचार्य, अखंड भारत, हमारा कश्मीर, बेकारी की समस्या और उसका हल, एकात्म मानववाद (अंग्रेजी संस्करण-इंटीगरल ह्यूमेनिज्म) लोकमान्य तिलक की राजनीति, जनसंघ का सिद्धांत और नीतिए जीवन का ध्येय राष्ट्र जीवन की समस्यायें, राष्ट्रीय अनुभूति, राष्ट्र जीवन की दिशा, भारतीय राष्ट्रधारा का पुनः प्रवाह, भारतीय संविधान, इनको भी आजादी चाहिए, अमेरिकी अनाज, टैक्स या लूट, विश्वासघात, द टू प्लान्स, डिवैलुएशन ए ग्रेटकाल, एक प्रेम कथा आदि शामिल हैं। पंडित दीनदयाल के लेखन का केवल एक ही लक्ष्य था। भारत की विश्व पटल पर लगातार पुनर्प्रतिष्ठा और विश्व विजय। पंडित दीनदयाल कृत अत्यंत चर्चित कृत्ति एकात्म मानववाद एक अद्वितीय, विशिष्ट, एवं मौलिक रचना हैए जिसमें उन्होंने समकालीन भारत की दुर्दशा, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियों का विश्लेषण किया है। मानव पूंजीवाद, मार्क्सवाद और गांधीवाद जैसे विचारों से अंतर्निहित विडंबनाओं के कारण एक राष्ट्रीय समस्या का निदान करने में असफल रहा था। ऐसी स्थिति में उन्होंने व्यक्ति, परिवार, समाज एवं राष्ट्र का मार्गदर्शन करने में सक्षम एक ऐसी मौलिक और सशक्त विकल्प विश्व के समक्ष प्रस्तुत किया हैए जिस एकात्म मानववाद में वर्तमान भारत भी आशा की नई किरण खोज रहा है। एकात्म मानववाद दर्शनए मानव के सामाजिक, आर्थिक तथा मानसिक विकासए राष्ट्रीयता एवं राष्ट्रीय चुनौतियों तथा समकालीन समस्याओं पर होने वाले किसी भी विचार-विमर्श का अनिवार्य अंग बनता जा रहा है। यह वर्तमान भोगवादी संस्कृति में उपजी तमाम आधुनिक विसंगतियों को जानने, समझने तथा उसके निराकरण की कुंजी भी उपलब्ध करवाता है। पंडित दीनदयाल के अनुसार एकात्म मानववाद का शाब्दिक अर्थ मानव के शरीर, मस्तिष्क, बुद्धि और आत्मा को चार पुरुषार्थ-धर्म, अर्थ काम और मोक्ष से एकमत होते हुए तदनुरूप होना है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

अलग बात

## भारत-बांग्लादेश क्रिकेट मैच की प्रासंगिकता


डॉ. रामकिशोर उपाध्याय

हिंं बांग्लादेश इस समय गैर मुस्लिम समुदायों अर्थात अल्पसंख्यकों के लिए जहन्नुम बन गया है। चूंकि वहां अल्पसंख्यकों में हिन्दुओं की संख्या अधिक है इसलिए हिंसा और दंगों का असर हिन्दुओं पर ही सर्वाधिक पड़ता है। एक समय था जब बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या लगभग बाइस प्रतिशत हुआ करती थी। किन्तु आज यह संख्या घटकर लगभग आठ प्रतिशत या इससे भी कम रह गई है क्यों? जानकारों का कहना है कि यदि जिहाद ऐसे ही होती रही तो 2050 तक बांग्लादेश हिंदू विहीन हो जाएगो यहाँ हिन्दू विहीन का अर्थ केवल हिन्दुओं से नहीं अपितु सिख, बौद्ध, ईसाई सभी से है। यदि संयुक्त राष्ट्र द्वारा शीघ्र कठोर कदम नहीं उठाए गए तो ये सब-के-सब धीरे-धीरे मिटा दिए जाएँगे। कुछ की हत्या कर दी जाएगी, कुछ का धर्मान्तरण हो जाएगा और कुछ भगा दिए जाएंगे या स्वयं भाग जाएँगे। प्रश्न भी है कि देखते ही देखते चौदह प्रतिशत हिन्दू घट गए और संसार में कोई हलचल, कोई प्रतिक्रिया या विरोध नहीं हुओ भारत में एक मुसलमान की हत्या होती है तो यह जाने बिना कि इसमें मृतक दोषी था या निर्दोष, हत्या आपसी रंजिश में हुई या अन्य कारण से, जिहादियों ने भारत के सभी हिन्दुओं को असहिष्णु घोषित कर दियो कई मुस्लिम देशों ने विरोध प्रदर्शन कियो मैं यहाँ किसी हत्या का समर्थन नहीं कर रहा, मेरे कहने का आशय यह है कि एक व्यक्ति की हत्या पर पूरी दुनिया में विरोध प्रदर्शन होते हैं और यहाँ 14 प्रतिशत आबादी को मारकाट कर समाप्त कर दिया और संसार में कोई हलचल, आन्दोलन या असहिष्णुता नहीं क्यों? कहने का आशय यह है कि आज जिस प्रकार बांग्लादेश में हिन्दुओं को मारा जा रहा है, उस समय हम भारत के लोग क्या कर रहे हैं? हम बांग्लादेश के साथ क्रिकेट खेल रहे हैं। यह नीरसता, निष्ठुरता और पलायनवाद ही जिहादियों को जिहाद करने और कट्टरपंथियों को हिन्दुओं पर अत्याचार करने का हौसल देता है। भारत में क्रिकेट की लोकप्रियता सबको पता है। भारत-बांग्लादेश के मध्य टी-ट्वेंटी सीरीज का पहला मैच ग्वालियर के नवनिर्मित स्टेडियम में 6 अक्टूबर को होने जा रहा है। ग्वालियर में अनेक संगठन इस मैच का विरोध कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी बड़ी संख्या में इसका विरोध किया जा रहा है। यदि यह मैच रद्द होता है तो पूरी दुनिया में यह सन्देश जाएग कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार का भारत की जनता विरोध कर रही है। मैच का विरोध करने वालों का तर्क है कि इससे बांग्लादेश हिन्दू, बौद्ध, ईसाई ओइक्यो परिषद की उस माँग को बल मिलेगा जिसमें परिषद् संयुक्त राष्ट्र से वर्तमान हिंसा की निष्पक्ष जाँच की मांग कर रही है। यह तो सब जानते ही हैं कि बांग्लादेश के आतंकी इस हिंसा की चर्चा को दबा देना चाहते हैं।**(ये इनके निजी विचार हैं)**

देश की बात

# अंत्योदय से समृद्ध होगा भारत


डॉ. सौरभ मालवीय

देश की समृद्धि के लिए अंत्योदय अत्यंत आवश्यक है। अंत्योदय का अर्थ है- समाज के अंतिम व्यक्ति का उदय। दूसरे शब्दों में- समाज के सबसे निचले स्तर के लोगों का विकास करना ही अंत्योदय है। अंत्योदय के बिना देश उन्नति नहीं कर सकता, क्योंकि जब तक देश के अति निर्धन वर्ग का उत्थान नहीं होता, तब तक वह मुख्यधारा में सम्मिलित नहीं हो सकता। ऐसी स्थिति में देश भी समृद्ध नहीं हो पाएगा। इसलिए अंत्योदय आवश्यक है। जनसंघ के संस्थापक दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय का नारा दिया था। अंत्योदय उनका सपना था। वे कहते थे कि आर्थिक योजनाओं तथा आर्थिक प्रगति का माप समाज के ऊपर की सीढ़ी पर पहुंचे हुए व्यक्ति नहीं, बल्कि सबसे नीचे के स्तर पर विद्यमान व्यक्ति से होगा। अंत्योदय के माध्यम से केवल भारत ही नहीं, अपितु समग्र विश्व का विकास हो सकता है। इसके सुनियोजित योजना एवं उत्तरदायित्व आवश्यक है। विश्व के बहुत से विकसित राष्ट्र हालांकि किसी भी योजना के बिना ही वर्तमान आर्थिक विकास की दर प्राप्त करने में सफल रहे हैं, जिससे कुछ लोगों को यह अनुभव हो रहा है कि योजनाएं न केवल अनावश्यक हैं, अपितु निहायत अवांछनीय भी हैं। इसके बावजूद आम सहमति इस बात पर भी है कि यदि अविकसित राष्ट्र थोड़े समय में वही हासिल करना चाहते हैं, जो विकसित देशों ने लगभग एक शताब्दी में प्राप्त किया है तो विकास को अपनी प्राकृतिक गति पर नहीं छोड़ा जा सकता। विकास की प्रक्रिया शुरू करने के लिए भी एक प्रयास करना पड़ेगा और यह प्रयास नियोजित ढंग से होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने 25 सितंबर, 2014 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 98वीं जयंती के अवसर पर अंत्योदय दिवस की घोषणा की थी, तभी से यह दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का प्रकाश पहुंचाना है, ताकि वे भी प्रगति करके समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित हो सकें। आर्थिक उन्नति के साथ-साथ यह दिवस समाज में व्याप्त असमानताओं के उन्मूलन के लिए कार्य करने की प्रोत्साहित करता है। इसके अतिरिक्त यह दिवस विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देता है, जिससे निर्धनों एवं वंचित वर्गों के लोगों को उनके कल्याण के लिए संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके तथा वे इसका लाभ उठा सकें। सरकार इन वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। दीनदयाल अंत्योदय योजना के कई घटक हैं, जिन्हें अलग-अलग समय पर प्रारंभ किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने 25 सितंबर, 2014 को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना भी प्रारंभ की। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

संसार के उच्चतम आदर्श - विश्वबन्धुत्व के द्वारा शान्ति-को अनुभव करने की दिशा, में योग अर्थात परमात्मा से व्यक्तिगत सम्पर्क करने के विज्ञान का, समय के साथ सभी देशों में, सभी व्यक्तियों में विस्तार हो।

# अनिश्चित संसार में सुरक्षा


श्री श्री परमहंस योगानंद

तब आप किसी के भी शत्रु नहीं हो सकते। यदि सम्पूर्ण संसार उस विश्वजनीन प्रेम के साथ प्रेम कर सके, तो मनुष्यों को एक-दूसरे के विरुद्ध हथियार उठाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। स्वयं अपने क्राइस्ट सरीखे उदाहरण के द्वारा हमें सभी धर्मों, सभी राष्ट्रों एवं सभी जातियों में एकता लानी होगी। व्यापक दयाभाव एवं विवेकशील अन्तर्दृष्टि, जो कि सांसारिक सन्तापों का निवारण करने के लिए आवश्यक है, मात्र मानवीय विविधताओं के बौद्धिक आंकलन से नहीं, अपितु व्यक्तियों की गहनतम एकता - ईश्वर के साथ सम्बन्ध, के ज्ञान से ही प्रवाहित हो सकती हैं। संसार के उच्चतम आदर्श - विश्वबन्धुत्व के द्वारा शान्ति-को अनुभव करने की दिशा, में योग अर्थात परमात्मा से व्यक्तिगत सम्पर्क करने के विज्ञान का, समय के साथ सभी देशों में, सभी व्यक्तियों में विस्तार हो। विश्व का भयावह राजनैतिक घटनाक्रम इस सत्य की ओर कटु संकेत कर रहा है कि आध्यात्मिक दृष्टि के बिना लोगों का विनाश होता है। यदि धर्म ने नहीं, तो विज्ञान ने, मानव जाति में असुरक्षा और सब भौतिक पदार्थों की निस्सारता की अस्पष्ट-सी भावना जगा दी है। मनुष्य सचमुच में यदि अपने स्रोत एवं उद्गम, अपने भीतर स्थित परमात्मा के पास न जाएँ तो अब और कहाँ जाएँ? आण्विक युग में अब वैज्ञानिक रूप से इस निर्विवाद सत्य के द्वारा कि पदार्थ वास्तव में घनीभूत ऊर्जा है। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## आज का दोहा

प्रश्न सधे थे, आपके, बेहद सधे जवाब।
उत्तर देकर आप फिर, मुड़ क्यों गये जनाब।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

आपकी बात

# केंद्र के 42 लाख सीजीएचएस लाभार्थियों के लिए बड़ा निर्णय

नवीन मेल कंटेन्ट सेल

केंद्र सरकार ने सीजीएचएस द्वारा हाल ही में न्यूरो-प्रत्यारोपण की दरों को संशोधित करने का निर्णय लिया गया है। डीबीएस इंप्लांट के लिए सरकारी अस्पताल का न्यूरोलॉजिस्ट निर्धारित प्राधिकारी होगा। इंट्रा-थेकल पंप, इसके इंप्लांट के लिए किसी भी सरकारी अस्पताल के संबंधित दो विशेषज्ञ/न्यूरोलॉजी/न्यूरो-सर्जरी विभाग के प्रमुख, निर्धारित प्राधिकारी होंगे। रीढ़ की हड्डी उत्तेजक, इसके लिए भी सरकारी अस्पताल के संबंधित दो विशेषज्ञ/न्यूरोलॉजी/न्यूरो-सर्जरी विभाग के प्रमुख, निर्धारित प्राधिकारी होंगे। इस तरह के केसों में इंप्लांट की मंजूरी देने के लिए अप्रूविंग अथॉरिटी, सीजीएचएस के निदेशक रहेंगे। सीएस (एमए) नियम, 1944-डीडीजी(एम) या स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के समकक्ष स्तर के अधिकारी भी यह अनुमति प्रदान कर सकते हैं। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) इम्प्लांट्स, इंट्रा-थेकल पंप और स्पाइनल कॉर्ड की फाइनल मंजूरी देने से पहले एक दूसरी प्रक्रिया का अनुशरण करना होगा। इसके लिए एक स्टैंडिंग टेक्नीकल कमेटी गठित की गई है। इसकी सिफारिश के बाद ही मंजूरी की फाइल, सीजीएचएस निदेशक के पास पहुंचेगी। इस कमेटी के चेयरमैन अतिरिक्त महानिदेशक सीजीएचएस (सीजीएचएस लाभार्थियों के मामले में) या डीडीजी(एम) / (पी), डीटीई. जीएचएस (सीएस (एमए) नियम, 1944 लाभार्थियों के मामले में) होंगे। कमेटी के सदस्यों में एचओडी न्यूरोलॉजी/न्यूरो-सर्जरी एम्स, दिल्ली, विभागाध्यक्ष न्यूरोलॉजी/न्यूरो-सर्जरी आरएंडआर अस्पताल, विभागाध्यक्ष न्यूरोलॉजी/न्यूरोसर्जरी सफदरजंग अस्पताल, विभागाध्यक्ष न्यूरोलॉजी/न्यूरोसर्जरी एबीवीआईएमएस और डॉ. आरएमएल अस्पताल, विभागाध्यक्ष न्यूरोलॉजी/न्यूरोसर्जरी जी.बी. पंत अस्पताल और एडी (आर एंड एच) सीजीएचएस दिल्ली (सीजीएचएस लाभार्थियों के मामले में) या अतिरिक्त डीडीजी (एमजी-क्क) (सीएस (एमए) नियम, 1944 लाभार्थियों के मामले में) सदस्य सचिव बनाए गए हैं। इस समिति के लिए कुछ दिशा निर्देश भी जारी किए गए हैं। ऐसे मामले के औचित्य के लिए न्यूनतम 3 विषय क्षेत्र विशेषज्ञों (न्यूरोलॉजी/न्यूरोसर्जरी विशेषज्ञ) की सिफारिश की आवश्यकता होगी। समिति में कम से कम एक न्यूरोलॉजिस्ट और एक न्यूरो-सर्जन शामिल होगा। सभी अस्वीकृतियों को उचित कारणों के साथ सावधानीपूर्वक दर्ज किया जाएगा। तकनीकी समिति सीजीएचएस/सीएस (एमए) नियम, 1944 के तहत लाभार्थियों के संबंध में मामलों पर विचार करेगी। सीजीएचएस/सीएस (एमए) नियम, 1944 के तहत लाभार्थी 'सेवारत कर्मचारियों के मामले में' अपने संबंधित विभाग के माध्यम से स्थायी तकनीकी समिति और संबंधित क्षेत्र या शहर के सीजीएचएस के अतिरिक्त निदेशक को डीबीएस या अन्य न्यूरो प्रत्यारोपण की अनुमति के लिए अनुरोध प्रस्तुत करेंगे। पेंशनभोगी हैं तो उन्हें संबंधित जोन के एडीशनल डायरेक्टर सीजीएचएस की अनुमति लेनी होगी। डीबीएस और अन्य न्यूरो प्रत्यारोपण योजनाबद्ध सर्जरी हैं, इसलिए इनकी पूर्व अनुमति लेना जरुरी है। वित्तीय अनुमोदन प्राधिकारी वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन के मौजूदा नियमों के अनुसार होगा। नॉन-डायरेक्शनल लीड्स के साथ डीबीएस-नॉन-रिचार्जेबल डिवाइस (बैटरी लाइफ 5-8 वर्ष) के लिए 8,37,497 रुपये लगेंगे। डायरेक्शनल लीड के साथ डीबीएस-नॉन-रिचार्जेबल डिवाइस (बैटरी लाइफ 5-8 वर्ष) पर 10,32,586 रुपये खर्च होंगे। गैर-दिशात्मक लीड के साथ डीबीएस-रिचार्जेबल डिवाइस (न्यूनतम बैटरी जीवन 15 वर्ष) के लिए 11,24,049 रुपये खर्च करने होंगे। दिशात्मक लीड के साथ डीबीएस-रिचार्जेबल डिवाइस (न्यूनतम बैटरी जीवन 15 वर्ष) पर 13,89,936 रुपये खर्च होंगे। नई बैटरी (इम्प्लांटेबल पल्स जेनरेटर) (बैटरी लाइफ 5-8 वर्ष) के लिए 5,49,450 रुपये, इंट्रा-थेकल पंप (न्यूनतम बैटरी लाइफ 7 वर्ष) 5,29,898 रुपये, और स्पाइनल कॉर्ड स्टिमुलेटर (न्यूनतम बैटरी लाइफ 10 वर्ष) पर 13,90,243 रुपये खर्च होंगे। उक्त अधिकतम दरों में सर्जरी की लागत शामिल नहीं है। उपकरणों को कंपनी, इम्प्लांटेशन की तारीख से एक वर्ष के लिए सीमित वारंटी प्रदान की जाएगी।


स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## तिरुपति प्रसादम मामले में पवन कल्याण और प्रकाश राज ने एक-दूसरे पर की टिप्पणी

# प्रकाश ने कहा- सनसनीखेज नहीं बनाएं, पवन का जवाब- म्यूचुअल हो सेक्युलरिज्म

**एजेंसी। हैदराबाद**

आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में प्रसादम लड्डू में उपयोग किए जाने वाले घी में जानवरों की चर्बी की बात सामने आई है। लड्डू के लिए घी में चर्बी की मिलावट को लेकर दक्षिण के दो अभिनेता पवन कल्याण और प्रकाश राज में भी जुबानी जंग हो रही है। इस मामले में आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री तेलुगू फिल्म स्टार पवन कल्याण ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखी, जिस पर प्रकाश राज ने टिप्पणी की है। इसके बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया है। पवन कल्याण ने प्रसादम में उपयोग लड्डू के मामले पर कहा था कि वह इससे बहुत



ज्यादा आहत हैं। उन्होंने इस तरह के मामलों पर रोक लगाने के लिए देशभर के लिए सनातन धर्म रक्षण बोर्ड बनाए जाने की मांग की थी। इस पर फिल्म अभिनेता प्रकाश राज ने कहा कि मामला आपके राज्य का है। आप वहां उपमुख्यमंत्री हैं। कृपया मामले की जांच कीजिए। दोषियों को ढूंढिए और कड़ी कार्रवाई कीजिए। आप इस मुद्दे को सनसनीखेज क्यों बना रहे हैं और इसे राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा क्यों बनाना चाहते हैं? देश में पहले ही बहुत सामुदायिक तनाव है। प्रकाश राज की बात पर पवन कल्याण ने कहा है कि वे हिंदुत्व की पवित्रता और खाद्य पदार्थों में मिलावट के बारे में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वे प्रकाश राज का सम्मान करते हैं। जहां तक सेकुलरिज्म का विषय है, ये म्यूचुअल होना चाहिए। उन्हें नहीं समझ आता कि वे उनकी आलोचना क्यों कर रहे हैं? क्या वे सनातन धर्म पर अटैक के बारे में नहीं बोल सकते? प्रकाश को मामले से सबक लेना चाहिए। फिल्म उद्योग या किसी को भी इस मुद्दे को हल्के में नहीं लेना चाहिए। वे सनातन धर्म को लेकर बहुत गंभीर हैं। इस पर आगे प्रकाश राज ने कहा कि उन्होंने उनका प्रेस को दिया वक्तव्य देखा है। उनकी कही बात का गलत अर्थ निकाला गया है। वे विदेश में शूटिंग कर रहे हैं। उनके सवालों का जवाब देने के लिए वापस आएंगे। इस बीच अगर वे उनके पिछले ट्वीट को देख सकें और समझ सकें तो वे उनके आभारी रहेंगे। उल्लेखनीय है कि तिरुपति मंदिर के प्रसादम में मिलावट के बाद आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने सोशल मीडिया पर भावुक टिप्पणी की थी। वे मंदिर के प्रसाद में मिलावट को लेकर इतने आहत थे कि उन्होंने 11 दिन का उपवास अर्थात प्रायश्चित दीक्षा करने का फैसला किया है।

# मुडा घोटाले की जांच सीबीआई से कराई जाए : जोशी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) साइट आवंटन घोटाला मामले में अभियोजन के लिए राज्यपाल की मंजूरी को चुनौती देने वाली कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की याचिका को कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जोशी ने सोशल मीडिया एक्स पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के इस्तीफे के साथ मुडा घोटाला मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की है। केंद्रीय मंत्री जोशी ने सोशल मीडिया में अपनी पोस्ट में कहा, यह कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर करारा तमाचा है। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने उठाए गए सभी सवालों का जवाब दे दिया है। उन्होंने आगे कहा, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को इस्तीफा दे देना चाहिए और सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए।

## दिल्ली में भारतीय तटरक्षक कमांडरों के सम्मेलन में शामिल हुए राजनाथ सिंह, कहा

# भविष्य में समुद्री खतरे बढ़ेंगे हमें तैयार रहने की जरूरत

**बोले रक्षा मंत्री**

- तकनीकी क्रांति के दौर में सुरक्षा क्षेत्र में हो रहे बड़े बदलाव
- आईसीजी को सक्रिय, सतर्क और तैयार रहने की जरूरत



**एजेंसी। नई दिल्ली**

वर्तमान भूराजनीतिक स्थिति को देखते हुए भविष्य में समुद्री खतरे बढ़ेंगे। हमें सतर्क और तैयार रहने की जरूरत है। मंगलवार को यह बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही। वह दिल्ली में आयोजित भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) कमांडरों के सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया तकनीकी क्रांति के दौर से गुजर रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी और ड्रोन के इस युग में सुरक्षा के क्षेत्र में अहम बदलाव देखने को मिल रहे हैं। समुद्री सुरक्षा की जटिलताओं की पृष्ठभूमि में तटरक्षक कमांडरों का सम्मेलन रणनीतिक, परिचालन और प्रशासनिक मामलों पर चर्चा का एक महत्वपूर्ण मंच है। यहां तटरक्षक मुख्यालय में वरिष्ठ कमांडरों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने आईसीजी को भारत का अग्रणी रक्षक बताया, जो निरंतर निगरानी के माध्यम से देश की विशाल तटरेखा की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। और, आतंकवाद और हथियारों की तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों की रोकथाम करता है। तटरक्षक दल जिस बहादुरी और समर्पण के साथ संकट के समय में देश की सेवा करता है, उसकी सराहना करते हुए उन्होंने उन बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने पोरबंदर के पास हाल ही में एक ऑपरेशन में अपनी जान गंवा दी। राजनाथ सिंह ने देश को आंतरिक आपदाओं से बचाने में भी आईसीजी के योगदान को अद्वितीय बताया। उन्होंने चक्रवात मिचौंग के बाद चेन्नई में तेल रिसाव के दौरान तटरक्षक दल की त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना की। यहां तटरक्षक बल की सक्रियता से तटीय पारिस्थितिकी तंत्र को एक बड़ी क्षति होने से बचा लिया गया। रक्षा मंत्री ने आईसीजी को सबसे मजबूत तट रक्षकों में से एक बनाने के अपने दृष्टिकोण को साझा किया। उन्होंने आज के अप्रत्याशित समय में उभरते खतरों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी-उन्मुख बल बनने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने समुद्री सीमाओं पर अत्याधुनिक तकनीक के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह देश की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में कार्य करती है। राजनाथ सिंह ने कहा, जनशक्ति का महत्व हमेशा रहेगा, लेकिन दुनिया को हमें प्रौद्योगिकी-उन्मुख तटरक्षक बल के रूप में जानना चाहिए। रक्षा मंत्री ने नवीनतम प्रौद्योगिकी को शामिल करने के लाभों पर जोर दिया, उन्होंने कमांडरों को इसके नकारात्मक पक्ष से सावधान रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने प्रौद्योगिकी को दोधारी तलवार करार दिया और आईसीजी से संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए सक्रिय, सतर्क और तैयार रहने का आह्वान किया। राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों और आईसीजी को स्वदेशी प्लेटफार्मों और उपकरणों के साथ आधुनिक बनाने और मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर उन्होंने कहा कि आईसीजी के लिए 4,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 31 जहाज भारतीय शिपयार्ड द्वारा बनाए जा रहे हैं। उन्होंने आईसीजी की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए रक्षा अधिग्रहण परिषद द्वारा दी गई मंजूरी पर भी प्रकाश डाला, जिसमें मल्टी-मिशन समुद्री विमान, सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो, इंटरसेप्टर नौकाएं, डोर्नियर विमान और अगली पीढ़ी के फास्ट पेट्रोल जहाजों की खरीद शामिल है। रक्षा मंत्री ने आईसीजी से खुद में सुधार जारी रखने, एक विशिष्ट पहचान बनाने, अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करने और नए जोश के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया।

### आरजी कर मामले में सीबीआई ने पोस्टमॉर्टम करने वाले को फिर बुलाया

**कोलकाता।** आरजी कर कांड की जांच के सिलसिले में, मंगलवार को सीबीआई ने पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर अपूर्व विश्वास को फिर से सीजीओ कांप्लेक्स स्थित कार्यालय में बुलाया। इस मामले में आरजी कर के पूर्व सुप्रीटेंडेंट संजय बशिष्ठ भी सीबीआई कार्यालय में उपस्थित हुए। डॉ अपूर्व विश्वास उस पीड़िता का पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर हैं, जिसकी मौत के बाद यह मामला चर्चा में आया था। मंगलवार को वह दोपहर में सीजीओ कांप्लेक्स में सीबीआई दफ्तर पहुंचे और लगभग डेढ़ घंटे वहां रहे।

# बंगाल के मयनागुड़ी में मालगाड़ी की पांच बोगियां पटरी से उतरीं

**नवीन मेल संवाददाता**



**जलपाईगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार डिवीजन के न्यू मयनागुड़ी स्टेशन पर एक मालगाड़ी की पांच बोगियां बेपटरी हो गईं। मंगलवार की सुबह हुई दुर्घटना के बाद मालगाड़ी की बोगियां रेलवे ट्रैक पर बिखर गईं, जिससे इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया। ट्रेनों को दूसरे रूट से परिवर्तित कर चलाया जा रहा है। परिचालन को सामान्य करने के लिए रेलवे की टीम तेजी से काम कर रही है। मौके पर डीआरएम समेत रेलवे के बड़े अधिकारी पहुंचे। उल्लेखनीय कि पिछले कुछ दिनों से देश के अलग-अलग इलाको में ट्रेनों को बेपटरी होने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। इस घटना के पीछे साजिश है या यह एक सामान्य दुर्घटना है, इसकी जांच की जा रही है।

# जम्मू-कश्मीर में दूसरे चरण का चुनाव आज, 239 उम्मीदवार मैदान में

**एजेंसी। जम्मू**




जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में बुधवार को 26 सीटों के लिए 25 लाख से अधिक मतदाता 239 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। यह विधानसभा क्षेत्र घाटी और जम्मू संभाग के तीन-तीन जिलों में फैले हुए हैं। भारत के चुनाव आयोग ने इन क्षेत्रों में 3,502 मतदान केंद्र स्थापित किए हैं। इनमें 1,056 शहरी मतदान केंद्र और 2,446 ग्रामीण मतदान केंद्र हैं। 18 सितंबर को मतदान के पहले चरण में अनुमानित 61.38 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। अधिकारियों के अनुसार पारदर्शिता सुनिश्चित करने के चुनाव आयोग के प्रयासों के तहत सभी मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए दूसरे चरण के लिए 157 विशेष मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। 26 गुलाबी मतदान केंद्र महिलाओं के लिए, 26 मतदान केंद्र विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के लिए, 26 मतदान केंद्र युवाओं के लिए, 31 सीमा मतदान केंद्र, 26 हरित मतदान केंद्र और 22 अद्वितीय मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। इस चरण में पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जेकेपीसीसी अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा और भाजपा के प्रदेश प्रधान रविंदर रैना चुनावी मैदान में हैं। अब्दुल्ला गांदरबल और बड़गाम सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि कर्रा सेंट्रल शाल्टेंग से चुनाव लड़ रहे हैं। रैना राजौरी जिले में अपनी नौशेरा सीट को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे, जिसे उन्होंने 2014 के विधानसभा चुनावों में जीता था। बरकती बीरवाह और गांदरबल विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे हैं। राशिद इंजीनियर के नाम से मशहूर शेख अब्दुल राशिद ने इस साल की शुरुआत में तिहाड़ जेल से संसदीय चुनाव लड़ा था और फिर भी बारामूला निर्वाचन क्षेत्र से अब्दुल्ला को दो लाख से अधिक मतों के अंतर से हराने में कामयाब रहे।

### बिहार में नहाने के दौरान डूबने से छह की मौत

**पटना।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के लखौरा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव की रहने वाली तीन बहनें जितिया पर्व के मौके पर सोती नदी में नहाने के लिए गई थीं। नहाने के दौरान ही तीनों बहनों के गहरे पानी में चली गईं और डूबने से उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान शिवपूजन राम की 20 वर्षीय विवाहित पुत्री दीपनी कुमारी, 15 वर्षीय पुत्री मंजू कुमारी और परमानंद बैठा की 18 वर्षीय पुत्री रीमा कुमारी के रूप में हुई हैं। दूसरी घटना मुंगरे की है। यहां गंगा में आए बाढ़ के पानी में बच्चों और युवाओं की मौज-मस्ती भारी पड़ गई। दो अलग-अलग जगहों पर पानी में तीन लड़के डूब गए। जिले में बरियारपुर प्रखंड के बरियारपुर खड़गपुर मार्ग में साधु बाबा थान के समीप दो छात्रों की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान असरगंज माल खानपुर निवासी बब्लू पासवान के 14 वर्षीय बेटा चाहत कुमार और लोहचि नाकी निवासी बालेश्वर पासवान के 14 साल के बेटे मुकुंद कुमार के रूप में हुई है। दोनों दसवीं के छात्र थे।

## आज का राशिफल

**मेष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृष :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान की कोशिश करेगा।

**कर्क :** लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगें।

**सिंह :** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा।

**कन्या :** विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होंगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**तुला :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक :** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी।

**धनु :** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**मकर :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**कुंभ :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मीन :** जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

# तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 की हुई शुरुआत

**नवीन मेल संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने मंगलवार को लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में आयोजित एक हाइब्रिड कार्यक्रम में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 के दूसरे संस्करण का शुभारंभ किया। यह अभियान दो महीने तक चलेगा। इस मौके पर राज्य मंत्री ने देश भर के चिकित्सा संस्थानों में तंबाकू निषेध केंद्रों का भी उद्घाटन किया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से बचाना है। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रतापराव जाधव ने कहा कि देश में हर साल लगभग 13 लाख लोग तंबाकू के कारण अपनी जान गंवा देते हैं। उन्होंने कहा कि तंबाकू युवाओं के बीच एक फैशन स्टेटमेंट बन गया है, लेकिन इससे कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी हो सकती हैं। युवाओं को तंबाकू के सेवन से अधिक अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करते हुए जाधव ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य आंतरिक रूप से स्वयं को संतुष्टि देता है। तभी वह अपने परिवार और समाज के विकास में भागीदारी निभा सकता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे तंबाकू के सेवन और इसकी लत से दूर रहें।

## योगी आदित्यनाथ ने की उच्च स्तरीय बैठक, कहा

# खाने-पीने की दुकानों में अपशिष्ट पदार्थों की मिलावट स्वीकार्य नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

- उप्र में खाने-पीने की हर दुकान पर लिखना होगा मालिक का नाम
- सीसीटीवी भी जरूरी, हर कर्मचारी का होगा पुलिस वेरिफिकेशन

**लखनऊ।** तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद (लड्डू) में मिलावट का मामला सार्वजनिक होने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार सतर्क हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सूबे में अब ढाबों और होटलों समेत ऐसे प्रतिष्ठानों की जांच के साथ ही उनमें कार्य करने वाले कर्मचारियों का भी पुलिस सत्यापन किया जाएगा। देश के विभिन्न क्षेत्रों में हुई कुछ आपत्तिजनक घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट आदि संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच और सत्यापन आदि के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही, आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में देश के विभिन्न क्षेत्रों में जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, अखाद्य तथा गंदी चीजों की मिलावट की घटनाएं देखने को मिली हैं। ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। ऐसे कुत्सित प्रयास कतई स्वीकार नहीं किए जा सकते। उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस प्रबंध किए जाने आवश्यक हैं। ऐसे ढाबों और रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की जांच की जानी आवश्यक है। प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाकर इन प्रतिष्ठानों के संचालक सहित वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन किया जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस व स्थानीय प्रशासन संयुक्त टीम द्वारा यह कार्रवाई शीघ्रता से संपन्न कराई जाए। खान-पान के प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रॉपराइटर, मैनेजर आदि के नाम और पता प्रमुखता से डिस्प्ले किए जाने चहिए। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवश्यकतानुसार संशोधन भी किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ढाबों, होटलों और रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी की व्यवस्था हो। न केवल ग्राहकों के बैठने के स्थान पर, बल्कि प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों को भी सीसीटीवी से कवर होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी की फीड को सुरक्षित रखेगा और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस और स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराएगा। खान पान के केंद्रों पर साफ-सफाई होनी चाहिए।



# मंदिरों का सरकारीकरण नहीं, सामाजीकरण हो : डॉ सुरेंद्र जैन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

- विहिप ने कहा, उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए

तिरुपति मंदिर में प्रसादम को गंभीर रूप से अपवित्र करने से आहत विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने मंगलवार को कहा कि अब मंदिरों का सरकारीकरण नहीं, समाजीकरण होना चाहिए। विहिप के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेंद्र जैन ने कहा कि इस दुर्भाग्यजनक महापाप की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कर दोषियों को कठोरतम सजा होनी चाहिए। साथ ही भगवान के भक्तों को समाविष्ट कर ऐसी व्यवस्था भी सुनिश्चित करनी चाहिए जिसमें इस तरह के षड्यंत्र की कोई संभावना न रह सके। डॉ जैन ने कहा कि तिरुपति बालाजी मंदिर से मिलने वाले प्रसादम की पवित्रता के संबंध में आस्थावान हिंदुओं की अगाध श्रद्धा होती है। दुर्भाग्य से इस प्रसाद को निर्माण करने वाले घी में गाय व सूअर की चर्बी तथा मछली के तेल की मिलावट के अत्यंत दुखद और हृदय विदारक समाचार आ रहे हैं। पूरे देश का हिंदू समाज आक्रोशित है और हिंदुओं का क्रोध अलग-अलग रूप में प्रकट हो रहा है। डॉ जैन ने कहा कि तिरुपति बालाजी मंदिर का संचालन आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित बोर्ड करता है। वहां केवल प्रसाद निर्माण के मामले में ही हिंदू आस्थाओं के साथ खिलवाड़ नहीं किया गया, अपितु हिंदुओं के द्वारा अत्यंत श्रद्धा भाव से अर्पित की गई देव राशि (चढ़ावा) के सरकारी अधिकारियों व राजनेताओं द्वारा दुरुपयोग के भी कष्टकारी समाचार मिलते रहते हैं। कई बार तो हिंदुओं के धर्म पर आघात कर हिंदुओं का धर्मांतरण करने वाली संस्थाओं को इस पवित्र राशि से अनुदान देने के समाचार भी मिलते रहे हैं। इस प्रकार के समाचार तमिलनाडु, केरल व कर्नाटक से भी मिल रहे हैं।

# मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ चलेगा केस

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की ओर से दाखिल याचिका को खारिज कर दिया। सिद्धारमैया ने राज्यपाल थावर चंद गहलोत की मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) योजना के तहत उनकी पत्नी को जमीन आवंटन के मामले में उनके खिलाफ दाखिल केस को अनुमति दिए जाने का विरोध किया था। न्यायाधीश एम नागप्रसन्ना ने अपने निर्णय में माना कि राज्यपाल की 16 अगस्त को दी गई मंजूरी किसी भी तरह से गलत नहीं थी। उन्होंने कहा कि राज्यपाल को व्यक्तिगत शिकायत के आधार पर निर्णय देने का अधिकार है। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय ने 12 सितंबर को मामले में अपनी सुनवाई पूरी कर ली थी और आदेश सुरक्षित रखा था। इससे पहले न्यायालय ने बेंगलुरु की एक विशेष अदालत को मामले में आगे की कार्यवाही स्थगित करने का निर्देश दिया था। उच्च न्यायालय ने कहा कि मंजूरी देने के कारणों का विवरण राज्यपाल की फाइलों में दिया गया था। राज्यपाल की ओर से आदेश पारित करने के लिए स्वतंत्र विवेक का प्रयोग करने में कोई दोष नहीं पाया जा सकता है। उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि राज्यपाल ने सिद्धारमैया के खिलाफ मामला दर्ज करने की मंजूरी देने में जल्दबाजी में निर्णय नहीं लिया था। वहीं, कर्नाटक के मुख्यमंत्री के अधिवक्ताओं ने तर्क दिया था कि मंजूरी मांगे जाने के 20 दिनों के भीतर इसकी अनुमति दी गई थी।

### फलित सिजरिया चुने गए राष्ट्रमंडल युवा परिषद के उपाध्यक्ष

**झांसी।** झांसी के फलित सिजरिया हाल ही में हुए राष्ट्रमंडल युवा परिषद के चुनावों में जीत कर अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुने गए हैं। इस दायित्व में वह राष्ट्रमंडल के 56 देशों के 150 करोड़ से अधिक युवाओं का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस वर्ष अध्यक्ष की कुर्सी अफ्रीकी महाद्वीप के लिए आरक्षित थी। इस चुनाव में सभी देशों की राष्ट्रीय युवा परिषद एवं सरकारें अपना वोट देती हैं। हर देश के पास एक वोट होता है। फलित का शपथ ग्रहण अगले माह 20 अक्टूबर को समोआ के पैसिफिक टापू पर सभी राष्ट्रमंडल देशों के राष्ट्रध्यक्षों के समक्ष होगा। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी एवं विदेश मंत्री जयशंकर भी इस बैठक में अपेक्षित हैं। यहां राष्ट्रमंडल युवा सम्मेलन में सभी देशों के प्रतिनिधि रहेंगे। कई सरकारों एवं राष्ट्रीय युवा परिषदों की ओर से बधाई संदेश आए हैं। अफ्रीकी युवा संगठन एवं पैसिफिक युवा संगठन के कई पदाधिकारियों ने इस परिणाम का स्वागत किया है।

# आईसीसी ने की महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को आगामी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के नौवें संस्करण के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी है। दस अंपायर और तीन मैच रेफरी 3 से 20 अक्टूबर तक संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित टूर्नामेंट का संचालन करेंगे। अंपायरों के अनुभवी समूह में क्लेयर पोलोसाक सहित अनुभवी अधिकारी शामिल हैं, जो अपने पांचवें आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप में अंपायरिंग करेंगे, जबकि किम कॉटन और जैकलिन विलियम्स मेजबान दक्षिण अफ्रीका और अंतिम चैंपियन, ऑस्ट्रेलिया, के बीच।

पिछले फरवरी में केप टाउन में हुए फाइनल की जिम्मेदारी संभालने के बाद अपने चौथे विश्व कप में अंपायरिंग करेंगे। सू रेडफर्न, जो उस फाइनल में टीवी अंपायर थीं, भी टूर्नामेंट में अपनी चौथी उपस्थिति के लिए वापस आ गई हैं। स्पेक्ट्रम के दूसरे छोर पर, जिम्बाब्वे की सारा दंबनेवाना अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराएंगी। मैच रेफरी की टीम में जीएस लक्ष्मी शामिल हैं, जिन्होंने 2012 में अपना पहला टी20ई रेफरी किया था और 2023 में फाइनल की देखरेख की थी। उनके साथ शैंड्रे फ्रिट्ज और मिशेल परेरा भी शामिल हैं, जो अपने दूसरे आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में रेफरी की भूमिका में हैं।

**आईसीसी के वरिष्ठ प्रबंधक, अंपायर और रेफरी, सीन इजी ने कहा**

आईसीसी को हमारे खेल में महिलाओं की उन्नति में योगदान देने पर गर्व है। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए मैच अधिकारियों की इस पूर्ण महिला लाइनअप की घोषणा करना अद्भुत है। द्विपक्षीय और अन्य क्रिकेट में अपने हालिया फॉर्म के बाद इस आयोजन के लिए सबसे योग्य अंपायरों के रूप में चुने गए इस समूह में दुनिया भर के कुछ बेहतरीन अंपायर हैं। उन्होंने आगे कहा, हमें विश्वास है कि वे इस आयोजन में बहुत अच्छा काम करेंगे। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं क्योंकि वे इसमें शामिल सभी लोगों के लिए एक रोमांचक टूनार्मेंट में दुनिया की शीर्ष महिला क्रिकेटरों की देखरेख करेंगी।'

## इंग्लैंड की कप्तान हीथर ने 2012 की ब्लैकफेस फोटो के लिए मांगी माफी




**लंदन।** इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हीथर नाइट को क्रिकेट अनुशासन आयोग (सीडीसी) ने 2012 में ब्लैकफेस वाली तस्वीर के लिए फटकार लगाई है और 1000 ग्रेट ब्रिटेन पाउंड का जुमार्ना लगाया है, उनके इस व्यवहार को नस्लवादी और भेदभावपूर्ण आचरण माना गया है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, 2012 में क्रिकेट क्लब पार्टी में स्पोर्ट्स स्टार थीम वाली फैंसी ड्रेस पार्टी में किसी तीसरे पक्ष द्वारा ली गई तस्वीर ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के निर्देश 3.3 का उल्लंघन किया, जिसमें उस समय कहा गया था, ₹कोई भी व्यक्ति खुद को इस तरह से संचालित नहीं कर सकता है या कोई ऐसा कार्य या चूक नहीं कर सकता है जो क्रिकेट के हितों के लिए हानिकारक हो या जो क्रिकेट के खेल या किसी क्रिकेटर या क्रिकेटरों के समूह को बदनाम करे। नाइट, जो उस समय 21 वर्ष की थी, ने आरोपों को स्वीकार कर लिया और अपने आचरण के लिए माफी मांगी। ईसीबी द्वारा जारी एक बयान में नाइट ने कहा, 2012 में मैंने जो गलती की थी, उसके लिए मैं सच में खेद व्यक्त करती हूं।

## मुझे टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलने का कोई अफसोस नहीं है : धवल कुलकर्णी



**एजेंसी। जोधपुर**

फ्रेंचाइजी और टी20 क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के बीच घरेलू और टेस्ट क्रिकेट से क्रिकेटरों समेत फैंस का ध्यान भी हटने लगा है। युवाओं में आईपीएल खेलने के बढ़ते चलन के बीच पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने कहा कि अगर अंतिम लक्ष्य देश के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना है, तो घरेलू क्रिकेट खेलना अधिक महत्वपूर्ण है।

घरेलू क्रिकेट में 18 साल खेलने के बाद पिछले सत्र में संन्यास की घोषणा करने वाले कुलकर्णी ने कहा कि घरेलू लाल गेंद प्रतियोगिताओं में लगातार अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं है। मुंबई के पूर्व तेज गेंदबाज ने आईएएनएस से कहा, 100 फीसदी, जब आप घरेलू क्रिकेट खेलते हैं, तो आपको आईपीएल में खेलने का मौका मिलता है। अगर आप भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं, तो घरेलू क्रिकेट खेलना बहुत जरूरी है। मुंबई क्रिकेट में, जब भी कोई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी फ्री होता है तो वह घरेलू क्रिकेट में खेलता है क्योंकि हमने वह मानक तय किया है। घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं है।

उन्होंने कहा, इस बीच, आईपीएल भी महत्वपूर्ण है लेकिन मैं घरेलू क्रिकेट को अधिक महत्व देता हूं। टेस्ट खेलने के लिए घरेलू क्रिकेट के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

घरेलू क्रिकेट का यह दिग्गज खिलाड़ी अपने करियर और उपलब्धियों से खुश है, जिसमें मुंबई के साथ पांच रणजी ट्रॉफी खिताबी जीत शामिल हैं। कुलकर्णी ने कहा,मैंने पिछले सीजन में ही संन्यास लेने की योजना बना ली थी। मुझे नहीं लगता कि बहुत से तेज गेंदबाजों ने 18 साल तक घरेलू क्रिकेट खेला है। यह बहुत अच्छा समय था और कई युवा तेज गेंदबाज मुंबई की टीम में आ रहे थे, लेकिन मेरी वजह से उन्हें मौका नहीं मिल रहा था। मुझे लगा कि यह उनके लिए टीम में आने और अच्छा प्रदर्शन करने का सही समय है। फिलहाल मुंबई की टीम में तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी और शार्दुल ठाकुर जैसे तीन मुख्य तेज गेंदबाज हैं और कई युवा प्रतिभाएं टीम में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

## हॉकी इंडिया अक्टूबर में दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए करेगा जर्मनी की मेजबानी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया (एचआई) ने भारतीय पुरुष टीम और जर्मनी के बीच बहुप्रतीक्षित दो मैचों की द्विपक्षीय हॉकी श्रृंखला की घोषणा की है, जो अक्टूबर 2024 में होगी। भारत ने पिछली बार जर्मनी का सामना पेरिस 2024 ओलंपिक के सेमीफाइनल में किया था, जहां जर्मनी ने 3-2 से जीत हासिल की थी। दोनों मैच 23 और 24 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी के प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने कहा, जर्मनी के खिलाफ यह द्विपक्षीय श्रृंखला विश्व स्तरीय हॉकी का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन होगी। भारत और जर्मनी दोनों का खेल में एक समृद्ध इतिहास है, और यह श्रृंखला प्रशंसकों को दुनिया की दो सबसे मजबूत टीमों के बीच एक गहन प्रतिस्पर्धा देखने का अवसर देगी। हम इस आयोजन की मेजबानी करके गौरवान्वित हैं, जो न केवल हॉकी की भावना को बढ़ावा देगा बल्कि दोनों देशों के बीच संबंधों को भी मजबूत करेगा। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह का मानना है कि दोनों टीमों के पास भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंटों के लिए अपने कौशल को निखारने का मौका होगा। उन्होंने कहा, भारत-जर्मनी हॉकी प्रतिद्वंद्विता हमेशा एक रोमांचक मुकाबला रही है। हमारे खिलाड़ी ऐसी अच्छी टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं, और मेरा मानना है कि यह श्रृंखला दोनों टीमों को भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों से पहले अपने कौशल और रणनीतियों को निखारने का मौका देगी। हमें इस भारत-जर्मन सहयोग का हिस्सा होने पर गर्व है, जो न केवल व्यापार और कूटनीति बल्कि खेल के प्रति प्रेम को भी साथ लाता है। जर्मन हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हेनिंग फास्टरिच इस द्विपक्षीय श्रृंखला को जर्मनी और भारत के बीच खेल संबंधों को मजबूत करने के अवसर के रूप में देख रहे हैं।

उन्होंने कहा, भारत हमेशा से हॉकी के लिए एक विशेष स्थान रहा है, और हमारी टीम उत्साही भारतीय हॉकी प्रशंसकों के सामने खेलने के लिए उत्साहित है। यह श्रृंखला जर्मनी और भारत के बीच खेल संबंधों को मजबूत करने का एक शानदार अवसर होगा, साथ ही दोनों टीमों को आगामी वैश्विक आयोजनों की तैयारी के लिए एक प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान करेगा। हम ऐतिहासिक मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में खेलने की चुनौती और अनुभव का इंतजार कर रहे हैं।




## फीफा ने लीगल हैंडबुक का 2024 संस्करण प्रकाशित किया

**जिनेवा।** विश्व फुटबॉल की नियामक संस्था फीफा ने सोमवार को लीगल हैंडबुक का 2024 संस्करण प्रकाशित किया, जिसमें दुनिया भर के फुटबॉल समुदाय को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए नवीनतम नियम, वैधानिक दस्तावेज और परिपत्र शामिल हैं। विश्व फुटबॉल शासी निकाय ने 2020 में पहले संस्करण के बाद से हर साल कानूनी पुस्तिका प्रकाशित की है। नए संस्करण में फुटबॉल संगठनों और मैचों पर लागू सभी नियमों और कानूनों में हालिया परिवर्तन और संशोधन शामिल हैं। अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों के अलावा, कानूनी पुस्तिका के 2024 संस्करण में फीफा के नियमों के अद्यतन संस्करण, खिलाड़ियों की स्थिति और स्थानांतरण पर विनियम, तथा महिला खिलाड़ियों और कोचों के लिए नियामक ढांचा शामिल हैं।

## दिल्ली प्रीमियर लीग का तीसरा सीजन कल से शुरू होगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के तीसरा सीजन का आगाज 26 सितंबर से अंबेडकर स्टेडियम में होने वाला है। यह दिल्ली में फुटबॉल का सर्वोच्च स्तर का टूर्नामेंट है। टूर्नामेंट का आयोजन दिल्ली सॉकर एसोसिएशन (डीएसए) द्वारा किया जाता है, जो दिल्ली में फुटबॉल की शासी संस्था है और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) का सदस्य है। अपने पिछले दो संस्करणों में यह लीग खिलाड़ियों के लिए भारतीय फुटबॉल में अपना नाम बनाने का एक मंच रही है। डीएसए के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर भारत की अग्रणी फुटबॉल लीगों में से एक के रूप में, डीपीएल शीर्ष प्रतिभाओं को तराशने और उन्हें इस खेल में अपना नाम बनाने का मौका दे रही है। यह आगामी सीजन और भी अधिक रोमांचक होने का वादा करता है। टूनार्मेंट में पिछले सीजन के चैंपियन गढ़वाल हीरोज एफसी और उपविजेता रॉयल रेंजर्स एफसी सहित 12 टीमें शामिल हैं, जो एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता सुनिश्चित करती हैं जो प्रशंसकों को आकर्षित करेगी।

## भारतीय पिचों में टर्न से परेशान गुप्टिल

**जोधपुर।** न्यूजीलैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल का मानना है कि भारत के आगामी टेस्ट दौरे पर उनकी टीम बल्लेबाजों के लिए सबसे बड़ी चुनौती स्पिन गेंदबाजों से निपटने की होगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के शुरूआती चक्र (2019-21) का फाइनल खेलने वाली भारत और न्यूजीलैंड की टीमें 16 अक्टूबर से तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलेगी। इस श्रृंखला के मैच बेंगलुरु, पुणे और मुंबई में खेले जाएंगे। गुप्टिल ने मंगलवार को यहां लीजेंड्स लीग क्रिकेट के इतर कहा कि भारत में आपको कभी-कभी लगता है कि आप रन बना ही नहीं सकते हैं। भारत की सबसे कठिन बात यह है कि यहां गेंद की स्पिन का अंदाजा लगाना मुश्किल है। कई बार गेंद जरूरत से ज्यादा टर्न होती है तो कई बार सीधी रह जाती है। उन्होंने कहा कि आप कभी नहीं जानते कि कौन सी गेंद टर्न लेने वाली है और कौन सी सीधी जाने वाली है। ऐसे में आपको हमेशा सोचते रहना होगा, आपको मानसिक रूप से हमेशा मजबूत और अपने खेल में शीर्ष पर रहना होगा। भारतीय टीम घरेलू मैदान पर पिछले 17 श्रृंखलाओं से अजेय है। गुप्टिल ने कहा कि भारत पर जीत हासिल करने के लिए दबाव बनाना होगा। उन्होंने कहा कि भारत में किसी टीम के लिए अपने खेल के शीर्ष पर होना काफी मुश्किल है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले चोटिल फर्नांडो टीम से बाहर

**एजेंसी। गॉल**

टेस्ट क्रिकेट में लगातार बड़ा उलटफेर कर रही श्रीलंकाई टीम एक बार फिर खिलाड़ियों के चोटों से परेशान नजर आ रही है। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले तेज गेंदबाज विश्वा फर्नांडो चोटिल होने के कारण बाहर हो गए हैं और उनकी जगह ऑफ स्पिनर निशान पीरिस को टीम में शामिल किया है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने मंगलवार को यह घोषणा की। फर्नांडो को अभ्यास के दौरान दाहिने हैमस्ट्रिंग में जकड़न महसूस हुई और उन्हें रिहैब के लिए हाई परफॉर्मेंस सेंटर भेज दिया गया है। श्रीलंका क्रिकेट ने मंगलवार को जारी बयान में बताया, ₹विश्वा फर्नांडो को अभ्यास के दौरान दाएं हैमस्ट्रिंग में जकड़न हो गई थी, इसलिए उन्हें रिहैब के लिए हाई परफॉर्मेंस सेंटर भेज दिया गया है। उनकी जगह 27 वर्षीय दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर निशान पीरिस को टीम में शामिल किया गया है। फर्नांडो, जिन्होंने अपने अंतिम टेस्ट मैच में 86 रन देकर 5 विकेट लिए थे। इसलिए यह श्रीलंका के लिए एक बड़ा झटका होगा, लेकिन टीम को 27 वर्षीय निशान से काफी उम्मीदें हैं। ऑफ स्पिनर श्रीलंका के बांग्लादेश दौरे के दौरान टीम का हिस्सा थे, लेकिन उन्होंने अभी तक टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू नहीं किया है। इस गेंदबाज ने घरेलू क्रिकेट में अपनी क्षमता साबित की है। उन्होंने 41 प्रथम श्रेणी मैचों में 24.37 की शानदार औसत से 172 विकेट लिए हैं।



## अश्विन ने अपनी बढ़ती उम्र को लेकर कप्तान रोहित के साथ हुई मजेदार बातचीत को किया साझा




**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट के दौरान कप्तान रोहित शर्मा के साथ एक मजेदार बातचीत को साझा किया। 22 सितंबर को भारत की 280 रनों की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाने वाले अश्विन की ऑलराउंड प्रतिभा ने एक बार फिर उनकी बेहतरीन प्रतिभा को उजागर किया है। 38 साल की उम्र में, अश्विन अपनी निरंतरता और मैच जीतने वाले प्रदर्शनों के लिए प्रशंसा बटोर रहे हैं, जबकि भारतीय क्रिकेट टीम युवा खिलाड़ियों की ओर बढ़ रही है। अपने नवीनतम यूट्यूब वीडियो में, अश्विन ने एक मजेदार किस्सा साझा किया कि कैसे उनकी पत्नी, प्रीति नारायणन ने दलीप ट्रॉफी के हाइलाइट्स देखते हुए उम्र के बारे में बातचीत शुरू की।



### लोहरदगा में कांग्रेस की रायशुमारी बैठक में हंगामा

# सांसद सुखदेव भगत व विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के समर्थक आमने-सामने, हुई जमकर नारेबाजी



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** जिला कांग्रेस कार्यालय राजेन्द्र भवन में मंगलवार को विधानसभा चुनाव को लेकर रायसुमारी की बैठक आयोजित हुई। यह बैठक लोहरदगा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार बनने के लिए लगभग 11 आवेदनों को लेकर की गई थी। जिसमे जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी चयन के दौरान कांग्रेस के एक गुट द्वारा स्थानीय उम्मीदवार की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया गया। रायसुमारी बैठक में विधायक डॉ रामेश्वर उरांव व सांसद सुखदेव भगत के कार्यकर्ता व समर्थक आमने सामने हो गए और अपने नेता के समर्थन में नारे लगाने लगे। वही सुखदेव भगत के समर्थकों ने स्थानीय उम्मीदवार की मांग पर जमकर नारेबाजी की। समर्थकों ने इस मामले को लेकर शक्ति प्रदर्शन भी किया है।

सांसद सुखदेव भगत ने कहा, लोहरदगा सीट कोई चारागाह नही है। इस बार स्थानीय की मांग कांग्रेस कार्यकताओं की है। कांग्रेस आलाकमान से मिल कांग्रेस कार्यकताओं की भावना से अवगत कराकर स्थानीय प्रत्याशी की मांग किया जाएगा। इस मामले पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा मामला पार्टी की जिला स्तरीय कार्यकारणी की रायसुमारी बैठक आयोजित किया गया था। पर्यवेक्षक स्थानीय नेताओं और कार्यकताओं की रायसुमारी संबंधी विवरण प्रदेश आलाकमान को भेजा जाएगा। इस बैठक में पर्यवेक्षक अमरजीत भगत, जिला अध्यक्ष सुखेर भगत समेत कांग्रेस के कई बड़े और रसूखदार नेता मौजूद थे।

# परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर में 55वां राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता और सामुदायिक सेवा पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य फादर इनोसेंट कुजूर दीप प्रज्वलन एवम पौधा रोपण कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया फिर फिर स्वयसेवको ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए,कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार ने एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से सामुदायिक कल्याण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। अपने संबोधन में उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों की समाज सेवा में भूमिका को रेखांकित किया और स्वच्छता अभियानों सहित अन्य सामाजिक पहल में छात्रों की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने व्यक्तिगत और सामुदायिक जीवन में स्वच्छता के महत्व पर अपने विचार साझा किए और स्वच्छता ही सेवा अभियान से प्रेरणा लेते हुए स्वच्छता की ओर जागरूकता का संदेश दिया।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर शिविर का किया जा रहा है जगह-जगह आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**

राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर जगह - जगह शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिससे कई लोग लाभान्वित भी हों रहे हैं तो कई लोगों को इससे कोई लाभ मिलता नहीं दिख रहा। इसको लेकर जहां सरकार के लोग हेमंत सरकार की पीठ थपथपा रहे हैं वहीं विपक्ष इसे जनता को ठगने वाली योजना बता रहा है। इसी को लेकर तिसरी प्रखंड अंतर्गत खिजुरी पंचायत में मंगलवार को आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर का स्थानीय सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा जिला मंत्री मनोज यादव ने जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शिविर में आए लोगों से उनकी समस्या और समाधान के बारे में बातचीत की। शिविर में पेंशन और राशन कार्ड बनवाने आए लोगों ने उन्हें अपनी समस्या बतलाई। पंचायत के आरपत्थर गांव के रहने वाले 65 वर्षीय विकलांग बुधु हांसदा, उनकी 62 वर्षीय पत्नी ननकी मरांडी व एक अन्य महिला 65 वर्षीय बड़की टुडू को अबतक पेंशन योजना का लाभ नहीं मिला है। इन लोगों ने बतलाया कि सरकार आपके द्वारा के तीनों शिविर में इनलोगों ने आवेदन दिया लेकिन उन्हें अभी तक पेंशन नहीं मिल पाया। इसके अलावे खिजुरी निवासी प्रवीण विश्वकर्मा ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी गीता देवी के नाम से राशन कार्ड बनवाने के लिए 3 बार आवेदन दिया है लेकिन आज तक उनका राशन कार्ड नहीं बना। उन्होंने कहा कि 22 दिसम्बर 2023,9 जनवरी 2024 और इस शिविर में पुनः आवेदन दे चुका हूं। इस मामले को लेकर उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी आवेदन दिया है। इसको लेकर पेंशन के लिए आवेदन देने वाले विकलांग बुधु हांसदा ने कहा कि विकलांग होने के बावजूद वे 2 किलोमीटर दूर से आते हैं और शिविर में आवेदन दे जाते हैं बावजूद इसके उन्हें अबतक पेंशन नहीं मिल रहा। वहीं इन मामलों को लेकर जिला मंत्री मनोज यादव ने स्टॉल पर बैठे कर्मी से भी बात की। वहीं उन्होंने मौके से ही प्रखंड विकास पदाधिकारी को फोन किया लेकिन बीडीओ मनीष कुमार ने फोन नहीं उठाया। इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा जिला मंत्री मनोज यादव ने कहा कि सरकार आपके द्वार हेमंत सोरेन द्वारा बनाया गया एक ठग द्वार है, यहां आने वाले आम फरियदी ठगे जाते हैं। 3-3 बार आवेदन देने के बाद भी लोगों का कोई काम नहीं हो रहा है।

# एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर थाना मोड़ के पास चलाया गया सघन वाहन जांच आभियान

**नवीन मेल संवाददाता। जारी**

चैनपुर अनुमंडल के जारी पुलिस ने मंगलवार को थाना मोड सहित विभिन्न स्थानों पर गुमला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया।जारी पुअनि अरुण पांडे के नेत्तृत्व मे एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर थाना मोड़ के पास दो पहिया वाहन,तीन पहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन को रोक कर आवश्यक वाहनों की कागजात एवं डिक्की खुलवा कर डिग्गी की जांच की गई। वहीं हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को फटकार लगाते हुए हेलमेट लगाकर सड़क पर चलने को निर्देश दिया गया।श्री पांडे ने बताया कि सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा।दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी लोग हेलमेट पहने बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन नहीं चलावें नहीं तो होगी कार्रवाई।



## दो किमी की सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनी थी



**जारी।** चैनपुर अनुमंडल के जारी प्रखंड के डुमरटोली गांव से लेकर सिकरी गांव तक बनी दो किमी की सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी है !यह सड़क दो साल पूर्व डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनी थी !परंतु सड़क बनने के साथ ही कई जगहों पर बरसात में सड़क बह गयी. सड़क बहने से प्रखंड के ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय आने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।दो किमी सड़क पर दो जगहों पर जानलेवा गड्ढे बन चुके हैं।एक आधा सड़क बह गयी व दूसरी तरफ हो गया गड्ढा।जगह सड़क का आधा हिस्सा गायब हो चुका है। तो दूसरी ओर पुलिया में सिर्फ छड़ लटक रहा है। इस सड़क में तो कार या बाइक की बात छोड़ दीजिये। पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं है।सड़क ठीक रहने पर सिकरी,रेंगनी टोली, लाहटोली,पाकर टोली, खुंटीटोली,आंवराटोली, बिरकेरा,तिल्हौटोली,पगुरा के ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय पहुंचने में पांच किमी दूरी कम होती थी.लेकिन अब ग्रामीणों को अंबाटोली, बुमतेल घूम कर प्रखंड मुख्यालय आना पड़ता है.ग्रामीण पांडु यादव, आलम खान,अरशद खान, प्रवीण खेरवार,सुशील मिंज, रामप्रकाश गोप ने कहा कि इस सड़क पर चल कर स्कूली बच्चे पैदल या साइकिल से स्कूल जाते हैं। किसी दिन किसी प्रकार की कोई अनहोनी न हो जाये इस बात का डर परिवार वालों को सताते रहता है। कई बार जन प्रतिनिधियों को बोला गया कि इस मामले को जिले तक पहुंचाया जाये। लेकिन किसी ने मामले को ऊपर तक नहीं पहुंचाया।

## आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार का पंचायत स्तरीय शिविर लगाया गया

**जारी।** चैनपुर अनुमंडल अन्तर्गत जारी प्रखंड अंतर्गत जरडा पंचायत में आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तरीय शिविर लगाया गया।शिविर का प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि सोरेन मिंज ने निरीक्षण किया।इस दौरान श्री सोरेन ने शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण किया। शिविर में पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात कर उनसे बातचीत की। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि संदीप सोरेन ने कहा कि योजनाओं का लाभ आमजनों तक पहुंचाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। शिविर का उद्देश्य आमजनों तक योजनाओं को पहुंचाना और समस्याओं का समाधान करना है।वही लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में शामिल होकर योजनाओं का लाभ लेने की भी बात कही।

## पलामू में सड़क पार कर रही छात्रा को पिकअप ने रौंदा, मौत

**पलामू।** नेशनल हाईवे 39 डालटनगंज-रांची मुख्य पथ पर सतबरवा थाना क्षेत्र के पोलपोल में सड़क पार कर रही छात्रा को पिकअप सवारी गाड़ी ने रौंद दिया। गंभीर हालत में उसे एमआरएमसीएच में ले जाया गया, जहां कुछ देर इलाज चलने के बाद उसकी मौत हो गई। छात्रा की पहचान पोलपोल के चक बरेवा निवासी संजय पांडे की 23 वर्षीय पुत्री साक्षी पांडे के रूप में हुई है। बताया जाता है कि साक्षी पांडे मेदिनीनगर कॉलेज जाने के लिए पोलपोल से टेंपो में सवार हुई थी। कुछ देर बाद घर से फोन आया कि रास्ते में कहीं झिंगी का पत्ता मिले तो लेते आना। छात्रा टेम्पो से उतर कर झिंगी का पत्ता तोड़ने के लिए सड़क पार कर रही थी। इस बीच डालटनगंज की ओर से तेज रफ्तार से आ रही पिकअप सवारी गाड़ी ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर हालत में छात्रा को एमआरएमसीएच ले जाया गया, यहां कुछ देर इलाज चलने के बाद उसने दम तोड़ दिया।

### आहर का बांध काटे जाने का मामला

# सीओ को दो माह पूर्व दिया गया था आवेदन, नहीं हुई कार्रवाई

- *मेदिनीनगर सदर अनुमंडल कार्यालय से भी जांच व कार्रवाई को ले 3 सितंबर को भेजा गया है पत्र*
- *दबंगों द्वारा बांध को काट दिए जाने से बरसाती पानी का नहीं हो पाया संचयन*

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार पलामू।** जल संचयन को लेकर केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। गांव में आहार पोखर तालाब का निर्माण कराया जा रहा है। इतना हीं नहीं जल संचयन व बरसाती पानी रोकने को लेकर कई तरकीब अपनाए जा रहे हैं। वहीं नावाबाजार



के ब्रहमोरिया गांव निवासी श्याम नारायण पांडेय के द्वारा गांव के लगभग 100 वर्ष से अधिक पुराना चकला आहर का बांध को जेसीबी से काट कर समतल कर दिया गया। जिसके कारण बरसाती पानी का आहर में संचय नहीं हो पाया। आहार के नीचे पानी नहीं मिलने के कारण खेत परती रह गए धन रोपनी का कार्य नहीं हो सका। इस बावत पीड़ित किसान सच्चिता नंद पांडेय, हिरा नंद पांडेय, शिव पांडेय गोविंद पांडेय, योगेंद्र पांडेय आदि के द्वारा संयुक्त रूप से 26 जुलाई को नावाबाजार अंचल कार्यालय में लिखित शिकायत की थी। लगभग दो माह बीतने के बाद भी अंचल कार्यालय के द्वारा न तो स्थलीय निरीक्षण किया गया और न हीं जिम्मेवार लोगों पर कार्रवाई। इतना ही नहीं मेदिनी नगर सदर एसडीओ कार्यालय के दिनांक 3 सितंबर पत्रांक 155 से भी अंचल कार्यालय को पत्र भेज गया है। साथ हीं निर्देशित किया गया है कि जांच करते हुए नियमानुसार समुचित कार्रवाई करें। बावजूद अंचल कार्यालय की द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। बांध काटकर समतल किए गए जमीन को भी बेच दिया गया है। इस संबंध में जानकारी को लेकर राजस्व कर्मचारी व अंचल निरीक्षक को फोन लगाए जाने पर वह रिसीव नहीं करते।

किसान सच्चिता नंद पांडेय व अन्य लोगों बताया कि बांध की लंबाई लगभग 300 फिट होती है। जिसका अधिकसंख्य जमीन आहार व आहार के नीचे का जमीन इन्हीं किसानों का है। श्याम नारायण पांडेय का आहार के मध्य केवल चार डिसमिल भूखंड था, जो सड़क फोरलेन निर्माण कार्य में अधिग्रहण कर लिया गया है।

## सात गोवंशीय पशु जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद पुलिस ने तस्करी के लिये ले जा रहें एक पिकअप वाहन में लदे सात गोवंशीय पशु को जब्त किया है। इसमें एक बिहार के औरंगाबाद जिला फेसर थाना के चतरा चौरिया गांव निवासी कन्हैया यादव तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव को गुप्त सूचना मिली थी कि दंगवार बस स्टैंड के पास एक पिकअप वाहन में गोवंशीय पशु को बूचड़ खाने ले जाया जा रहा है। इसके सत्यापन के लिए दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता को सूचना दी, सूचना मिलते ही दंगवार ओपी पुलिस उक्त स्थल पर पहुंचकर पिकअप वाहन चालक से वाहन और पशुओं के बारे में कागजात की मांग की। लेकिन चालक द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। पुलिस ने पिकअप को जब्त कर थाना ले आई। उस पिकअप वाहन से दो गाय, एक बछड़ा, एक भैंस, तीन भैंस का बच्चा बरामद किया गया।

## 27 को शिवराज सिंह चौहान गारू कोटाम में करेंगे जनसभा

**गारू।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 27 सितंबर को लातेहार जिले के गारू प्रखंड के कोटाम गांव में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम विकास भारती संस्था के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें गारू प्रखंड के कई गांवों से सैकड़ों किसान भाग लेंगे। इस जनसभा का मुख्य उद्देश्य किसानों को केंद्र सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी देना और उनकी समस्याओं पर संवाद करना है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन०आर०ई०पी०,खूँटी**

**सूचना**

इस कार्यालय का अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–2 वर्ष–2024–25, जिसका पी. आर. सं०–336027 NREP(24-25)_D है,को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन.आर.ई.पी.,खूँटी।

PR 336891 (NREP) 24-25 (D)

## छः माह बाद भी गोदाम में पड़ा हैं पीएम गरीब कल्याण योजना का बोर्ड




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** केंद्र सरकार के माध्यम से संचालित प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना की जानकारी और पारदर्शिता को लेकर सरकार के माध्यम से लगभग छह माह पूर्व बोर्ड की आपूर्ति गोदाम में की गई थी, पर गोदाम प्रबंधक सर्वेश सिंह के द्वारा अब तक जन वितरण प्रणाली केंद्र को बोर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया। वहीं मंगलवार को भाजपा नेता सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, उपाध्यक्ष सुनील सिंह ने गोदाम पहुंच कर जायजा लिया और पाया की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का दर्जनों बोर्ड जन वितरण प्रणाली केंद्र के जगह गोदाम में बेकार हो कर धीरे धीरे टूट रहें हैं। वहीं मामले को लेकर कन्हाई प्रसाद ने नाराजगी व्यक्त करते हुए विभाग पर जान बुझ कर केंद्र की योजनाओं की जानकारी लाभुकों से छुपाने के उद्देश्य से बोर्ड को अब तक न लगाए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा की पुरे मामले को लेकर माननीय सांसद और अधिकारियो को अवगत कराया जाएगा ताकि ऐसे मामले में दोषियों पर उचित कार्रवाई हो सके। वहीं मौके पर उज्ज्वल प्रसाद, दिलीप पासवान, अनिल ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे।

### प्रभारी एमो को नही पता की बोर्ड में लिखा क्या है?

बरवाडीह प्रखंड में पदस्थापित प्रभारी जनवितरण पदाधिकारी अरविंद कुमार रवि से दूरभाष के माध्यम से इसकी जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा की मुझे इसकी जानकारी नहीं है देख लेते है बोर्ड में क्या लिखा हुआ है। उन्होंने कहा की पीएमएवाई राशन अभी नही आ रहा है हो सकता है इसके लिए बोर्ड को नही दिया गया होगा। उन्होंने कहा की गोदाम प्रबंधक सर्वेश सिंह से इसकी जानकारी लेते है।

## भाजपा ने छत्तरपुर में किया परिवर्तन यात्रा व विशाल जनसभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। छत्तरपुर पलामू**

छतरपुर नगर पंचयात स्थित हाई स्कूल के मैदान में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के परिवर्तन यात्रा व विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी उपस्थित रहीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा हेमंत सोरेन के वादा खिलाफी के लिए चलाई जा रही है यह परिवर्तन यात्रा झारखंड में परिवर्तन लाने के ख्याल से यह परिवर्तन यात्रा माताएं बहने युवा वर्ग किसान बेरोजगार युवक यूतियां तथा दबे कुछले लोगों की आवाज बुलंद करने के लिए चलाई जा रही है। उन्होंने कहा है कि हेमंत सोरेन ने वादा किया था की महिलाओं को चूल्हा खर्च के रूप में 2000 देंगे, उन्होंने कहा था 5 लाख युवाओं को रोजगार देंगे अगर अगर नहीं देंगे तो उन्हें बेरोजगारी भत्ता के रूप में 5000 प्रतिमाह देंगे इत्यादि बहुत तरह के फायदे किए गए थे परंतु मैं आप लोगों से यह पूछना चाहती हूं कि यह सब कुछ मिला क्या? चुनावी फायदा लेने के लिए उन्होंने मइयां समान योजना लागू किया। कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो वादा करती है उसे उसे पूरा भी करती है। पार्टी के 10 साल के कार्यकाल को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के जनता तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया। कहा झारखंड में गठबंधन का सरकार नहीं ठग बंधन का सरकार है जिसने भोली भाली जनता को ठग रखा है।कार्यक्रम में उपस्थित विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि छतरपुर को जिला बनाने की मांग को लेकर हम लोग 4 साल से परेशान हैं। लेकिन हेमंत सोरेन के उदासीन रवैया के चलते यह काम अभी तक लटका हुआ है।वहीं पूर्व सांसद घूरन राम ने कहा कि झारखंड सरकार ने लोगों को ठगने का काम किया है युवाओं को ठगने का काम किया है बेरोजगारी बधाई चरम सीमा पर है।

## हुसैनाबाद विधायक ने दी पांच और सड़कों की सौगात

**नवीन मेल संवाददाता। हुसैनाबाद**

स्थानीय विधायक की अनुशंसा पर ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज की पांच सड़कों की स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिन सड़कों को स्वीकृति मिली है, उसमें पंचायत कोलहुआ सोनबरसा में बीर धवर पुल से बिहरा पुल तक, ग्राम पंसा महावीर मंदिर से कोयल नदी तक, मंझौली मेन रोड से बरवाडीह हरिजन टोला तक, पंचायत महुअरी नबीनगर मेन रोड से ग्राम बसारी पीडब्लूडी पथ तक व हैदर नगर देवी धाम शिव मंदिर से जमुआ खुर्द होते हुए रतनबीघा तक पथ निर्माण शामिल है। विधायक ने कहा कि उन्हें अब तक जितनी सड़कों ,पुल पुलिया का प्रस्ताव ग्रामीणों से प्राप्त हुआ, उन्होंने अपने अथक प्रयास से उसे स्वीकृत कराने का काम किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सभी ग्रामीण सड़कों का निर्माण दुर्गा पूजा तक पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकांश का काम पूरा हो गया है।कुछ सड़कों पर निर्माण का काम चल रहा है। अन्य पर कुछ दिनों में कार्य शुरू हो जायेगा। स्वीकृत पांच सड़कों का जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया होने के बाद कार्य शुरू करा दिया जायेगा।



## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

67वीं औपबंधिक सूची
जिला– हजारीबाग (पार्ट–4)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20042021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री सुखदेव प्रजापति द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से की गयी अनुशंसा एवं चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री सुखदेव प्रजापति एवं राम प्रवेश सिंह द्वारा माननीय सदस्यद्वय के समक्ष दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 181. | 1 आवेदन क्र0–3386/24<br>2 आवेदक–विजय प्रसाद मेहता , पिता–वासुदेव महतो<br>3 ग्राम–रतनपुर , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें नाक पर चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 182. | 1 आवेदन क्र0–3387/24<br>2 आवेदक–अशोक प्रसाद कुशवाहा , पिता–गुदर महतो<br>3 ग्राम–सिरसी , पोस्ट–बरियठ , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–पेट पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 183. | 1 आवेदन क्र0–3388/24<br>2 आवेदक–डेगलाल प्रसाद मेहता , पिता–भुनेश्वर प्रसाद मेहता<br>3 ग्राम–मंगुरा , पोस्ट–करियातपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 184. | 1 आवेदन क्र0–3389/24<br>2 आवेदक–निर्मल प्रसाद , पिता–बालेश्वर महतो<br>3 ग्राम–मंगुरा , पोस्ट–मंगुरा , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 185. | 1 आवेदन क्र0–3390/24<br>2 आवेदक–बुद्धदेव प्रसाद मेहता , पिता–स्व0 मोती महतो<br>3 ग्राम–मंगुरा , पोस्ट–मंगुरा , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 186. | 1 आवेदन क्र0–3391/24<br>2 आवेदक–सहदेव महतो , पिता–बोधो महतो<br>3 ग्राम–मंगुरा , पोस्ट–मंगुरा , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 187. | 1 आवेदन क्र0–3392/24<br>2 आवेदक–सहदेव प्रसाद महतो , पिता–गणेश नारायण मेहता<br>3 ग्राम–मंगुरा , पोस्ट–करियातपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 188. | 1 आवेदन क्र0–3393/24<br>2 आवेदक–बैजनाथ महतो , पिता–स्व0 खेमलाल मेहता<br>3 ग्राम–मंगुरा , पोस्ट–करियातपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 189. | 1 आवेदन क्र0–3394/24<br>2 आवेदक–मालती , पति–वजीर महतो<br>3 ग्राम–बरका खुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–महलिा , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाये पैर पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 190. | 1 आवेदन क्र0–3395/24<br>2 आवेदक–जयनाथ प्रसाद महथा , पिता–ठाकुर प्रसाद महथा<br>3 ग्राम–नवाडीह , पोस्ट–कुटीपीसी , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 191. | 1 आवेदन क्र0–3396/24<br>2 आवेदक–मुन्सी प्रसाद मेहता , पिता–खेदन महतो<br>3 ग्राम–जगडा , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–नाक पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 192. | 1 आवेदन क्र0–3397/24<br>2 आवेदक–गोविन्द प्रसाद मेहता , पिता–दुलो महतो<br>3 ग्राम–गुंजा , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें अंगुठे पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 193. | 1 आवेदन क्र0–3398/24<br>2 आवेदक–प्रदीप प्रसाद , पिता–बिरेन्द्र महतो<br>3 ग्राम–गुंजा , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आँख पर दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 194. | 1 आवेदन क्र0–3399/24<br>2 आवेदक–केदार प्रसाद मेहता , पिता–लालो महतो<br>3 ग्राम–मंगुरा , पोस्ट–करियातपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरुष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह– दायें पैर पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 195. | 1 आवेदन क्र0–3400/24<br>2 आवेदक–संजय यादव , पिता–स्व0 जानकी यादव<br>3 ग्राम–कालाद्वार , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–स्पष्ट नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 196. | 1 आवेदन क्र0–3401/24<br>2 आवेदक–हरी प्रसाद मेहता , पिता–बद्री महतो<br>3 ग्राम–करर , पोस्ट–सरैया , थाना–पदमा ओ0पी0 , प्रखण्ड–पदमा<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें कान पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 197. | 1 आवेदन क्र0–3402/24<br>2 आवेदक–रघु महतो , पिता–वीरू महतो<br>3 ग्राम–घाघरा खुर्द , पोस्ट–पुनाई , थाना–दारू , प्रखण्ड–दारू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आँख के उपर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री राम प्रवेश सिंह द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से की गयी अनुशंसा एवं चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री सुखदेव प्रजापति , चन्द्रनाथ भाई पटेल एवं राम प्रवेश सिंह द्वारा माननीय सदस्यद्वय के समक्ष दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 198. | 1 आवेदन क्र0–3403/24 2 आवेदक–इन्द्रदेव प्रसाद मेहता , पिता–स्व0 बेनी महतो<br>3 ग्राम–रतनपुर , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह– गर्दन के बायें तरफ तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 199. | 1 आवेदन क्र0–3404/34 2 आवेदक–वजीर प्रसाद मेहता , पिता–स्व0 वाजो महतो<br>3 ग्राम–वरका खुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरुष , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–स्पष्ट नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 200. | 1 आवेदन क्र0–3405/24 2 आवेदक–अंजनी देवी , पति–जयलाल महतो<br>3 ग्राम–मंगुरा , पोस्ट–करियातपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–महलिा , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें हाथ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 201. | 1 आवेदन क्र0–3406/24 2 आवेदक–परमानन्द कुमार , पिता–स्व0 नुनु महतो<br>3 ग्राम–रतनपुर , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाया जांघ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 202. | 1 आवेदन क्र0–3407/24 2 आवेदक–सुरेश प्रसाद मेहता , पिता–स्व0 कमल महतो<br>3 ग्राम–असिया , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें गर्दन पर ऐला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 203. | 1 आवेदन क्र0–3408/24 2 आवेदक–कैलाश प्रसाद मेहता , पिता–जितेश्वर महतो<br>3 ग्राम–असिया , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–लिलार पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 204. | 1 आवेदन क्र0–3409/24 2 आवेदक–मनोज कुमार मेहता , पिता–रोहन महतो<br>3 ग्राम–सुरजपुरा , पोस्ट–पदमा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 205. | 1 आवेदन क्र0–3410/24 2 आवेदक–गेन्दो महतो , पिता–स्व0 गोवर्धन महतो<br>3 ग्राम–असिया , पोस्ट– ईचा , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें हाथ पर जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 206. | 1 आवेदन क्र0–3411/24 2 आवेदक–जवाहरलाल महतो , पिता–सेवा महतो<br>3 ग्राम–असिया , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष , पहचान चिन्ह–मुँह पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 207. | 1 आवेदन क्र0–3412/24 2 आवेदक–महेन्द्र महतो , पिता–स्व0 लोकी महतो<br>3 ग्राम–असिया , पोस्ट–इचाक , थाना–इचाक , प्रखण्ड–इचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें पैर पर जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 208. | 1 आवेदन क्र0–3413/24 2 आवेदक–जयलाल महतो , पिता–स्व0 जयनाथ महतो<br>3 ग्राम–मंगुरा , पोस्ट–करियातपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें हाथ पर जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 209. | 1 आवेदन क्र0–3414/24 2 आवेदक–विनय प्रसाद मेहता , पिता–स्व0 मोती महतो<br>3 ग्राम–असिया , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी दुलारचन्द प्रसाद एवं मेघलाल साव द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन में दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 210. | 1 आवेदन क्र0–3415/24 2 आवेदक–करीम उद्दीन , पिता–स्व0 इदरीश मियाँ<br>3 ग्राम–नवादा , पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष , पहचान चिन्ह–आँख के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 211. | 1 आवेदन क्र0–3416/24 2 आवेदक–ईस्माइल अंसारी , पिता–स्व0 मियांजान मियाँ<br>3 ग्राम–नवादा , पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष , पहचान चिन्ह–चेहरा के बाई तरफ कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 212. | 1 आवेदन क्र0–3417/24 2 आवेदक–कुर्बान अंसारी , पिता–इदरीस अंसारी<br>3 ग्राम–नवादा , पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आँख में लहसन। | कंडिका–2(ix) |
| 213. | 1 आवेदन क्र0–3418/24 2 आवेदक–सबीर अंसारी , पिता–सहबान अंसारी<br>3 ग्राम–नवादा , पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 214. | 1 आवेदन क्र0–3419/24 2 आवेदक–अली हुसैन , पिता–कसमली मियाँ<br>3 ग्राम–नवादा , पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल के ऊपर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 215. | 1 आवेदन क्र0–3420/24 2 आवेदक–मो0 अकबर अली , पिता–अबुल मियाँ<br>3 ग्राम–नवादा , पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 216. | 1 आवेदन क्र0–3421/24 2 आवेदक–गुलाम रसूल , पिता–स्व0 सुकर मियाँ<br>3 ग्राम–नवादा , पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाई आँख के ऊपर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 217. | 1 आवेदन क्र0–3422/24 2 आवेदक–मसोमत रधिया , पति–स्व0 पुरन राम<br>3 ग्राम–भलूवा , पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4 लिंग–महिला , आयु–65 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने माथा में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री जगत महतो एवं कार्तिक महथा द्वारा माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 218. | 1 आवेदन क्र0–3677/24 2 आवेदक–राजेश कुमार , पिता–जगदीश महतो<br>3 ग्राम–बासाडीह , पोस्ट–जरबा , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–39 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 219. | 1 आवेदन क्र0–3678/24 2 आवेदक–पुर्णिमा देवी , पति–राजेश कुमार<br>3 ग्राम–बासाडीह , पोस्ट–जरबा , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–महिला , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मंगलदेव महतो एवं दशरथ महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन में दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 220. | 1 आवेदन क्र0–3138/24<br>2 आवेदक–राजकुमार महतो , पिता–राथो महतो<br>3 ग्राम–बलसगरा , पोस्ट–बलसगरा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–डाडी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 221. | 1 आवेदन क्र0–3139/24<br>2 आवेदक–बंशी महतो , पिता–स्व0 सुधु महतो<br>3 ग्राम–बलसगरा , पोस्ट–बलसगरा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–डाडी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 222. | 1 आवेदन क्र0–3140/24<br>2 आवेदक–लालधरी महतो , पिता–स्व0 भुला महतो<br>3 ग्राम–बलसगरा , पोस्ट–बलसगरा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–डाडी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 223. | 1 आवेदन क्र0–3141/24<br>2 आवेदक–नरेश कुमार महतो , पिता–बिशुन महतो<br>3 ग्राम–बलसगरा , पोस्ट–बलसगरा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–डाडी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 224. | 1 आवेदन क्र0–3142/24<br>2 आवेदक–बसंत कुमार प्रजापति , पिता–बाबूलाल प्रजापति<br>3 ग्राम–हुवांग जकरीना टोला , पोस्ट–बलसगरा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–डाडी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 225. | 1 आवेदन क्र0–3143/24<br>2 आवेदक–अब्बदुल जब्बर , पिता–दिलदार हुसैन<br>3 ग्राम–बलसगरा , पोस्ट–बलसगरा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–डाडी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 226. | 1 आवेदन क्र0–3144/24<br>2 आवेदक–चन्द्रबली महतो , पिता–स्व0 डोमन महतो<br>3 ग्राम–बासाडीह , पोस्ट–जरबा , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 227. | 1 आवेदन क्र0–3145/24<br>2 आवेदक–सुरेश कुमार महतो , पिता–रामेश्वर महतो<br>3 ग्राम–बलसगरा , पोस्ट–बलसगरा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–डाडी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 228. | 1 आवेदन क्र0–3146/24<br>2 आवेदक–बिहारी महतो , पिता–धुमा महतो<br>3 ग्राम–बलसगरा , पोस्ट–बलसगरा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–डाडी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 229. | 1 आवेदन क्र0–3147/24<br>2 आवेदक–निरंजन महतो , पिता–स्व0 घुमालाल महतो<br>3 ग्राम–बलसगरा , पोस्ट–बलसगरा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–डाडी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 230. | 1 आवेदन क्र0–3148/24<br>2 आवेदक–बासुदेव महतो , पिता–धुमा महतो<br>3 ग्राम–बलसगरा , पोस्ट–बलसगरा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–डाडी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 231. | 1 आवेदन क्र0–3149/24<br>2 आवेदक–बालदेव महतो , पिता–स्व0 फतु महतो<br>3 ग्राम–बलसगरा , पोस्ट–बलसगरा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–डाडी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 232. | 1 आवेदन क्र0–3150/24<br>2 आवेदक–अख्तर अंसारी , पिता–स्व0 दिलदार हुसैन<br>3 ग्राम–हुवांग , पोस्ट–बलसगरा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–डाडी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु– वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 233. | 1 आवेदन क्र0–3151/24<br>2 आवेदक–सुषमा देवी , पति–स्व0 सुबेदार महतो<br>3 ग्राम–बलसगरा , पोस्ट–बलसगरा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–डाडी<br>4 लिंग–महिला , आयु–41 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 234. | 1 आवेदन क्र0–3152/24<br>2 आवेदक–नारायण महतो , पिता–स्व0 विश्वनाथ महतो<br>3 ग्राम–होन्हेमोढ़ा , पोस्ट–चैनपुर , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–डाडी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 235. | 1 आवेदन क्र0–3153/24<br>2 आवेदक–गणेश महतो , पिता–स्व0 रामेश्वर महतो<br>3 ग्राम–रिकवा , पोस्ट–डाड़ी , थाना–गिद्दी , प्रखण्ड–डाडी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 236. | 1 आवेदन क्र0–3154/24<br>2 आवेदक–बलु मांझी , पिता–स्व0 दिनू मांझी<br>3 ग्राम–पटरंगी , पोस्ट–बलसगरा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–डाडी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 237. | 1 आवेदन क्र0–3155/24<br>2 आवेदक–बिजल करमाली , पिता–स्व0 चन्द्र करमाली<br>3 ग्राम–बलसगरा , पोस्ट–बलसगरा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–डाडी<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांया कान में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 238. | 1 आवेदन क्र0–3156/24<br>2 आवेदक–जगदेव महतो , पिता–स्व0 कैला महतो<br>3 ग्राम–बासाडीह , पोस्ट–जरबा , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4 लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 336667 Home (24-25)_D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## राष्ट्रपति ने एएसओएसएआई सभा के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित, कहा




# लेखा परीक्षा से शासन में जनता का बढ़ता है विश्वास

नवीन मेल संवाददाता

### सार्वजनिक संसाधनों का प्रबंधन पूरी ईमानदारी के साथ हो

राष्ट्रपति ने कहा कि वित्तीय दुनिया अक्सर अपारदर्शी लेखा प्रथाओं से घिरी रहती है। इस स्थिति में, स्वतंत्र सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थानों की भूमिका यह देखना है कि सार्वजनिक संसाधनों का प्रबंधन कुशलतापूर्वक, प्रभावी ढंग और पूरी ईमानदारी के साथ किया जाए। एसएआई द्वारा किए गए लेखा परीक्षा और मूल्यांकन न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा करते हैं, बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी बढ़ाते हैं।

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि लेखा परीक्षा संस्थाओं द्वारा लेखा परीक्षा और मूल्यांकन से न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा होती है, बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी बढ़ता है। राष्ट्रपति नई दिल्ली में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा आयोजित 16वीं एशियाई सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थान संगठन (एएसओएसएआई) सभा के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं।


इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत का कैग देश के सार्वजनिक वित्त में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह अकारण नहीं था कि भारतीय संविधान ने कैग के कार्यालय को व्यापक अधिकार और पूर्ण स्वायत्तता प्रदान की है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि कैग का कार्यालय संविधान निमार्ताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरा है। यह नीति संबंधी और नैतिक आचरण की एक सख्त संहिता का पालन करता है, जो इसके कामकाज में सर्वोच्च स्तर की ईमानदारी सुनिश्चित करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के ऑडिट का कार्य पारंपरिक ऑडिटिंग से आगे बढ़कर जन कल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं की प्रभावशीलता का आकलन करना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे सभी नागरिकों को समान रूप से सेवा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि तेजी से प्रौद्योगिकी-संचालित दुनिया में, अधिक से अधिक सार्वजनिक सेवाएं प्रौद्योगिकी का उपयोग करके प्रदान की जा रही हैं। इसलिए, ऑडिट को अपने निरीक्षण कार्यों को प्रभावी ढंग से करने में सक्षम होने के लिए तकनीकी विकास के साथ बने रहने की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज हम ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डाटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग और भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी जैसी उभरती डिजिटल प्रौद्योगिकियां आधुनिक शासन की रीढ़ बन रही हैं। डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) नागरिकों को प्रदान की जाने वाली डिजिटल अर्थव्यवस्था और सेवाओं के कामकाज को समर्थन देने और बढ़ाने के लिए आधार के रूप में कार्य करती है। डिजिटल पहचान से लेकर ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म तक, डीपीआई में सार्वजनिक सेवाओं और वस्तुओं की डिलीवरी में क्रांति लाने की क्षमता है, जिससे वे अधिक सुलभ, कुशल और समावेशी बन सकें।

राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में महिलाओं और समाज के कमजोर वर्गों की डिजिटल तकनीकों तक पहुंच कम है, डिजिटल कौशल विकसित करने के कम अवसर हैं और डिजिटल अर्थव्यवस्था में उनका प्रतिनिधित्व कम है। यह विभाजन न केवल आवश्यक सेवाओं तक उनकी पहुंच को सीमित करता है, बल्कि असमानता को भी बढ़ाता है। यहीं पर सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थानों (एसएआई) की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। लेखा परीक्षकों के रूप में, उनके पास यह सुनिश्चित करने की अनूठी जिम्मेदारी और अवसर है कि डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को इस तरह से डिजाइन और कार्यान्वित किया जाए, जो सभी के लिए समावेशी और सुलभ हो।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के कैग संस्थान का सार्वजनिक लेखा-परीक्षण का समृद्ध इतिहास रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 16वीं एएसओएसएआई सभा के मेजबान के रूप में एसएआई इंडिया के पास सभा में एकत्रित विद्वानों के विचार-विमर्श में बहुत कुछ प्रस्तुत करने को होगा। उन्होंने 2024 से 2027 की अवधि के लिए एएसओएसएआई की अध्यक्षता संभालने के लिए एसएआई इंडिया को बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत के कैग के कुशल नेतृत्व में, एएसओएसएआई सदस्यों के बीच अधिक सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देते हुए नई ऊंचाइयों को छुएगा। इस अवसर पर भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक गिरीश चंद्र मुर्मू, उप नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के एस सुब्रमण्यन सहित अनेक गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

## यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता के प्रति पीएम मोदी के समर्थन का आभारी हूं : जेलेंस्की

एजेंसी




**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति 'स्पष्ट समर्थन' के लिए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। दोनों नेताओं ने भविष्य के संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन से इतर न्यूयॉर्क में मुलाकात की। एक्स पर एक पोस्ट में, जेलेंस्की ने बातचीत के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, यह इस साल हमारी तीसरी द्विपक्षीय बैठक है। हम विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। जेलेंस्की ने लिखा, हमारी बातचीत का मुख्य फोकस अंतरराष्ट्रीय मंचों, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र और जी-20 में हमारी बातचीत को बढ़ाने के साथ-साथ शांति सूत्र को लागू करने और दूसरे शांति शिखर सम्मेलन की तैयारी करने पर था।

## जापान में 5.9 तीव्रता का भूकंप

### इजू द्वीप के आसपास कांपी धरती, आधे घंटे बाद आई सुनामी

एजेंसी



**टोक्यो।** बरसात और भूस्खलन से कई दिन से बेहाल जापान के लोगों को मंगलवार को इजू द्वीप समूह के आसपास भूकंप के झटकों का सामना करना पड़ा। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.9 दर्ज की गई। भूकंप आने की वजह ज्वालामुखी गतिविधि बताई गई है। भूकंप के बाद सुबह सुदूर जापानी द्वीपों पर मध्यम दर्जे की सुनामी आई। द जापान टाइम्स की खबर के अनुसार, देश की मौसम विज्ञान एजेंसी ने भूकंप आने के बाद आगाह किया कि इजू और ओगासावारा द्वीप श्रृंखला के तटों पर ज्वार के स्तर से एक मीटर ऊपर तक की लहरें उठ सकती हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता 5.6 मापी है। इजू समूह के द्वीपों पर लगभग 21,500 और ओगासावारा द्वीप समूह पर लगभग 2,500 लोग रहते हैं। जापान में बरसात और भूस्खलन से भी भारी तबाही हुई है। आज भी राहत और बचाव का काम चल रहा है। लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

भूकंप आने के लगभग 30 मिनट बाद हचिजो द्वीप पर याने जिले में लगभग 50 सेंटीमीटर की सुनामी का पता चला। तीन अन्य द्वीपों कोजुशिमा, मियाकेजिमा और इजू और ओशिमा पर कम ऊंची लहरें उठीं। भूकंप का असर हचिजो द्वीप से लगभग 180 किलोमीटर दक्षिण में दिखा। यह स्थान राजधानी टोक्यो से लगभग 300 किलोमीटर दक्षिण में है। जापान प्रशांत महासागर को घेरने वाली भूकंपीय रेखा 'रिंग ऑफ फायर' पर स्थित है। जापान के प्रमुख कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने कहा कि सरकार को भूकंप या सुनामी से किसी तरह के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

## अनिद्रा को दूर भगाए योग निद्रा

आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** इन दिनों बहुत से लोग तरह-तरह की चिंता से इतने परेशान रहने लगे हैं कि रात को नींद ही नहीं आ रही। ऐसे लोग यदि योग निद्रा का अभ्यास करें, तो उनको कुछ लाभ हो सकता है। इसमें जो योग शब्द है, उसका मतलब है मिलन या एकाग्र सजगता तथा निद्रा का मतलब है गहरी नींद। योग निद्रा में आप सोते नहीं हैं, बल्कि आप सचेत रहते हुए ही आराम की गहरी विश्राम अवस्था में चले जाते हैं, जो आपको अपने सहज ज्ञान, रचनात्मकता व शरीर में ऊर्जा को संरक्षित करने में सक्षम बनाता है। यह मानसिक नींद या नींद की जागरूकता की तकनीक है। यदि आप योग निद्रा ध्यान का अभ्यास रोज करते हैं तो आपका मन व मस्तिष्क दोनों तरोताजा रहते हैं। इस ध्यान में जागरूकता के साथ आराम करना, सहज रहना व सचेतन रूप से शरीर को आराम देना होता है।

यह योग निद्रा योगियों द्वारा विकसित किया गया है, जो कि सोने और जागने के बीच की एक अवस्था है। वास्तव में बेहोश सोने की जगह विश्राम के लाभों को प्राप्त करने का एक तरीका है। आधुनिक समय में, यह तकनीक हमारी आधुनिक व्यस्त जीवन शैली के लिए बहुत लाभ वाली और तनाव दूर करने वाली विधि है। कहा तो यह जाता है कि 30 मिनट की योग निद्रा 3 घंटे की नींद के बराबर होती है। लेकिन, आम आदमी के लिए सच्चाई यह है कि गहरी नींद के बाद बहुत स्फूर्ति महसूस होती है। जहां तक योगासन की बात है, तो किसी भी योगासन की समाप्ति योग निद्रा करके ही की जाती है। इस अभ्यास में शवासन में लेट जाते हैं और चेतना व नींद के बीच आराम करते हुए आराम की स्थिति को बनाए रखते हैं।

कहा जाता है कि योग निद्रा करने से मानसिक नियंत्रण और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। यह हार्मोन को नियंत्रित करने, ग्लूकोज के स्तर को स्थिर करने और पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीएस) को कम करने में मदद करता है। इस ध्यान को कहीं भी किया जा सकता है। लेकिन, योग विशेषज्ञ की देखरेख में करना ज्यादा लाभदायक व सुरक्षित रहता है। योग निद्रा ढीले कपड़े पहनकर किसी खुले व शांत वातावरण में करना उचित रहता है।



### इस तरह कर सकते हैं योग निद्रा का अभ्यास

- योग निद्रा के लिए शव आसन की स्थिति में लेट जाएं।
- अब अपनी आंखें बंद करें और पूरे शरीर को ढीला छोड़ दें। गहरी सांस लें और सांस छोड़े।
- अब धीरे से अपना ध्यान अपने दाहिने पैर के अंगूठे पर ले जाएं। फिर कुछ सेकेंड के लिए यह भाव लाएं कि अंगूठा तनाव रहित हो रहा है और इसके सभी रोग दूर हो रहे हैं। इसके बाद उंगलियों पर ध्यान लगाएं। फिर धीरे से अपना ध्यान दाहिने घुटने, दाहिनी जांघ और दाहिने कूल्हे तक ले जाएं। अब अपने अंदर एक ऊर्जा को महसूस करें।
- इसी तरह अपने बाएं पैर के साथ प्रक्रिया को दोहराएं।
- उसके बाद जननांग क्षेत्र, पेट, नाभि क्षेत्र, छाती से ऊपर की ओर बढ़ते हुए अपने शरीर के अन्य हिस्सों पर भी अपना ध्यान लगाएं।
- अब अपना ध्यान दाहिने कंधे, दाहिने हाथ, हथेलियों और उंगलियों पर ले जाएं। इस प्रक्रिया को अपने बाएं कंधे पर दोहराएं।
- फिर अपना ध्यान गले के चेहरे पर ले जाएं, और अंत में होठ, नाक, कान और सिर की चोटी तक ले जाएं।
- इसके बाद इस प्रक्रिया को वापस से उलटा करना होगा, यानी कि सिर की चोटी से पैर के अंगूठे तक आपको ध्यान लगाना होगा।
- योग निद्रा ध्यान के दौरान सहजता और शांति को महसूस करते हुए अपने शरीर को जागरूक रखें।
- फिर एक गहरी साँस लें और अपने शरीर में संवेदनाओं का निरीक्षण करें। कुछ मिनट के लिए इस अवस्था में आराम करें।
- धीरे-धीरे अपने शरीर और परिवेश के बारे में जागरूक हो जाएं, और कुछ मिनटों तक लेटे रहें।
- अब आप धीरे-धीरे बैठ सकते हैं। इसके बाद धीरे-धीरे अपनी आंखें खोलें।

## एजुकेशन/करियर

एमएससी जियोलॉजी दो साल का पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री कोर्स है। जो इस क्षेत्र के व्यापक पहलुओं और इसके परस्पर जुड़े विषयों जैसे पेलियोन्टोलॉजी, जियोग्राफी, एंथ्रोपोलॉजी आदि को शामिल करता है। जियोलॉजी में मास्टर ऑफ़ साइंस प्रीहिस्टोरिक टाइम्स से पृथ्वी की विभिन्न परतों के अध्ययन को शामिल करता है। समकालीन समय के लिए, यह पूरे वर्षों के विकास का भी एसेसमेंट करता है। यह छात्रों को वातावरण की विविध प्रक्रियाओं और जीवन के विकास में समझ प्रदान करता है। इसके साथ ही आप मिनरलोजी, जियोकेमेस्ट्री, पेट्रोलॉजी आदि जैसे विषयों के बारे में भी इसमें पढ़ते हैं।

### टॉप भारतीय यूनिवर्सिटीज

- बीएचयू, वाराणसी
- एसपीपीयू, पुणे
- एमजीयू, कोट्टायम
- बनस्थली विद्यापीठ, जयपुर
- मुंबई यूनिवर्सिटी, मुंबई
- मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी, उदयपुर
- प्रेसिडेंसी कॉलेज, कोलकाता
- गॉसनर कॉलेज, रांची
- देवगिरी यूनिवर्सिटी, कोलकाता
- सेंट जेवियर्स कॉलेज



# एमएससी जियोलॉजी में बना सकते है अपना करियर

### एमएससी जियोलॉजी क्यों करें

- इस कोर्स में छात्रों को ठोस पृथ्वी से संबंधित पृथ्वी विज्ञान का अध्ययन करने को मिलेगा। साथ ही जानने को मिलेगा कि किन चट्टानों की रचना की गई है और वह प्रक्रिया जिसके द्वारा वे समय के साथ बदलते हैं।
- एमएससी जियोलॉजी कोर्स में किसी भी स्थलीय ग्रह या प्राकृतिक उपग्रह जैसे मंगल या चंद्रमा की ठोस विशेषताओं का अध्ययन भी शामिल है।
- यह कोर्स यह समझने और सीखने से संबंधित है कि पृथ्वी की पूरी प्रणाली कैसे अपना काम करती है। इसमें भू-आकृतियां, विभिन्न प्रक्रियाएं, घटक और इतिहास शामिल हैं।
- यह कोर्स छात्रों को बिजनेस, कानून, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में करियर के लिए तैयार करता है।
- छात्रों को अपने क्षेत्र में रिसर्च कार्य करने का भी अवसर मिलता है।
- यह जियोलॉजी के बारे में डीप नॉलेज प्रदान करता है।

### स्किल्स

- एक्सीलेंट एनालिटिकल स्किल
- बेसिक इंजीनियरिंग प्रिंसिपल को समझने की क्षमता
- जियोलॉजिकल एंड नेचुरल इन्वायरमेंट को समझने के लिए रुचि
- मैपिंग टेक्निक
- फ्लैक्सिबिलिटी एंड वर्सेटिलिटी
- पेशेंस
- अच्छी साइंटिफिक एंड टेक्निकल स्किल्स
- स्ट्रांग स्पोकन एंड रिटन कम्युनिकेशन स्किल

### मिनरोलॉजी

मिनरोलॉजी, जियोलॉजी का एक उप-क्षेत्र है, जो खनिजों, उनके रसायन विज्ञान, क्रिस्टल संरचना और इसके भौतिक गुणों का अध्ययन करता है। इसमें खनिजों की उत्पत्ति, उनके भौगोलिक वितरण और उनके उपयोग की प्रक्रियाएं भी शामिल हैं। जियोलॉजी के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में, मिनरोलॉजी यह पता लगाता है कि खनिजों का उपयोग विभिन्न रूपों जैसे अयस्क, उर्वरक आदि में कैसे किया जाता है। ये अयस्क विभिन्न महत्वपूर्ण धातुओं जैसे लोहा, एल्यूमीनियम आदि के असंसाधित रूप हैं और इनमें से कुछ अयस्क जैसे चूना पत्थर और ग्रेनाइट का उपयोग किया जाता है। निर्माण सामग्री के रूप में। खनिज विज्ञान इन खनिजों का विश्लेषण उनके मूल गुणों और विभिन्न उद्योगों में उनके उपयोग की पहचान करने के लिए करता है।

**पेट्रोलॉजी :** जियोलॉजी के मूलभूत विषयों में से एक- पेट्रोलॉजी चट्टानों का अध्ययन है और उनका निर्माण कैसे हुआ। यह विषय तीन उप-क्षेत्रों का गठन करता है, अर्थात आग्नेय, अवसादी और कायापलट। चट्टानों की संरचना और बनावट का अध्ययन करने और उनकी उत्पत्ति के बारे में अधिक जानने के लिए पेट्रोलॉजी भू-रसायन और भूभौतिकी के तरीकों का उपयोग करती है। यह क्षेत्र भूविज्ञान का एक महत्वपूर्ण विभाजन है क्योंकि चट्टानें पृथ्वी की मूल परतों का निर्माण करती हैं और सूक्ष्म दृष्टिकोण से पृथ्वी का निर्माण करने वाले तत्वों की समझ का अभिन्न अंग हैं।

**इकोनॉमिक जियोलॉजी :** इकोनॉमिक जियोलॉजी पृथ्वी के खनिजों का अध्ययन है जिनका उपयोग अक्सर औद्योगिक और आर्थिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है। इन सामग्रियों में धातु, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, कोयला आदि शामिल हैं। इकोनॉमिक जियोलॉजी अध्ययन का एक व्यावहारिक क्षेत्र है और जियोलॉजी का एक महत्वपूर्ण उप-क्षेत्र है। इकोनॉमिक जियोलॉजी के विषय में गहराई से जाने पर, आप खनिज इंजीनियरों, पर्यावरण वैज्ञानिकों, संरक्षणवादियों आदि जैसे विविध कैरियर की संभावनाओं का पता लगा सकते हैं।